अधिकतम 24 डिग्री से.
न्यूनतम 09 डिग्री से.
सूर्योदय 7.13
सूर्यास्त 5.23
सोना 24 कैरेट: 1,34,070.00
चांदी (प्रति किलो): 1,98,000
सेंसेक्स : 85,267.66
अमेरिका : 90.58
कैनेडियन : 65.49
आस्ट्रेलिया : 60.19

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित

वर्ष 40 | चंडीगढ़, सोमवार, 15 दिसंबर, 2025 | पौष कृष्ण पक्ष : एकादशी, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक : 345 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ : 12




बातों बातों में मन की बात

उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि

बचपन कितना खूबसूरत था, तब खिलौने जिंदगी थे, और आज देखिए, जिंदगी एक खिलौना है।






## न्यूज़ ब्रीफ

### कांग्रेस ने 'वोट छोड़ गद्दी छोड़' रैली निकाली



**नई दिल्ली (अप्रस)।** दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को कांग्रेस ने 'वोट छोड़ गद्दी छोड़' रैली निकाली। पार्टी सांसद राहुल गांधी ने कहा-पीएम मोदी का कॉन्फिडेंस खत्म हो गया है। अमित शाह के हाथ कांपते हैं। वो जानते हैं कि उनकी चोरी पकड़ी गई है। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इन लोगों ने (केंद्र सरकार) ने हमारा वंदेमातरम् भी चोरी किया है। ये लोग नेहरू-पटेल के बीच दरार पैदा करते हैं। गांधी-नेहरू अंबेडकर पर हमला बोलते हैं। इन गद्दारों को आपको हटाना होगा। वहीं पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि आज न्यायालय पर दबाव है। सारी मीडिया अंबानी-अडाणी की है। कांग्रेस के नेताओं को तरह-तरह के आरोप लगाकर जेल में बंद किया गया। जो उनकी पार्टी में शामिल हो गए, उसे उनकी वॉशिंग मशीन ने साफ कर दिया।

### दिल्ली खुले में कूड़ा जलाने पर 5 हजार रुपए तक का जुर्माना: सीएम

**नई दिल्ली (अप्रस)।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने बढ़ते प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए रविवार को सख्त कदम उठाए हैं। सीएम रेखा गुप्ता ने खुले में कूड़ा जलाने पर 5,000 रुपए तक जुर्माना लगाने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण पर किसी तरह की कोताही नहीं बरतने की बात कही। उन्होंने इसमें लोगों की सहभागिता का अनुरोध भी किया। उन्होंने साफ किया कि नियमों के उल्लंघन करने पर जुर्माने का प्रावधान भी है।




# कांग्रेस ने देश को दीमक की तरह खाने का काम किया : सीएम सैनी

**मुख्यमंत्री, मोहन लाल बड़ौली ने मंत्रियों, विधायकों व पार्टी पदाधिकारियों के साथ सुना अमित शाह का भाषण**

**कहा- वोट चोरी के मुद्दे पर कांग्रेसी बम फुस्स निकले**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 दिसंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल के अटल सभागार में मंत्रियों, विधायकों, जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों सहित करीब 200 पार्टी पदाधिकारयों के साथ बैठकर बड़ी स्क्रीन पर लोकसभा में दिए गए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के भाषणा को सुना। आमित शाह के भाषण को संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा और प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने अंतिम पंक्ति में बैठकर सुना। सभी नेताओं ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के भाषण की जमकर तारीफ की और इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस व राहुल गांधी को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के संवैधानिक ढांचे को बदनाम करने में लगी है। राहुल गांधी झूठ बोलकर देश को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। सैनी ने कहा कि राहुल गांधी ने हरियाणा को टारगेट किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी जिस प्रकार से झूठे आरोप लगा रहे हैं इसका देश 2029 में बड़ा जवाब देने वाला है।



एक सवाल पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस जो वोट चोरी का आरोप लगा रही है वह बेबुनियाद है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने कई सीटें 5 हजार वोटों से भी कम अंतर से जीती है। रोहतक में मात्र 1341, लोहारू में 792, आदमपुर में 1268 वोटों के अंतर से जीती। वहीं सढ़ौरा विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी मात्र 1699, पंचकूला में 1997 वोटों के अंतर से जीते हैं। सीएम सैनी ने कहा कि अगर वोट चोरी होती तो कांग्रेस की ये सीटे भी नहीं आ पाती।

नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस योजनाबद्ध तरीके से देश को गुमराह करने का काम रही है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के लोगों ने पवित्र संविधान को हाथ में लेकर बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया। जब कांग्रेस की हवा निकल गई तो वोट चोरी का मुद्दा लेकर आ गई। उन्होंने कहा कि वोट चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस ने कई बम फोड़े, लेकिन सब फुस्स हो गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगातार वोट चोरी का मुद्दा उठा रही कांग्रेस को संसद में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पूरे विस्तार से जवाब दिया, लेकिन कांग्रेस पार्टी सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं को सलाह देते हुए कहा कि वे भी बड़ी स्क्रीन पर शाह का संसद में दिया हुआ भाषण सुनें। अगर समझ में नहीं आए तो दोबारा से पूछ लें।

### कांग्रेस झूठ का वातावरण बनाकर अपनी राजनीति को सिद्ध करना चाहती है

सीएम सैनी ने कहा कि कांग्रेस झूठ का वातावरण खड़ा कर अपनी राजनीति को सिद्ध करना चाहती है। कांग्रेस पार्टी के घोटालों को गिनाते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के समय में 1948 में जीप घोटाला हुआ जिसे देश का बच्चा-बच्चा जानता है। 1956 में एलआईसी घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला, वाड्रा डीएलएफ घोटाला, हेराल्ड घोटाला को सभी जानते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने देश को दीमक की तरह खाने का काम किया है।

### पीएम ने गरीब व्यक्ति को किस प्रकार से मजबूत किया ये राहुल गांधी नहीं मालूम है

एक सवाल पर बोलते हुए नायब सैनी ने कहा कि पीएम मोदी ने गरीब व्यक्ति को किस प्रकार से मजबूत और सशक्त किया है यह राहुल गांधी नहीं मालूम है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब व्यक्ति को 5 लाख रुपये तक फ्री इलाज की सुविधा दी। उन्होंने कहा कि गरीब व्यक्ति के लिए मकान, स्वच्छ जल, गैस कनेक्शन और अनाज पहुंचाने की व्यवस्था मोदी सरकार ने की है।

**पंजाब में जिला परिषद-ब्लॉक समिति चुनाव**

# प्रत्याशियों की किस्मत बैलेट बॉक्स में कैद

**वोटिंग के दौरान हुई कुछ छुटपुट घटनाएं**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब में रविवार को जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनाव के लिए वोटिंग हुई। सुबह 8 बजे शुरू हुई वोटिंग शाम 4 बजे तक चली। वोटिंग ईवीएम से नहीं बैलेट पेपर के माध्यम से कराई गई है। राज्य के सभी 23 जिलों में जिला परिषद और ब्लॉक समिति के कुल क्षेत्रों में 9,775 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनकी किस्मत ईवीएम नहीं बल्कि बैलेट बॉक्स में कैद हो चुकी है। 17 दिसंबर को अब बैलेट बॉक्स खुलेंगे, जिसके बाद इस युद्ध में कौन हारा कौन जीता का पता चल पाएगा।

इस दौरान कुछ छुटपुट घटनाएं भी सामने आई। अमृतसर में बैलेट पेपर में गड़बड़ी के कारण चुनाव रोकना पड़ा। वहीं, गुरदासपुर में जाली वोट का मामला सामने आया। जिसके चलते 45 मिनट वोटिंग रुकी रही। फिरोजपुर में झड़प हुई और आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार पर हमला कर दिया गया। पंजाब भर में नेताओं के साथ-साथ मुख्यमंत्री भगवंत मान ने संगरूर के गांव मंगवाल में पहुंच अपने मत का प्रयोग किया।



### पठानकोट के गांव मैरा में चुनाव का बहिष्कार

इसके अलावा पठानकोट के गांव मैरा में सुजानपुर-जुगियाल सड़क के निर्माण न होने के विरोध में ग्रामीणों ने ब्लॉक समिति और जिला परिषद चुनावों का पूर्ण बहिष्कार किया। गांव के बूथ नंबर 77 पर एक भी मतदाता वोट डालने नहीं पहुंचा, जिससे मतदान शून्य रहा। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क पिछले 20 वर्षों से जर्जर हालत में है, जिससे 20-25 गांवों के लोगों को भारी परेशानी होती है और हादसे होते रहते हैं। अधिकारियों की अपील के बावजूद ग्रामीण 'सड़क नहीं तो वोट नहीं' के नारे पर अड़े रहे।

### यहां हुई घटनाएं

- चुनाव के दौरान शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने गिद्दड़बाहा के आम आदमी पार्टी (आप) विधायक हरदीप सिंह डिंपी ढिल्लों के भाई सनी ढिल्लों पर बूथ कैप्चरिंग के आरोप लगाए। इसे लेकर निर्वाचन आयोग से शिकायत भी की है। हालांकि विधायक ने आरोप झूठे करार दिए।
- पंजाब कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने भी बूथ कैप्चरिंग के आरोपों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि बूथ से एजेंटों को निकालकर आधा घंटा वोट डाले गए हैं। बठिंडा में भी आप वर्करों पर अकाली नेता गुरप्रताप सिंह की पिटाई का आरोप लगा।
- अमृतसर में राजासांसी के महिमदपुरा में आप और अकाली वर्कर भिड़ गए। इस दौरान कुर्सियों फेंकी गईं और ईंटें चलीं।
- इसके अलावा गुरदासपुर के साधु चक्क में आप और कांग्रेस कार्यकर्ता भिड़ गए। इसमें 3 लोग घायल हुए। वहीं, राजासांसी के गांव महिमदपुरा में आप और शिअद वर्कर भिड़ गए। यहां ईंट-पत्थर चले। इसके बाद करीब आधे घंटे वोटिंग रुकी रही।
- फिरोजपुर के गांव में भी दो पक्षों में पत्थरबाजी हुई। पुलिस ने जाकर मौका संभाला। अमृतसर के राजासांसी में भी आप और अकाली दल वर्करों में झड़प हो गई। बरनाला में भी बैलेट पेपर पर चुनाव चिन्ह न होने की वजह से 3 घंटे वोटिंग रुकी रही।
- फिरोजपुर के गांव फत्तू वाला बीजेपी उम्मीदवार जगदीप पर तेजधार हथियारों से हमला हुआ है। जिसमें वह घायल हो गए। उन्होंने अकाली वर्करों पर मारपीट का आरोप लगाया।
- तरनतारन के पट्टी में कांग्रेस ने आरोप लगाया कि आप वर्करों ने पोलिंग स्टाफ से बैलेट पेपर छीने। प्रदेश के 23 जिलों में 347 जिला परिषदों और 2,838 ब्लॉक समिति के लिए वोटिंग हुई। बैलेट बॉक्स में कुल 9,775 उम्मीदवारों का भाग्य कैद हुआ है।

# आस्ट्रेलिया में यहूदियों पर आतंकी हमला, 12 की मौत

**दो हमलावरों ने किया हमला; पुलिस ने एक को मार गिराया, दूसरा घायल**

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**सिडनी, 14 दिसंबर।** ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर रविवार दोपहर हनुक्का त्योहार मना रहे यहूदियों पर दो हमलवारों ने फायरिंग की। इसमें 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 लोग घायल हो गए। इसके अलावा एक हमलावर भी मारा गया है। पुलिस ने हालात पर काबू पाने के लिए दोनों हमलावरों को गोली मारी। न्यू साउथ वेल्स पुलिस कमिश्नर मल ल्यैनन ने रविवार को कान्फ्रेंस कर इस घटना को आतंकी हमला घोषत कर दिया है। अधिकारियों के मुताबिक एक हमलावर की मौत हो गई है, जबकि दूसरा गंभीर हालत में है। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन इस हमले में बाल-बाल बचे हैं। उन्होंने रेस्त्रां में छिपकर अपनी जान बचाई। उन्होंने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। फायरिंग उस वक्त हुई, जब यहूदी समुदाय के लोग शाम को हनुक्का का जश्न मना रहे थे। हनुक्का यहूदियों के लिए रोशनी का त्योहार है, जिसे आठ दिनों तक मनाया जाता है।

ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन के अनुसार, कम से कम 16 लोगों को अस्पताल ले जाया गया है और घटनास्थल पर अन्य लोगों का इलाज किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने 50 राउंड तक गोलियों की आवाज सुनी है। कैंपबेल परेड के पास जमीन पर लोग पड़े हुए थे। इस बीच ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने इस घटना पर अफसोस जताते हुए कहा, बोंडी के दृश्य चौंकाने और परेशान करने वाले हैं।

### पीएम मोदी ने की निंदा

घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पीड़ित परिवारों के लिए दुख जताया और आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति की प्रतिबद्धता दोहराई। पीएम मोदी ने घटना पर दुख जताते हुए भारत की जनता की ओर से उन परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है।






**गौरव** | **चंडीगढ़ ने हासिल की महत्वपूर्ण उपलब्धि**

# राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2025 में चंडीगढ़ को पहला स्थान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली/ चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रशासन ने ऊर्जा संरक्षण एवं ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (एनईसीए) 2025 के ग्रुप-5 (जिसमें केंद्र शासित प्रदेश एवं विभिन्न राज्य शामिल हैं) में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस 14 दिसंबर के अवसर पर ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया जाता है।



चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु अनेक महत्वपूर्ण एवं दूरगामी कदम उठाए गए हैं, जिनमें सरकारी भवनों में न्यूनतम निर्धारित स्टार रेटिंग वाले उपकरणों की खरीद हेतु अधिसूचना जारी करना, राज्य ऊर्जा दक्षता कार्य योजना (एईईएपी) का निर्माण एवं क्रियान्वयन, ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (एफईबीसी) की अधिसूचना, इलेक्ट्रिक कुकिंग (ई-कुकिंग) को प्रोत्साहन, तथा अन्य मांग-पक्ष प्रबंधन एवं सततता संबंधी पहलें शामिल हैं। इन समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और चंडीगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी प्रदर्शनकर्ता के रूप में स्थापित हुआ है।

यह पुरस्कार स्टेट एनर्जी एफिशिएंसी इंडेक्स (एसईईआई) के आधार पर प्रदान किया गया है, जो ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) द्वारा एलायंस फॉर एनर्जी एफिशिएंट इकोनॉमी (एईईई) के सहयोग से विकसित एक व्यापक राष्ट्रीय मूल्यांकन ढांचा है। यह सूचकांक भवन, उद्योग, परिवहन, नगरपालिका सेवाओं तथा क्रॉस-सेक्टरल पहलों सहित प्रमुख क्षेत्रों में राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के वार्षिक ऊर्जा दक्षता प्रदर्शन का आकलन करता है, जिसमें नीति क्रियान्वयन, संस्थागत व्यवस्थाएं, नवीकरणीय ऊर्जा का अपनाव, अवसंरचना विकास तथा समग्र ऊर्जा दक्षता परिणामों को शामिल किया जाता है। पुरस्कार समारोह विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जहां माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने यह पुरस्कार एच. राजेश प्रसाद, आईएएस, मुख्य सचिव, चंडीगढ़ प्रशासन एवं इंजीनियर सी.बी. ओझा, मुख्य अभियंता, चंडीगढ़ प्रशासन को प्रदान किया।

### 2047 तक नेट ज़ीरो हासिल करना लक्ष्य

ऊर्जा दक्षता एवं संरक्षण से संबंधित विभिन्न पहलों का नेतृत्व इंजीनियरिंग विभाग के अंतर्गत स्थापित एनर्जी मैनेजमेंट सेल (ईएमसी) द्वारा किया जा रहा है, जो चंडीगढ़ प्रशासन का नोडल विभाग है। इस सेल ने विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता पहलों की योजना, क्रियान्वयन एवं निगरानी के साथ-साथ व्यवस्थित डेटा संग्रह, व्यापक संकलन एवं एसईईआई-2025 आकलन हेतु प्रस्तुतीकरण में निर्णायक भूमिका निभाई है। यह राष्ट्रीय सम्मान सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु ऊर्जा दक्षता एवं संरक्षण पहलों को सुदृढ़ करने के प्रति चंडीगढ़ प्रशासन की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है, ताकि वर्ष 2047 तक नेट ज़ीरो लक्ष्य हासिल किया जा सके, जो राष्ट्रीय लक्ष्य 2070 से काफी पहले है।

# चार दशक पुराने औद्योगिक विवादों का समाधान: मान सरकार ने दिया उद्योगपतियों को 'सेकंड चांस'

31 दिसंबर 2025 तक पीएसआईईसी की ओटीएस योजना, 1145 उद्योगपतियों को मिलेगी 410 करोड़ की राहत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 दिसंबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में राज्य सरकार ने उद्योग जगत को बड़ी राहत देते हुए एक ऐतिहासिक वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) योजना की शुरुआत की है। यह योजना उन 1,145 औद्योगिक प्लॉट धारकों के लिए वरदान साबित हो रही है, जो पिछले चार दशकों से बढ़ी हुई भूमि लागत और मूल राशि के भुगतान में डिफॉल्ट होने के कारण कानूनी और वित्तीय संकटों से जूझ रहे थे।

पंजाब स्मॉल इंडस्ट्रीज एंड एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन (पीएसआईईसी) द्वारा लागू की गई यह योजना 31 दिसंबर 2025 तक प्रभावी रहेगी और इससे उद्योगपतियों को लगभग 410 करोड़ रुपये की राहत मिलने की उम्मीद है।

यह पहल न केवल वर्षों पुराने विवादों के समाधान का मार्ग प्रशस्त करेगी, बल्कि पंजाब में औद्योगिक विकास को नई गति देगी और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन में भी सहायक होगी। उद्योग जगत इसे मान सरकार की सबसे साहसिक और उद्योग-समर्थक नीतियों में से एक मान रहा है।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंद ने मुख्यमंत्री भगवंत मान का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि 3 मार्च 2025 को हुई मंत्रिमंडल बैठक में इस योजना को मंजूरी दी गई और मात्र 10 दिनों के भीतर इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई। उन्होंने कहा कि यह सरकार की तेज़ और निर्णायक कार्यशैली का प्रमाण है।

मंत्री सोंद ने कहा, 'यह योजना उन औद्योगिक इकाइयों के लिए नया जीवन है जो दशकों से वित्तीय बोझ के कारण निष्क्रिय पड़ी थीं। मान सरकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह वास्तव में उद्योग-समर्थक सरकार है।'

ओटीएस योजना के तहत डिफॉल्टर औद्योगिक प्लॉट धारकों को केवल 8 प्रतिशत साधारण ब्याज के साथ अपनी बकाया राशि चुकानी होगी, जबकि 100 प्रतिशत दंडात्मक ब्याज पूरी तरह माफ कर दिया गया है। यह छूट उन उद्योगपतियों को भी मिलेगी जिनके प्लॉट पहले ही रद्द किए जा चुके हैं।

सबसे अहम बात यह है कि जिन आवंटियों का प्लॉट रद्द हो चुका है, उन्हें भी बकाया राशि चुकाकर अपने प्लॉट पुनः प्राप्त करने का अवसर दिया गया है। यह 'सेकंड चांस' नीति उन सैकड़ों छोटे और मध्यम उद्योगपतियों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है, जिन्होंने आर्थिक मजबूरियों के कारण अपनी औद्योगिक इकाइयाँ खो दी थीं।

यह योजना 1 जनवरी 2020 से पहले आवंटित सभी औद्योगिक प्लॉट, शेड और आवासीय प्लॉट पर लागू होगी। पीएसआईईसी द्वारा विकसित सभी औद्योगिक फोकल प्वाइंट्स इस योजना के दायरे में आएंगे।

### उद्योग जगत का भरोसा बहाल

लुधियाना से राज्यसभा सांसद और पश्चिम लुधियाना से विधायक संजीव अरोड़ा ने इस योजना को 'गेम चेंजर' करार दिया। उन्होंने बताया कि वे लंबे समय से इस मुद्दे को सरकार के समक्ष उठा रहे थे और कैबिनेट बैठक से पहले मुख्यमंत्री भगवंत मान से मुलाकात कर उद्योगपतियों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया था। अरोड़ा ने कहा, 'यह योजना सिर्फ वित्तीय राहत नहीं है, बल्कि उद्योगपतियों के भरोसे को बहाल करने का माध्यम है। जो लोग वर्षों से अनिश्चितता में जी रहे थे, अब वे आत्मविश्वास के साथ अपने व्यवसाय को पुनर्जीवित कर सकते हैं।'

### जमीनी स्तर पर सकारात्मक असर

राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से इस योजना को लेकर बेहद सकारात्मक प्रतिक्रियाएँ सामने आ रही हैं। जालंधर के एक छोटे उद्योगपति रविंदर सिंह ने बताया कि 2018 में प्लॉट मिलने के बावजूद वे बढ़ी हुई लागत का भुगतान नहीं कर सके और उनका प्लॉट रद्द हो गया था। उन्होंने कहा, 'मुझे लगा सब कुछ खत्म हो गया है, लेकिन इस योजना ने मुझे दोबारा खड़ा होने का मौका दिया है।' मोहाली की उद्योगपति हरदीप कौर ने कहा कि वे पिछले पाँच वर्षों से कानूनी लड़ाई लड़ रही थीं और भारी वकीलों की फीस चुका रही थीं। उन्होंने कहा 'अब हम कानूनी झंझटों से मुक्त होकर अपने व्यवसाय के विस्तार पर ध्यान दे सकेंगे।' उद्योग संघों ने भी इस योजना का स्वागत किया है और अपने सदस्यों से अपील की है कि वे समय रहते इसका लाभ उठाएँ।

### व्यापक आर्थिक प्रभाव

आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि इस योजना से 1,145 उद्योगपतियों को राहत मिलने के साथ-साथ हज़ारों लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। ये औद्योगिक इकाइयाँ सामूहिक रूप से बड़ी संख्या में श्रमिकों को रोजगार देती हैं। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह योजना पंजाब को एक उद्योग-अनुकूल राज्य के रूप में स्थापित करेगी और नए निवेशकों को आकर्षित करेगी। बंद पड़ी इकाइयों के पुनः शुरू होने से राज्य की ग्रॉस स्टेट डोमेस्टिक प्रोडक्ट (जीएसडीपी) में भी वृद्धि होने की संभावना है। पीएसआईईसी को लंबे समय से अटकी बकाया राशि मिलने से उसकी वित्तीय स्थिति मजबूत होगी, जिससे वह भविष्य की औद्योगिक परियोजनाओं में निवेश कर सकेगा।

### सुचारू कार्यान्वयन की व्यवस्था

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पीएसआईईसी ने एक विशेष वर्चुअल हेल्प डेस्क स्थापित की है, जहाँ उद्योगपति आवेदन प्रक्रिया और भुगतान से संबंधित सहायता प्राप्त कर सकते हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि ओटीएस केवल मूल लागत और बढ़ी हुई भूमि लागत पर लागू होगी। मूल राशि में कोई छूट नहीं दी जाएगी, लेकिन दंडात्मक ब्याज की पूर्ण माफी उद्योगपतियों के लिए बड़ी राहत है।

### उद्योग-केंद्रित नीतियों की निरंतरता

मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में लिया गया यह निर्णय सरकार की उद्योग-केंद्रित सोच को दर्शाता है। मान सरकार पहले ही ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, सिंगल विंडो क्लीयरेंस और निवेशक-अनुकूल नीतियों के जरिए उद्योगों को प्रोत्साहित कर चुकी है। ओटीएस योजना को इसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। 31 दिसंबर 2025 की समय-सीमा को देखते हुए उद्योगपतियों से अपील की जा रही है कि वे जल्द से जल्द इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह योजना न केवल वर्तमान समस्याओं का समाधान है, बल्कि भविष्य में एक बेहतर औद्योगिक वातावरण की नींव भी रखेगी। सोशल मीडिया पर इसे 'मान सरकार का उद्योगों को दिवाली गिफ्ट' कहा जा रहा है। यह योजना उन हज़ारों परिवारों के लिए आशा की किरण है, जिनकी आजीविका इन औद्योगिक इकाइयों पर निर्भर है। यदि यह पहल सफल रहती है, तो यह अन्य राज्यों के लिए भी एक अनुकरणीय मॉडल बन सकती है।

# पंजाब ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार-2025 में राज्यों की प्रदर्शन श्रेणी में देशभर में दूसरा स्थान हासिल किया

कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार-2025 समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पुरस्कार प्राप्त किया

ऊर्जा दक्षता बढ़ाने और संरक्षण के लिए पंजाब सरकार के अनुकरणीय प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता: अमन अरोड़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़/नई दिल्ली, 14 दिसंबर।** ऊर्जा दक्षता बढ़ाने और ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार के अनुकरणीय प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। पंजाब राज्य ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार-2025 की 'राज्यों की प्रदर्शन श्रेणी' में देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

पंजाब के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत मंत्री अमन अरोड़ा ने आज दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार-2025 समारोह के दौरान राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से यह महत्वपूर्ण पुरस्कार प्राप्त किया।

पुरस्कार समारोह के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए श्री अरोड़ा ने कहा कि इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के साथ पंजाब ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले देश के शीर्ष राज्यों में शामिल हो गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा इस क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को और सुदृढ़ करने के लिए किए गए प्रयासों का उल्लेख करते हुए बताया कि पंजाब के कृषि क्षेत्र में अब तक 18,000 सौर ऊर्जा चालित पंप लगाए जा चुके हैं और इस संख्या को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं।

इसके अलावा, छोटे और मध्यम औद्योगिक इकाइयों की श्रेणी के अंतर्गत वेरका संयंत्रों में 185 ऊर्जा-कुशल तकनीक वाली मोटरें स्थापित की जा चुकी हैं। इन प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने राज्य की सरकारी इमारतों में 35 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा रूफटॉप प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक स्थापित किए हैं।

अमन अरोड़ा ने कहा कि इमारतों में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने और संरक्षण के लिए उठाए गए कदम वाणिज्यिक क्षेत्र में ऊर्जा बचत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इसके लिए ऊर्जा-कुशल डिज़ाइन, उपयुक्त निर्माण सामग्री के उपयोग और ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता का पालन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त, पंजाब सरकार ने संयुक्त जलवायु क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण भवन कोड में संशोधन कर पंजाब ऊर्जा संरक्षण भवन कोड (ईसीबीसी) को अधिसूचित करने की पहल की है। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भवन नियमों को लागू किया जा रहा है। अब तक 850 इमारतों को ईसीबीसी नियमों के अनुपालन के अंतर्गत लाया जा चुका है।

इस अवसर पर पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी की सीईओ श्रीमती नीलिमा, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत विभाग के प्रशासनिक सचिव डॉ. बसंत गर्ग, अतिरिक्त निदेशक जसपाल सिंह तथा परियोजना अभियंता शरद शर्मा भी उपस्थित थे।

### ऊर्जा संरक्षण व ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में की गई पहलों के लिए पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी के अधिकारियों की सराहना की

ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में की गई पहलों के लिए पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी (पेडा) के अधिकारियों की सराहना करते हुए अरोड़ा ने कहा कि इन सभी प्रयासों के परिणामस्वरूप अब तक 12,000 मिलियन यूनिट ऊर्जा की बचत संभव हो पाई है। कैबिनेट मंत्री अरोड़ा ने कहा कि औद्योगिक विस्तार और बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं के साथ-साथ बिजली की मांग भी बढ़ रही है। इसे ध्यान में रखते हुए पारंपरिक विद्युत उत्पादन के स्थान पर सौर ऊर्जा, जलविद्युत उत्पादन और बायोमास आधारित विद्युत उत्पादन को अपनाना समय की आवश्यकता है। ये तरीके ऊर्जा दक्षता और संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी सबसे अधिक प्रभावी सिद्ध होंगे।

# पंचायत समिति और जिला परिषद चुनावों में शराब और सूट बांटते रंगे हाथों पकड़ी गई कांग्रेस: 'आप'

वे जानते हैं कि चुनाव हार जाएंगे, घबराहट में अपने पुराने तरीकों का सहारा ले रहे हैं: बलतेज पन्नू

कहा-आप विकास और काम के एजेंडे पर चुनाव लड़ रही है, विपक्षी घबराए हुए और हताश हैं

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बटाला, 14 दिसंबर।** आम आदमी पार्टी (आप) ने जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों के दौरान बटाला में शराब, महिलाओं के सूट, हथियार, जिंदा कारतूस और कांग्रेस पार्टी के झंडों से भरी एक गाड़ी पकड़े जाने के बाद कांग्रेस पर तीखा हमला किया है। आप पंजाब के महासचिव और मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने कहा कि इस घटना ने कांग्रेस की निराशा, घबराहट और लोकतंत्र विरोधी सोच को पूरी तरह बेनकाब कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने नतीजों से पहले ही अपनी हार मान ली है।

पन्नू ने कहा कि शुरू में विपक्षी पार्टियों ने जनता को गुमराह करने की कोशिश की और झूठ आरोप लगाया कि 'आप' ने उनके नामांकन पत्र रद्द करवा दिए हैं। लेकिन अब जब उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी हो गई है और यह साफ हो गया है कि सभी पार्टियों के उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, तो कांग्रेस जैसी पारंपरिक पार्टियां अपने पुराने और शर्मनाक तरीकों यानी शराब, सूट और पैसे बांटकर वोट खरीदने की कोशिश कर रही हैं।


बटाला घटना का जिक्र करते हुए बलतेज पन्नू ने बताया कि बटाला से 'आप' विधायक और 'आप' पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष शैरी कलसी ने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए शराब और महिलाओं के सूट बांटने में कथित रूप से इस्तेमाल हो रही एक गाड़ी को रोका। उन्होंने कहा कि सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि उस गाड़ी से हथियार, जिंदा कारतूस और कांग्रेस के झंडे भी बरामद हुए हैं। यह साफ तौर पर दिखाता है कि कांग्रेस पार्टी चुनाव जीतने के लिए किस हद तक जा सकती है।

इसे 'खुली गुंडागर्दी' बताते हुए पन्नू ने कहा कि ऐसे कामों की लोकतंत्र में कोई जगह नहीं है। कांग्रेस अभी भी मानती है कि वह शराब और कपड़े बांटकर पंजाब के लोगों का जनादेश खरीद सकती है। यह उनकी निराशा और निश्चित हार के डर को दर्शाता है।

बलतेज पन्नू ने दोहराया कि आम आदमी पार्टी किसी भी कीमत पर ऐसी गुंडागर्दी को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि मान सरकार कानून-व्यवस्था में किसी भी तरह की रुकावट को बर्दाश्त नहीं करेगी। पंजाब के लोग जागरूक हैं और शराब या सूट के लिए अपनी वोट नहीं बेचेंगे।

'आप' सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए पन्नू ने कहा कि आम आदमी पार्टी विकास और काम के आधार पर वोट मांग रही है। 600 यूनिट मुफ्त बिजली, किसानों को दिनभर निर्बाध बिजली आपूर्ति, मोहल्ला क्लीनिक, विश्वस्तरीय सरकारी स्कूल और जनहित की नीतियां आप सरकार के कामों की मिसाल हैं। मान सरकार ने अपने वादे पूरे किए हैं और जनता काम के लिए वोट देगी, रिश्वत के लिए नहीं।

उन्होंने कहा कि बटाला की घटना साबित करती है कि पारंपरिक पार्टियां पंजाब की बदलती राजनीतिक सोच को समझने में नाकाम रही हैं। पन्नू ने कहा कि कांग्रेस के बयान और कार्रवाइयां साफ दिखाती हैं कि उसने हार मान ली है। पंजाब तरक्की की ओर बढ़ रहा है, लेकिन ये पार्टियां अभी भी शराब और डर की राजनीति में उलझी हुई हैं।



DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB

Draw Time: 06:00 PM ONWARDS DATE:14/12/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 50 RANGER SUNDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs.50/- Per Ticket

1st Prize Amount(1) Rs. 25 Lakhs (On 6 digits with series)

(Seller Prize Amount Rs. 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 25 Thousand, Total Prize Amount Rs. 26.25 Lakhs)

D 73373

2nd Prize Amount (25) Rs. 9,000/- (On 5 digits)

(Seller Prize Amount Rs. 900/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 10,000/- each)

54375 65924 73045 91749 09935

3rd Prize Amount (50) Rs. 4,000/- (On Last 4 digits)

(Seller Prize Amount Rs.500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 4,600/- Each)

0508 7454

4th Prize Amount (125) Rs. 2,000/- (On last 4 digits)

(Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 2,250/- Each)

[illegible]

5th Prize Amount (125) Rs. 1,000/- (On last 4 digits)

(Seller Prize Amount Rs. 100/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 1,150/- Each)

[illegible]

6th Prize Amount (125) Rs. 500/- (On last 4 digits)

(Seller Prize Amount Rs. 50/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 20/-, Total Prize Amount Rs. 570/- Each)

[illegible]

7th Prize Amount (17,500) Rs. 100/- (On last 4 digits)

(Seller Prize Amount Rs. 10/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 5/-, Total Prize Amount Rs. 115/- Each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0019 | 0020 | 0021 | 0047 | 0048 | 0051 | 0060 | 0102 | 0113 | 0120 |
| 0133 | 0136 | 0142 | 0153 | 0164 | 0180 | 0214 | 0233 | [illegible] | 0266 |
| 0292 | 0345 | 0328 | 0388 | 0428 | 0437 | 0456 | 0486 | 0489 | 0479 |
| 0488 | 0495 | 0491 | 0512 | 0519 | 0525 | 0530 | 0536 | 0552 | 0555 |
| 0578 | 0583 | 0585 | 0588 | 0593 | 0609 | 0615 | 0621 | 0630 | 0644 |
| 0737 | 0704 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | | | | | | | | | |

DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB

Check the final result with Official Gazette Notification

# अमृतसर में ड्रग मॉड्यूल का पर्दाफाश; 4 किलो हेरोइन, 3.90 लाख रुपये की ड्रग मनी और एक पिस्तौल सहित चार गिरफ्तार

गिरफ्तार किए गए आरोपी विदेशी हैंडलर लखविंदर सिंह उर्फ बाबा लक्खा और जेल में बंद सहयोगी दया सिंह उर्फ प्रीत सेखों के इशारों पर कर रहे थे काम: डीजीपी गौरव यादव

मामले की आगे की जांच जारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**अमृतसर, 14 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत, काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) अमृतसर ने विदेश आधारित तस्करों से जुड़े ड्रग सप्लाई मॉड्यूल के चार सदस्यों को 4 किलो हेरोइन, 3.90 लाख रुपये की ड्रग मनी और एक .32 बोर पिस्तौल, मैगज़ीन तथा पांच जिंदा कारतूसों सहित गिरफ्तार कर इस मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान युवराज सिंह निवासी रोडेवाल, अमृतसर; वरिंदर सिंह निवासी धौल कलां, अमृतसर; जगरूप सिंह निवासी संगना, अमृतसर और जुगराज सिंह निवासी सरकारिया एन्क्लेव, अमृतसर के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने उनके काले रंग की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (पीबी-02-ईई-0627) और सफेद रंग की होंडा एक्टिवा (पीबी-02-ईएस-2265), जिनका उपयोग वे खेप की डिलीवरी के लिए कर रहे थे, को भी ज़ब्त कर लिया है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि सीआई अमृतसर की पुलिस टीमों को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि विदेशी हैंडलर लखविंदर सिंह उर्फ बाबा लक्खा के सहयोगी युवराज और वरिंदर ने अजनाला सेक्टर से हेरोइन की एक खेप प्राप्त की है और वे संभावित रूप से इस खेप को अमृतसर में गुरुद्वारा मोर्चा साहिब के पास संदिग्ध जगरूप सिंह को डिलीवर करेंगे। उन्होंने बताया कि इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने जाल बिछाया और तीनों आरोपियों को नशीले पदार्थों की खेप और पिस्तौल सहित गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपी जगरूप सिंह ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि वह दया सिंह उर्फ प्रीत सेखों, जो इस समय श्री मुक्तसर साहिब की केंद्रीय जेल में बंद है, के निर्देशों पर काम कर रहा था और प्रीत सेखों ने उसे गुरुद्वारा मोर्चा साहिब के पास से हेरोइन की खेप प्राप्त करने के निर्देश दिए थे। डीजीपी ने बताया कि आगे की पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों-युवराज और वरिंदर- ने अपने एक अन्य साथी जुगराज सिंह के बारे में खुलासा किया, जिसे बाद में अमृतसर सिटी से 3.90 लाख रुपये की ड्रग मनी सहित गिरफ्तार किया गया। उन्होंने आगे कहा कि इस मामले की आगे की जांच जारी है। इस संबंध में, एफआईआर नंबर 73 दिनांक 13.12.25 को थाना एसएसओसी अमृतसर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 25 और 29 तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत दर्ज की गई है।

# डेराबस्सी में शांतिपूर्ण ढंग से हुई पोलिंग, गांवों में ग्रामीण मतदाताओं का रुझान रहा ठंडा, लगभग 50 प्रतिशत मतदान दर्ज

उम्मीदवारों को पोलिंग प्रतिशत की जानकारी न मिलने से गड़बड़ी की आशंका

विपक्ष ने चुनाव आयोग से शिकायत करने की बात कही

अर्थ प्रकाश/चौहान





**डेराबस्सी, 14 दिसंबर।** विधानसभा क्षेत्र डेराबस्सी में आज पंचायत ब्लॉक समिति चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गए। क्षेत्र में ग्रामीण मतदाताओं का रुझान अपेक्षाकृत कम देखने को मिला। कुल मिलाकर लगभग 50 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान किसी भी गांव से किसी बड़े झगड़े या हिंसा की सूचना नहीं मिली, हालांकि कुछ स्थानों पर मामूली नोकझोंक की खबरें जरूर सामने आईं।

सुबह से ही मतदान को लेकर लोगों में खास उत्साह नहीं दिखा। सुबह आठ बजे शुरू हुई वोटिंग के दो घंटे बाद यानी दस बजे तक केवल करीब नौ प्रतिशत मतदान ही हो पाया था। क्षेत्र के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने अपने पैतृक गांव बाकरपुर में परिवार सहित मतदान किया। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण माहौल में हुआ, जिसके लिए उन्होंने पुलिस, प्रशासन और स्थानीय लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि डेराबस्सी क्षेत्र में किसी भी उम्मीदवार के नामांकन पत्र किसी राजनीतिक दबाव में रद्द नहीं किए गए।

गौरतलब है कि इन चुनावों में अकाली दल, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने सभी 22 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे, जबकि भाजपा ने 22 में से 20 सीटों और बसपा ने 4 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। कुल 22 जोनों के लिए 94 उम्मीदवार मैदान में थे, जिनके लिए 121 पोलिंग बूथ बनाए गए थे। इन चुनावों में कुल 93,161 मतदाता थे, जिनमें 49,815 पुरुष और 43,344 महिलाएं शामिल थीं।

इसके अलावा विभिन्न जोनों में छोटे-मोटे विवाद भी देखने को मिले। गांव भांखरपुर में एक बूथ पर विपक्षी उम्मीदवारों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें बूथ से बाहर कर दिया, जबकि सत्ताधारी पार्टी के उम्मीदवार और उनके समर्थकों पर सख्ती नहीं बरती गई, जिससे वे आराम से अंदर-बाहर आते-जाते रहे।

वहीं विपक्षी नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि प्रत्येक बूथ पर कितने प्रतिशत और कितनी वोटें पड़ी हैं, इसकी स्पष्ट जानकारी उन्हें नहीं दी गई। इससे गड़बड़ी की आशंका जताते हुए उन्होंने इस मामले की शिकायत चुनाव आयोग से करने की बात कही।

# मुख्यमंत्री ने भावान्तर भरपाई योजना के तहत 380 करोड़ रूपये बाजरा उत्पादक किसानों के लिए जारी किये

**किसान मोर्चा के पदाधिकारियों को किया संबोधित**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 दिसंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि आज सरकार ने भावान्तर भरपाई योजना के तहत 380 करोड़ रूपये बाजरा उत्पादक किसानों के लिए जारी किये हैं। किसानों की समृद्धि के बिना प्रदेश में खुशहाली नहीं आ सकती। इसलिए किसान हित सरकार के लिए सर्वोपरि हैं। किसान को बिजाई से लेकर कटाई तक के कृषि यंत्रों पर सब्सिडी दी जाती है। यदि प्राकृतिक आपदा से फसल को नुकसान होता है तो मुआवजे व फसल बीमा का प्रावधान है। कटाई के बाद फसल के दाने-दाने की खरीद की व्यवस्था की गई है और भुगतान सीधा किसान के खाते में डाला जाता है।

वे आज अपने सरकारी आवास संत कबीर कुटीर में किसान मोर्चा के पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री भारत भूषण भारती , भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री मोहन लाल बड़ौली , प्रदेश महामंत्री ( संगठन ) श्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री श्री सुरेंद्र पुनिया , प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता, किसान मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राजबाला समेत अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसान मोर्चा के पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे प्रदेश के किसानों को सूक्ष्म सिंचाई के प्रति प्रेरित करें , इससे जहां पानी की बचत होगी वहीं फसल पर किसान की लागत में भी कमी आएगी।

उन्होंने कहा कि आज किसानों की सभी 24 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है। अब तक 12 लाख किसानों के खातों में फसल खरीद के 1 लाख 64 हजार करोड़ रुपये डाले जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि आपदा के समय किसानों के साथ सरकार खड़ी रहती है। पिछले 11 सालों में किसानों को फसल खराबे के मुआवजे के रूप में 15 हजार 728 करोड़ रुपये दिये हैं।

फसलों की खरीद को सुविधाजनक बनाने हेतु 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल शुरू किया गया है। इस पोर्टल पर किसान को अपनी फसल बेचने के साथ-साथ खाद, बीज, ऋण और कृषि उपकरणों के लिए मिलने वाली आर्थिक सहायता भी घर बैठे मिल रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि बताया कि खरीफ सीजन-2025 की फसलों को प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के लिए 53 हजार 821 किसानों को 116 करोड़ 51 लाख रुपये से अधिक की राशि मुआवजे के रूप में जारी की गई।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे आबियाने को जड़ से खत्म कर दिया है। यही नहीं किसानों की तरफ पिछले आबियाने का 133 करोड़ 55 लाख 48 हजार रुपये बकाया माफ किया गया। उन्होंने कहा कि सबको पता है कि हमारी सरकार ने गन्ने का भाव बढ़ाकर 415 रुपये प्रति क्विंटल तक किया है, जो कि देश में सर्वाधिक है।

श्री नायब सिंह सैनी ने किसानों के हित में लिए गए अन्य फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि फसलों की ऑनलाइन बिक्री के लिए प्रदेश की 108 मंडियों को ई -नाम पोर्टल से जोड़ा गया। पिंजौर में एशिया की सबसे बड़ी आधुनिक सेब, फल एवं सब्जी मंडी शुरू की गई है। हरियाणा ऑप्रेशनल पायलट परियोजना के अन्तर्गत राज्य में अब तक 1 लाख 54 हजार 985 एकड़ भूमि का सुधार किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती योजना के तहत 31,873 एकड़ क्षेत्र में प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए 19,723 किसानों का सत्यापन किया जा चुका है। इस योजना के अन्तर्गत 2500 किसानों को 4 ड्रम प्रति किसान की दर से 75 लाख रुपये, 523 देसी गाय की खरीद के लिए 1 करोड़ 30 लाख रुपये अनुदान राशि सीधा किसान के बैंक खाते में स्थानांतरित की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र लघु और सीमांत किसान परिवारों को 6 हजार रुपये वार्षिक दर से 20 लाख 18 हजार किसानों के खातों में 7233 करोड़ रुपये डाले गये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अब तक 33 लाख 51 हजार से अधिक किसानों को 9127 करोड़ रुपये बीमा क्लेम के रूप में दिए जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि हाल ही में, किसानों की पैक्सों की तरफ बकाया अतिदेय ऋण की समस्या के समाधान के लिए 'एकमुश्त निपटान योजना' शुरू की गई। इस योजना के तहत प्रदेश के 6 लाख 81 हजार 182 किसानों और गरीब मजदूरों का 2 हजार 266 करोड़ रुपये का ब्याज माफ किया है। इसके अलावा, 'एकमुश्त निपटान योजना' के तहत 4 लाख 10 हजार किसानों का 1314 करोड़ रुपये का ब्याज व जुर्माना माफ किया गया।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसानों को बायोगैस प्लांट पर 9800 रुपये से लेकर 22,750 रुपये प्रति प्लांट अनुदान दिया जाता है। अनुसूचित जाति व जनजाति के किसानों को बायोगैस प्लांट पर 17,000 रुपये से लेकर 29,250 रुपये प्रति प्लांट अनुदान दिया जाता है। अनुसूचित जाति के किसानों को बैटरी चालित स्प्रे पम्प पर 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है। सोलर पम्प लगाने के लिए किसानों को 75 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि बैंकों से किसानों के लेनदेन पर लगने वाली स्टाम्प फीस 2000 रुपये से घटाकर 100 रुपये की गई है। उन्होंने बताया कि सब्जियों व फलों के लिए भावांतर भरपाई योजना में 21 बागवानी फसलों के संरक्षित मूल्य निर्धारित किए तथा 30 हजार से अधिक किसानों को 136 करोड़ 66 लाख रुपये का भावांतर दिया गया है। खरीफ सीजन-2021 से बाजरे की उपज को भी 'भावांतर भरपाई योजना' में शामिल किया गया। अब तक किसानों को बाजरा भावांतर के रूप में 1600 करोड़ से अधिक की राशि दी जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी की 'प्रत्येक बूँद से अधिक पैदावार' लेने की अवधारणा के तहत सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों पर हरियाणा सरकार द्वारा 85 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है ताकि जल संरक्षण हो सके। उन्होंने बताया कि कम पानी से अधिकतम सिंचाई के लिए 'भूमिगत पाइप लाइन स्कीम' के तहत किसानों को 10,000 रुपये प्रति एकड़, अधिकतम 60,000 रुपये प्रति किसान अनुदान राशि दी जा रही है।

इसी प्रकार , 'फव्वारा संयंत्र प्रणाली' के तहत किसानों को 85 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है। 'हर खेत को पानी' के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए जलमार्गों की संशोधित नीति-2021 लागू की गई है। मिकाडा द्वारा 1144 जल मार्गों की पहचान पुनर्वास के लिए की गई है, जिसमें से 357 जलमार्गों का कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि चालू वित वर्ष में उपरोक्त कार्य के लिए 200 करोड़ रुपये की धनराशि का प्रावधान है। साथ ही 20 साल से अधिक पुराने रजवाहों को भी दोबारा पक्का किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने किसान मोर्चा के पदाधिकारियों से प्रदेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओ को प्रत्येक किसान तक पहुंचाने की अपील की ताकि किसान उनका फायदा उठाकर अपनी आमदनी में बढ़ोतरी कर सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### मेडिकल कैंप और गुरु ब्रह्मानंद प्रतिमा का किया अनावरण



**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** गांव कमोदा में जगत गुरु ब्रह्मानंद जी की प्रतिमा का अनावरण करते हुए भाजपा के नेता पंडित जय भगवान शर्मा (डीडी) ने कहा कि ब्रह्मानंद जी की शिक्षाएं हमें सत्य, सेवा और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। उनकी विचारधारा आज भी समाज को जोड़ने और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करती है। प्रतिमा अनावरण के अवसर पर समाज के सम्मानित बुजुर्गों, युवाओं और ग्रामवासियों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही, जिससे वातावरण श्रद्धा और उल्लास से भर गया। रामलीला भवन में आयोजित मेडिकल कैंप का उदघाटन करते हुए जयभगवान शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन गरीब व जरूरतमंद वर्ग के लिए संजीवनी साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ हैं,और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भूमिका से ही सर्वांगीण विकास संभव है। मैडीकल कैंप में डॉ.मंगला स्पेशलिस्टी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र की टीम द्वारा विभिन्न बीमारियों की निशुल्क जांच की गई तथा जरूरतमंदों को मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। कैंप में बड़ी संख्या में मरीजों ने लाभ उठाया। लायंस क्लब रॉयल पिहोवा के इस सेवा कार्य की उपस्थितजनों ने सराहना की। इस मौके पर , नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि, क्लब के पूर्व प्रधान हनु चक्रपाणि, डॉ,राजेंद्र मंगला, डॉ. अंशुल मंगला,पार्षद जयपाल कौशिक ,पूर्व पार्षद योगेश लक्की , मनीष शर्मा कमोदा,विक्की कौशिक पार्षद ,दीपक महंत पार्षद,नवीन गर्ग अनाज मण्डी प्रधान, शाश्वत चक्रपाणि, आदित्य बहल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे ।

### कल मनाई जाएगी विजय दिवस की 54वीं वर्षगांठ



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** भारतीय सेनाओं के सर्वोच्च बलिदानियों की याद में सबसे बड़ा मेला फाजिल्का के गांव आफसवाला में 16–17 दिसंबर को लगता है। वहां जांबाज अमर वीर शहीदों की 90 फीट ऊंची एक चिता में 82 जवानों का सामूहिक रूप से अंतिम संस्कार किया गया था। शहीदों को वहां की जनता अपने एक देवालय की तरह से पुजते हैं और उन वीर योद्धाओं उन सभी को याद करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं। इन वीरों ने पाक सेना के 10 हजार के लगभग सैनिकों को मौत के घाट उतारा था और 93 हजार सैनिकों को युद्ध बंदी बनाया था। उन सभी को याद करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं। एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि 16 दिसंबर प्रात- 10 बजे हरियाणा शहीद स्मारक में पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के सौजन्य से शहीदों की चिताओं पर मेला लगेगा। इस के साक्षी वायुसेना, थल सेना, नौसेना व अर्धसैनिक बलों के परिवार एवं हमारे शहीद परिवार भी होंगे। इसका फैसला अमृत फार्म में जिला स्तर पर श्रद्धांजलि देकर धूमधाम से मनाने का सभी सैनिकों ने सामूहिक रूप से लिया जिसमें एसोसिएशन के महासचिव जेडब्ल्यू ओ दलबीर सिंह के साथ पदाधिकारी एवं सदस्यगण शामिल रहे।

### दिसंबर माह में जन्में सदस्यों का जन्म दिन मनाया

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** सीनियर सिटीजन एसोसिएशन की एक बैठक वरिष्ठ नागरिक भवन में प्रधान राम नारायण रावल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मीटिंग में मंच संचालन महासचिव रोहित शर्मा ने किया। मीटिंग का शुभारंभ तीन बार गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ किया गया। आज की सभा में राम नारायण रावल, शिवनारायण रवीश, सुरेंद्र हरित, रवि दत्त शर्मा व सतपाल भारद्वाज को जन्मदिन की बधाई दी गई तथा फूल माला पहनकर और स्मृति चिन्ह देकर उनकी दीर्घायु होने की व सुखी जीवन की कामना की गई। मीटिंग में महासचिव रोहित शर्मा ने पिछली 7 दिसंबर को कुरुक्षेत्र में हुई स्टेट कमेटी की मीटिंग के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। फकीरचंद गर्ग ने दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र की स्मृति में उनकी फिल्म का एक गीत सुना श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात सीताराम व सुंदरलाल चावला ने चुटकुले सुना कर सभी सदस्यों का भरपूर मनोरंजन किया। सुरेंद्र हरित ने एक शिक्षक की भावना और समर्पण के बारे में एक कहानी सुनाई कि अध्यापक अपने विद्यार्थियों को किस तरह से शिक्षित व संस्कारी बनाते हैं। सतपाल भारद्वाज ने योग का महत्व बताया व रमेश पबरेजा ने अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने सम्बंधी जानकरी दी। इस अवसर पर भले राम कठवाड़, जीएल चावला, केएल रंगा, आरपी सिंगला, एडवोकेट प्रदीप शर्मा, इन्द्र बंसल, विजय पाल व बनारसी दास आदि उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने संस्कृत विश्वविद्यालय को दी 1.40 लाख की सहयोग राशि

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 14 दिसंबर।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने संस्कृत विश्वविद्यालय को 1.40 लाख का सीएसआर सहयोग प्रदान किया। बैंक ऑफ बड़ौदा ने आज अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पहल के तहत विश्वविद्यालय के आगामी उद्घाटन कार्यक्रम के लिए 1,40,000 ररुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की है। बैंक ऑफ बड़ौदा के रीजनल बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर पुनीत जैन ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजय गोयल को सीएसआर यूटिलिटी के तहत राशि का ड्राफ्ट सौंपा। यह सहयोग विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह को भव्यता और सफलता के साथ आयोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में विश्वविद्यालय के वित्ताधिकारी कृष्ण कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. भाग सिंह बोदला और बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक बीरभान शर्मा शामिल थे। इस सहयोग को सौंपते हुए पुनीत जैन ने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा हमेशा से शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। यह विश्वविद्यालय भारतीय ज्ञान और संस्कृत भाषा के पुनर्जागरण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हमें गर्व है कि हम इसके उद्घाटन कार्यक्रम में अपना योगदान दे रहे हैं। कुलसचिव प्रो. संजय गोयल ने बैंक ऑफ बड़ौदा और पुनीत जैन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा दिया गया यह सहयोग हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है और विश्वविद्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम को एक ऐतिहासिक आयोजन बनाने में मदद करेगा। यह वित्तीय सहायता हमारे लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है।

## अपोलो चौक पर व्यापारी से मांगी 50 लाख की फिरौती

**आरोपी ने पर्ची देकर फिर चलाई गोली, फायरिंग की वारदात सीसीटीवी में कैद**

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 14 दिसंबर।** शहर के सबसे व्यस्ततम इलाके अपोलो चौक पर रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब बदमाशों ने एक व्यापारी से 50 लाख रुपये की फिरौती मांगते हुए फायरिंग कर दी। बदमाश व्यापारी को पर्ची देकर गोली चलाकर मौके से फरार हो गए। फायरिंग से दुकान में लगा शीशे टूट गया, हालांकि इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।- यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि आरोपी पहले दुकानदार से बातचीत करता है, उसके बाद फायरिंग करता है और फिर फिरौती की पर्ची थमाकर फरार हो जाता है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बदमाश द्वारा दी गई पर्ची में लिखा है कि व्यापारी से तीन दिन के भीतर 50 लाख रुपये देने की मांग की गई है और रकम न देने पर गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई है। पुलिस पर्ची को भी अहम सबूत मानते हुए जांच कर रही है।

घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई और व्यापारियों में भय का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही सिटी थाना प्रभारी आत्माराम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई और बदमाशों की तलाश के लिए विशेष पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं। इसी दौरान नरवाना में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने आए हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी को घटना की जानकारी मिली। मंत्री तुरंत व्यापारी के पास पहुंचे और मौके पर ही डीएसपी को बुलाकर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने व्यापारी को आश्वासन देते हुए कहा कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस पूरी तरह सक्षम है और अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। मंत्री ने व्यापारियों से भयमुक्त होकर अपने कार्य करने की अपील की। घटना के बाद शहर में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है और पुलिस प्रशासन ने जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा किया है। थाना शहर प्रभारी आत्माराम ने बताया कि अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस की विशेष टीम में गठित कर दी गई है जल्द से जल्द अपराधियों को पड़कर चालकों के पीछे डाला जाएगा किसी भी सूरत में अपराधियों को बक्सा नहीं जाएगा।

## सीएम नायब सैनी की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्ष नेताओं की उड़ी रातों की नींदः अत्री

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने अपने आवास पर लोगों की समस्याओं को सुन उनका समाधान किया। वो हर रोज अपने आवास पर लोगों से रूबरू होते है। विधायक ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी की बढ़ती आमजन में लोकप्रियता से विपक्ष बौखला गया है। विपक्ष के नेताओं की रातों की नींद उड़ गई है। हरियाणा प्रदेश विकास के मामले में नंबर वन पर है। विकसित उचाना के सपने को साकार करने के लिए कार्य कर रहे है। जो-जो वायदे किए थे उन वायदों को पूरा किया जाएगा। आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में मेरिट के आधार पर रोजगार देने का काम किया तो बिना भेदभाव के विकास पूरे प्रदेश में करवाया जा रहा है।

## सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) की टीम ने महिलाओं को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 14 दिसंबर।** महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को किया गया ॸ सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) द्वारा समय समय पर प्रतिभाशाली एवं मेहनती महिलाओं को प्रोत्साहित करने के साथ सम्मानित किया जाता है। सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत कदम बढ़ाते हुए महिलाओं के सम्मान में काली कमली मंदिर कुरुक्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवा ट्रस्ट के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल व अम्बे सेवा समिति के प्रधान ओमपाल बंसल जी रहे पवन मित्तल जी ने कहा कि सेवा ट्रस्ट द्वारा महिला सशक्तीकरण के लिए सिलाई-कटाई सेंटर, कंप्यूटर शिक्षा, ब्यूटी पार्लर, स्वरोजगार सेंटर जैसे कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं जो कि महिला सशक्तिकरण के लिए एक नींव के पत्थर का काम कर रहे हैं। इस तरह के प्रयासों से महिलाएं अपने परिवार का पालन-पोषण अच्छे से कर रही हैं। सेवा ट्रस्ट सही मायने में महिला सशक्तिकरण अभियान के साथ महिलाओं को सम्मान देने का कार्य कर रहा है। सेवा ट्रस्ट के खंड कोऑर्डिनेटर राजेश सैन् वह योगेश गर्ग ने बताया कि सेवा ट्रस्ट इन सामाजिक कार्यो के अलावा अंबाला के साहा में सेवा धाम के नाम से मल्टी फैसिलिटी होम बना रहा है। जिसमें करोड़ों रुपए की लागत से अनेक प्रकार की सामाजिक सुविधाएं शुरू की जाएंगी। जिसमें दुर्लभ रोग ड्यूकेन मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से ग्रस्त बच्चों की मदद के लिए 6655 वर्ग गज में बन रहे सेवा धाम का निर्माण तेजी से चल रहा है। जिसमें महिलाओं, छात्राओं, नव जन्मी कन्याओं के परिवारों को सम्मानित किया जा रहा है। कार्यक्रम में ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी विजय पंघाल वह अम्बे सेवा समिति से राजेश शर्मा ने कहा कि सेवा ट्रस्ट यूके इससे पहले भी सामाजिक कार्यों में सदा ही अग्रसर है अम्बे सेवा समिति की तरफ से विशाल भंडारा लगाया गया इस मौके पर जसपाल जी सुनीता देवी खेड़ी ब्राह्मण, मीना अमीन, ममता देवी, रीना, ज्योति, वर्षा, रेखा कमोदा आदि महिलाएं मौजूद रही।

## जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर में बच्चों ने दिखाया हुनर

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** उपायुक्त एवं , जिला रेडक्रास सोसाइटी प्रधान डॉ. विरेंदर कुमार दहिया के कुशल मार्गदर्शन तथा अंकुश मिंगलानी उपाध्यक्ष एवं डॉ. सुनील कुमार, महासचिव, भारतीय रेडक्रास सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ के निर्देशानुसार जिला स्तरीय पांच दिवसीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में किया जा रहा है। शिविर के तीसरे दिन सी.ए. मुकेश शर्मा ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। उन्होंने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिभागियों ने बेहद सराहनीय प्रदर्शन किया है। शिविर की शुरुआत रेडक्रास वंदना एवं झंडा गीत के साथ की गई। शिविर में रेडक्रास सदस्यता अभियान, प्राथमिक सहायता, गृह परिचर्या, चाइल्ड राइट्स तथा महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया।

## रूढ़ियों को कंधा देकर विदा हुईं जमना देवी, देहदान से रोशन करेंगी मेडिकल शोध की राह

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड

**बराड़ा, 14 दिसंबर।** अंबाला जिले के ग्रामीण अंचल में रविवार को एक ऐसी अंतिम यात्रा निकली, जिसने शोक के बीच समाज को वैज्ञानिक सोच और समानता का गहरा संदेश दिया। बराडा स्थित सिंहपुरा निवासी 73 वर्षीय जमना इन्सां के निधन के बाद, उनके परिजनों ने लकीर का फकीर बनने के बजाय उनकी अंतिम इच्छा का मान रखते हुए पार्थिव शरीर को अग्नि को समर्पित नहीं किया, बल्कि उसे चिकित्सा विज्ञान के शोध हेतु दान कर दिया। रविवार सुबह उनका देहांत हुआ था।

सिंहपुरा में रविवार दोपहर का दृश्य भावुक कर देने वाला था। भारतीय समाज में जहां अर्थी को कंधा देने का अधिकार पारंपरिक रूप से पुत्रों का माना जाता है, वहीं संत डॉ एमएसजी की प्रेरणा से जमना देवी की अंतिम यात्रा में यह मिथक टूटता नजर आया। उनकी बेटी राज कौर और कमलेश ने आगे बढ़कर अर्थी को कंधा दिया। गमगीन माहौल के बीच जब घर की महिलाओं ने यह जिम्मेदारी निभाई, तो वहां मौजूद ग्रामीणों ने इस सामाजिक बदलाव को नमन किया। इसके पश्चात, पार्थिव देह को एंबुलेंस के जरिए उत्तर प्रदेश के मेरठ स्थित 'नेशनल कैपिटल रीजन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस' के लिए रवाना किया गया। मौके पर मौजूद बेटे अशोक और अन्य परिजनों ने बताया कि उनकी माता जमना इन्सां रक्तदान, पौधारोपण जैसे सामाजिक कार्यों में सबसे आगे रहती थी, उन्होंने अपने जीवनकाल में ही यह तय कर लिया था कि मृत्यु के बाद उनका शरीर मिट्टी में मिलने के बजाय मानवता के काम आए। उन्होंने स्वेच्छा से देहदान का संकल्प पत्र भरा था। परिवार का कहना है कि वे डेरा सच्चा सौदा की विचारधारा से प्रेरित थीं।

## डिजिटल अरेस्ट से न घबराएं, तुरंत 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं: एसपी

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 14 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने साइबर अपराध में एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने इससे बचने के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि साइबर ठग अपराध करने के नए नए तरीके अपना रहें है। आमजन के जागरूक होने से ही साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बचा जा सकता है। साइबर ठग व्हाट्सएप कॉल कर डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर ठगी करने की कोशिश करते हैं।

पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने बताया कि आपके पास किसी अज्ञात नंबर से फोन कर आपके बेटा, बेटी का नाम लेकर कहा जाए कि वह कहां है और अगले ही पल कहा जाए नारकोटिक्स विभाग, सीबीआई या पुलिस से बोल रहा हूं और वह हमारी हिरासत में है। ड्रग्स या अन्य किसी गतिविधि में शामिल होने की वजह से उसे पकड़ा गया है। इसके अलावा आपके नाम विदेश से पार्सल आया और उसमे आपत्तिजनक वस्तु होने की बात कही जाए तो तुरंत सतर्क हो जाएं। यह साइबर ठगों का काम हो सकता है। साइबर ठग आपको डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का शिकार बना सकते हैं।

यह साइबर ठगों द्वारा अपनाया जाने वाला ठगी का नया तरीका है। डिजिटल अरेस्ट के मामलों में ठग किसी सरकारी एजेंसी का ऑफिसर या पुलिस ऑफिसर बनकर वीडियो कॉल करते है। वीडियो कॉल के बैकग्राउंड को किसी पुलिस स्टेशन की तरह बना लिया जाता है। जिसे देखने वाला हर कोई व्यक्ति डर कर उनकी बातों में आ जाता है। इसमें पीड़ित को फोन कर झूठे मामले में पहले डराया जाता है। कहा जाता है कि ऊपर मामला दर्ज किया जा रहा है, जिससे वह डर जाता है। इसमें वीडियो कॉल के द्वारा पीड़ित को घर में बंधक बना लिया जाता है।

### नरवाना में विकास का पहिया चलता रहेगा और क्षेत्र में विकास परियोजनाओं के निर्माण का सफर निरंतर जारी

## चहुमुखी प्रगति के लिए आधारभूत ढांचा की मजबूती पहली प्राथमिकता है: कृष्ण बेदी

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 14 दिसंबर।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि नरवाना में विकास का पहिया चलता रहेगा और क्षेत्र में विकास परियोजनाओं के निर्माण का सफर निरंतर जारी है। चहुमुखी प्रगति के लिए आधारभूत ढांचा की मजबूती पहली प्राथमिकता है और इसी पर मौजूदा राज्य सरकार का मुख्य फोकस है। प्रदेश में सड़क निर्माण, बिजली, पेयजल तथा सीवरेज व्यवस्था जैसी परियोजनाओं पर तीव्र गति से कार्य हो रहा है। इसका लाभ निकट भविष्य में अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ नरवाना को भी बराबर मिलेगा। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी रविवार को नरवाना के वार्ड नंबर 13 में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम से पहले कैबिनेट मंत्री ने शहर में 9 गलियों का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया। इनमें वार्ड नंबर 6 की 6 गली, वार्ड नंबर 7, वार्ड नंबर 12 तथा वार्ड नंबर 13 की एक-एक गली का निर्माण शामिल है। इन गलियों के निर्माण पर करीब 2 करोड़ 54 लाख रुपए की लागत आयी है। गौरतलब है कि इनमें वार्ड नंबर 6 की सीसी से बनने वाली गली नंबर 2 का शिलान्यास भी शामिल है। इस पर 28 लाख 58 हजार रुपए की अनुमानित राशि खर्च होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि नरवाना शहर के अलावा हल्का के प्रत्येक गांव की विकास परियोजनाओं का बल्यूप्रिंट तैयार हो गया है। इनमें नरवाना बस अड्डा, पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, नागरिक अस्पताल के नए भवनों का निर्माण तथा हिसार रोड रेलवे फाटक पर पुल का निर्माण कार्य शामिल है, जिन पर काम शुरू हो चुका है या जल्द शुरू हो जाएगा। इसके अलावा नरवाना से धनोरी ड्रेन तक सीवरेज पाइप लाइन बिछाने का कार्य अंतिम दौर में है। कैबिनेट मंत्री ने यह भी कहा कि क्षेत्रवासियों को सुविधाओं के विस्तार और समस्याओं के समाधान के प्रति चिंता करने की जरूरत नहीं है। नरवाना चहुमुखी विकास की दिशा में प्रदेश के अग्रणी क्षेत्रों में शुमार हो, यही उनकी कल्पना है और वह इसे हर कीमत पर साकार करेंगे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विकास परियोजनाओं के निर्माण में विभागीय औपचारिकताएं और तकनीकी नार्मज पूरा करने में कुछ समय लगता है इसलिए क्षेत्रवासी आश्वस्त रहे कि उन्हें सरकार द्वारा घोषित सभी प्रोजेक्ट्स का भरपूर फायदा मिलेगा। इस अवसर पर नगर परिषद की चेयरपर्सन मुकेश मिर्धा, डीएमसी सुरेंद्र दुहन, ईओ नगर परिषद रविंद्र कोहाड़, विशाल मिर्धा,कैबिनेट मंत्री के निजी सहायक मनोज कुमार, मीडिया प्रभारी संजय बल्हारा, जसवीर नैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## एशियन यूथ गेम्स-2025 में स्वर्ण पदक जीतने वाले कबड्डी खिलाड़ियों को नायब सैनी ने किया सम्मानित

# खिलाड़ियों की उपलब्धि हरियाणा और पूरे देश के लिए गर्व का विषय : मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 दिसंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज बहरीन में आयोजित एशियन यूथ गेम्स-2025 में स्वर्ण पदक जीतने वाली लड़के एवं लड़कियों की भारतीय कबड्डी टीमों के सदस्य रहे हरियाणा के खिलाड़ियों के एक प्रतिनिधिमंडल को सम्मानित किया।

ये खिलाड़ी मुख्यमंत्री से आज चंडीगढ़ स्थित आवास संत कबीर कुटीर में मिले। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री भारत भूषण भारती सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने टीम के कप्तान ईशांत राठी सहित सभी खिलाड़ियों को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत और हरियाणा का नाम रोशन करने वाले युवा खिलाड़ियों से मिलना उनके लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल एक खेल प्रतियोगिता में विजय नहीं है, बल्कि हरियाणा की ग्रामीण संस्कृति, कठोर अनुशासन, मजबूत इच्छाशक्ति और युवाओं की जुझारू भावना की जीत है।

श्री नायब सिंह सैनी ने खिलाड़ियों के कोच और प्रशिक्षकों की भूमिका की भी सराहना करते हुए कहा कि वे भले ही अक्सर पर्दे के पीछे रहते हैं, लेकिन खिलाड़ियों की सफलता के असली शिल्पकार वही होते हैं। उनकी योजना, अनुशासन, प्रशिक्षण पद्धतियां और निरंतर परिश्रम ने ही इस उपलब्धि को संभव बनाया है।

उन्होंने कहा कि यह विजय हरियाणा के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। गांवों में खेल रहे हजारों बच्चे अब इन खिलाड़ियों को अपना आदर्श मानेंगे और बड़े सपने देखेंगे। इन खिलाड़ियों की गांव के मैदानों से अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम तक की यात्रा हर युवा में यह विश्वास जगाती है कि मेहनत और अनुशासन से बड़े से बड़ा सपना भी साकार किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने 11 वर्ष पहले खेलों के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण विकसित किया था, जिसका उद्देश्य हर बच्चे को खेलों से जोड़ना, प्रत्येक गांव में खेल मैदान विकसित करना और खेलों के प्रति जुनून रखने वाले हर युवा को अवसर प्रदान करना है। इस दृष्टिकोण का लक्ष्य हरियाणा को न केवल भारत की खेल राजधानी बनाना है, बल्कि एक वैश्विक खेल केंद्र के रूप में स्थापित करना भी है।

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी 2036 ओलंपिक खेलों तक भारत को एक खेल-महाशक्ति बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है और इन खेलों की मेजबानी भारत में कराने का संकल्प व्यक्त किया है। आज हरियाणा को 'खेलों की नर्सरी' के रूप में पहचाना जाता है, जो राज्य के लिए गर्व की बात है।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी कर रहा है और आशा व्यक्त की कि वहां भी हरियाणा के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे।

श्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि राज्यभर में कम उम्र से खिलाड़ियों को निखारने के लिए खेल नर्सरियां स्थापित की गई हैं। उन्होंने कहा कि आगामी बजट 2026-27 में युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रावधान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के परिजनों से भी मुलाकात की और उन्हें बधाई दी।

मुख्यमंत्री से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में एशियन कबड्डी फेडरेशन के चेयरमैन श्री गुलाब सैनी , कोच श्री दीपक हुडा के अलावा टीम के वाइस कैप्टेन हर्ष मान , दीक्षा राठी , कोमल सहारन , आकाश , शुभम , अखिल , केशव , आदित्य हुडा तथा आर्यन शामिल थे।

# निष्पक्ष और सकारात्मक पत्रकारिता लोकतंत्र के मुख्य स्तंभों में से एक : डॉ. अरविंद शर्मा

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 14 दिसंबर।** हरियाणा के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि निष्पक्ष और सकारात्मक पत्रकारिता लोकतंत्र के मुख्य स्तंभों में से एक है। पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है और यह सिर्फ एक परिभाषा नहीं, बल्कि ऐसी भूमिका है, जो समाज के हर हिस्से को आपस में जोड़ती है। आपके माध्यम से जनता की आवाज़ शासन-प्रशासन तक पहुंचती है और शासन के प्रयास जनता तक पहुंचते हैं। जब समाज में कोई पीड़ा होती है, कोई अनियमितता होती है या जब कहीं कोई प्रेरक काम हो रहा होता है, हर जगह आपकी उपस्थिति, आपकी कलम और आपका कैमरा जनता के भरोसे को मजबूत करता है। इसी वजह से लोकतंत्र जीवंत रहता है, और समाज सही दिशा में आगे बढ़ता है।

मंत्री आज गोहाना में पत्रकारों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज को सही व सटीक जानकारी उपलब्ध करवाने का कार्य करते हैं। मंत्री ने श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा के कल्याण कोष की स्थापना के लिए स्वैच्छिक कोष से 11 लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने की घोषणा की।

मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में मीडिया कर्मियों के कल्याण-उत्थान के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। मीडिया कर्मियों को 7 दिसंबर, 2017 से पेंशन योजना लागू की है। पहले पेंशन की राशि 10 हजार रुपये मासिक थी, अब इसे बढ़ाकर 15 हजार रुपये मासिक कर दिया गया है। प्रदेश में 222 मीडियाकर्मी इस पेंशन का लाभ उठा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जिला स्तर पर जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारियों के कार्यालय में मीडिया सेंटर स्थापित किए गए हैं।

इस मौके पर चेयरपर्सन नगर परिषद गोहाना रजनी विरमानी, नवीन बंसल, पत्रकार व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा का हुआ भव्य समापन

**कैथल (अप्रस)।** नारायण सेवा संस्थान उदयपुर शाखा कैथल द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का सप्तम एवं अंतिम दिवस हनुमान वाटिका में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। सप्तम दिवस की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत हवन-यज्ञ द्वारा की गई जिसमें श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक आहुतियां अर्पित कीं। कथा व्यास श्री श्री 1008 श्री यमुनापुरी जी महाराज ने समापन दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण की महिमा, उद्धव-गोपी संवाद, वैराग्य एवं मोक्ष मार्ग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन को सेवा, करुणा, सद्भाव एवं भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। कथा में विशेष रूप से शामिल हुई महिलाओं को संस्था द्वारा श्रद्धा स्वरूप कलश भेंट किए गए जिससे महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। समापन अवसर पर संस्था द्वारा जरूरतमंद व्यक्तियों को व्हीलचेयर भी भेंट की गई, जिससे दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनने में सहायता प्राप्त हो सके।

## जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड से सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली रवाना

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 14 दिसंबर।** कांग्रेस कमेटी कैथल के जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड के नेतृत्व में रविवार को कस्बा ढांड से सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली 'वोट चोर, गद्दी छोड़' महारैली में भाग लेने के लिए रवाना हुए। कार्यकर्ता विभिन्न वाहनों के विशाल काफिले के साथ उत्साहपूर्वक दिल्ली के लिए निकले। रैली के लिए रवाना होते समय कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। 'कांग्रेस जिंदाबाद' और 'भाजपा हटाओ, देश बचाओ' जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। दिल्ली रवाना होने से पहले कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड ने कहा कि यह महारैली ऐतिहासिक होगी और भीड़ के सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ते हुए भाजपा सरकार की नींव हिलाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग से त्रस्त है, और अब भाजपा सरकार को सत्ता से हटाने का मन बना चुकी है। भाजपा सरकार के राज करने के दिन हवा हो चुके है। रामचंद्र गुर्जर ढांड ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ लोकतंत्र की रक्षा और जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। जनता भली प्रकार से जान चुकी है कि उनके हित पूरी तरह से कांग्रेस में ही सुरक्षित है और भाजपा सरकार सत्ता के नशे में जनभावनाओं से खिलवाड़ करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड ने दावा किया कि दिल्ली की यह महारैली आने वाले समय में देश की राजनीति की दिशा बदलने में अहम भूमिका निभाएगी और जनता वोट चोरी के दम पर बनी सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने का काम करेगी। इस मौके पर भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

## बाल समेशर क्रिकेट ग्रुप द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में पहुंचे नवीन गर्ग, खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 14 दिसंबर।** बाल समेशर क्रिकेट ग्रुप द्वारा ताऊ देवी लाल कॉलेज मानना में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के तौर पर नवीन गर्ग और अतिविशिष्ट अतिथि के तौर पर दीपा नें शिरकत करते हुए खिला?ियों का हौसला ब?ाया। इस दौरान प्रतियोगिता में गौरा देशवाल नें कॉमेंटेटर की भूमिका निभाई। वही विजेता टीम को ?21000 नगद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया और सेकंड रनरअप टीम को ?11000 की नगद राशि से सम्मानित किया गया। आयोजक हरिओम पंडित और मनोज फौजी नें अपनी टीम के साथ मुख्य अतिथियों का फूल मालाओं से पगड़ी पहननाकर स्वागत किया। वही आयोजक अजय गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि फाइनल मुकाबला महावटी और समालखा की टीम के बीच खेला गया। जिसमें महावटी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में आठ विकेट खोकर 147 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। 147 रनों का पीछा करते हुए समालखा की टीम ने 10 ओवर में 8 विकेट खोकर नंबर नहीं बनाएँ। मुख्य अतिथि ने फाइनल मैच जीतने वाली टीम को नगद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वही सुभाष कुहाड़ ने ने युवाओं से दिनचर्या में खेल को शामिल कर निरोगी रहने को कहा। वहीं नवीन गर्ग ने खिलाड़ियों से कहा कि खेलों से शरीर का विकास होता है और काया निरोगी होती है। उन्होंने निरोगी काया को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताया। उन्होंने युवाओं को खेलों में शामिल होकर निरोगी रहने के लिए जागरूक किया।

## साहित्य सभा की समीक्षा गोष्ठी में कवियों ने किया व्यवस्था पर ब्यंग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 14 दिसंबर।** साहित्य सभा कैथल की मासिक समीक्षा गोष्ठी आरकेएसडी कालेज में हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता अमृत लाल मदान व संचालन रिसाल जांगड़ा ने किया। साहित्य सभा के संस्थापकों में से एक श्रीभगवान दास निर्मोही की सुपुत्री मीनाक्षी गोष्ठी की विशिष्ट अतिथि रहीं। गोष्ठी का आगाज़ सतीश शर्मा की कविता मां तो मां होती है से हुआ। प्यार और वासना पर प्रीतम शर्मा ने कहा, वासना बदन का मेल, मन का मिलन प्यार है। रवीन्द्र कुमार रवि ने कहा, नहीं अब डर नहीं लगता, शहर में नौकरी की है। बलवान कुंडू ने कहा, मछलियों सिर्फ तुम्हें ही आता है धारा के विरुद्ध बहना। अनिल कौशिक ने कविता मां का बोझ पढ़ी। दिनेश बंसल ने कहा तलवार से तीरों से न खंजर से लड़ा हूं। खुद अपनी अना के ही मुकाबिल मैं खड़ा हूं। राजेश भारती ने कहा जितने पहरेदार मिले चोरों के ही यार मिले। राजेश भारती ने अपने स्वप्न के बारे में कहा, मुंह खोलूं तो दिल ये मेरा बस भारत भारत गाए। रजनीश शर्मा ने कहा, कितनी विकृत सोच की है वो औरतें जो दूसरी औरतों को नीचा दिखाती है। शमशेर कैंदल ने कविता विष वमन में जानवरों के माध्यम से देश की राजनीति पर कटाक्ष किया। राजकुमारी मदान ने कविता अजन्मी बेटी पढ़ी।

## सब्जी मंडी में हुआ चेयरमैन सतीश शर्मा सिरटा और उप चेयरमैन का सम्मान समारोह

# भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं : सतीश सिरटा

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**इनका हुआ सम्मान :** चेयरमैन सतीश शर्मा सिरटा के सम्मान समाराहे में जिला संघ चालक श्याम बंसल, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल सैनी, पार्षद काका सचदेवा, सब्जी मंडी प्रधान वीरेन्द्र सतीजा, अनिल आहुजा, एडवोकेट मनोज दुआ, सौरभ चौधरी, हेमंत शर्मा कानूनगो, अशोक भारती, चुडिया राम, प्रधान फतेह सिंह सैनी, संदीप गोयल को भी सम्मानित किया गया।

**कैथल, 14 दिसंबर।** शहर की सब्जी मंडी में पारस मनचंदा द्वारा मार्किट कमेटी के चेयरमैन सतीश शर्मा सिरटा और उप चेयरमैन राम नारायण का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सब्जी मंडी में पहुंचने पर चेयरमैन का फूल मालाओं, पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया गया। इसके बाद सम्मान समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सतीश शर्मा सिरटा ने लोगों से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारियों के साथ साथ कर्त्तव्यों का भी पालन करें ताकि हम विश्व शक्ति बन सके। उन्होंने कहा कि जितना विकास पिछले 70 सालों में नहीं हुआ उतना विकास भाजपा के 10 सालों में हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। इसी का परिणाम है कि भाजपा ने एक मेरे जैसे छोटे से कार्यकर्ता को चेयरमैन के पद पर बिठा दिया। सतीश शर्मा ने कहा कि जो देश अपना इतिहास भूल जाएगा वह देश तरक्की नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हमें अपना विकास और विरासत को सजोकर रखना है। विकास आप सब देख रहे हैं आप यहां से कैथल से चलोगे तो आप सीधा कोलकाता जा सकते हो। कैथल से एंट्री करके आप सीधा जयपुर चले जाओगे। हम सब ने देखा है कि कांग्रेस राज में कैथल से अंबाला रोड बनवाने के लिए भी लोग तरसते थे। यहां पर बड़े बड़े मंत्री बनकर चले गए जिनका अपना महकमा था वह भी कैथल से सिर्फ अंबाला रोड नहीं बना पाए थे लेकिन आज कैथल से अंबाला रोड तो क्या इसके अलावा चंडीगढ़ से सीधा जयपुर चले जाते हो। सही मायने में यहीं विकास है। यह सब मोदी राज में ही संभव है। उप चेयरमैन राम नारायण ने कहा कि जब हम कांग्रेस के कार्यकाल में लघु सचिवालय जाते थे तो कर्मचारियों के पास कुर्सियां नहीं होती थी। कुर्सियां होती थी तो ऊपर पंखे नहीं होते थे। पंखे होते थे तो आगे काउंटर नहीं होता था लेकिन अगर आज आप सचिवालय में जाते हैं तो आप ऐसे बैठते हैं जैसे आप पासपोर्ट ऑफिस में बैठे हैं। ऐसी सुविधा इस भाजपा सरकार ने दी है। इस मौके पर राजकुमार कालड़ा, संदीप कालड़ा, विक्की गोयल, संजय आहुजा, रूपचंद ठुकराल, नरेश प्रजापति, आशीष चौधरी आदि भी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय पेंटिंग वर्कशॉप में शिरकत करने वाले कलाकारों का मंत्री रणबीर गंगवा ने बढ़ाया हौसला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 दिसंबर।** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने आज हिसार में सुरभि आर्ट फेस्टिवल की राष्ट्रीय पेंटिंग वर्कशॉप में शिरकत की।

इस मौके पर मंत्री ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कलाकारों द्वारा बनाई गई विविध विषयों पर आधारित उत्कृष्ट, रचनात्मक एवं भावनात्मक कलाकृतियों का गहन अवलोकन किया और कलाकारों की प्रतिभा की सराहना कर उनका हौसला बढ़ाया।

मंत्री ने कहा कि कला और संस्कृति समाज की पहचान होती है और इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं एवं उभरते कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास और समर्पण से ही कला के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है।

उन्होंने कहा कि कला समाज का दर्पण होता है और कलाकार अपनी कूची व रंगों के माध्यम से समाज की भावनाओं, संस्कृति और विचारों को जीवंत रूप प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पेंटिंग वर्कशॉप युवा एवं उभरते कलाकारों को अपनी प्रतिभा निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर देती हैं। ऐसे मंच कलाकारों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में भी चित्रकला का महत्व कम नहीं हुआ है, बल्कि कला के माध्यम से समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य किया जा सकता है। मंत्री ने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे निरंतर अभ्यास, लगन और अनुशासन के साथ अपनी कला को आगे बढ़ाएं और राज्य व देश का नाम रोशन करें।

इस अवसर पर वरिष्ठ कलाकार, कला प्रेमी, प्रतिभागी कलाकार तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कालियावास बस दुर्घटना पर जताया दुख

# मृतक छात्रा के परिजनों के लिए 2.50 लाख रुपये व घायलों के लिए सहायता राशि की स्वीकृत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 दिसंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गाँव कालियावास जिला झज्जर में हुई बस दुर्घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। उन्होंने दुर्घटना में घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए दिवंगत छात्रा के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कठिन समय में सरकार प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है और सरकार की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि रविवार सुबह दादरी के एक प्राइवेट स्कूल की बस बच्चों को लेकर प्रतापगढ़ जिला झज्जर जा रही थी और हरियाणा राज्य परिवहन चरखी दादरी की बस झज्जर से दादरी वाया बिहरोड आ रही थी। इस दौरान कालियावास गांव में दोनों बसें हादसाग्रस्त हो गई। इस हादसे में स्कूल की एक छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाकी 31 अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में कई बच्चों सहित बस के चालक, परिचालक और अध्यापक शामिल थे। सभी घायलों को स्थानीय नागरिक अस्पताल सहित निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घायलों में से 23 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। इसके अलावा , 8 घायलों का अभी भी उपचार चल रहा है। स्कूल बस के ड्राइवर को रेफर कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने मृतक छात्रा के परिजनों के लिए 2 लाख 50 हजार रुपये की तात्कालिक सहायता राशि स्वीकृत की है। साथ ही 8 उपचाराधीन घायलों के लिए 50 हजार रुपये की तात्कालिक सहायता राशि, निःशुल्क उपचार तथा चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति की स्वीकृति भी दी है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हरियाणा राज्य परिवहन की सभी बसें बीमाकृत है, जिससे यात्रियों को किसी भी अप्रत्याशित स्थिति में बीमा सुरक्षा कवरेज का लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बीमा प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित कर प्रभावित परिवारों को शीघ्र सहायता सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित किया जाए तथा जिला प्रशासन मामले पर लगातार निगरानी रखें। उन्होंने आम नागरिकों से भी धुंध के दौरान यात्रा में पूर्ण सावधानी बरतने की अपील की।

# एनएचपीसी द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागी ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस 2025 में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फरीदाबाद, 14 दिसंबर।** श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, भारत की माननीय राष्टपति राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पुरस्कार समारोह के अवसर पर 14.12.2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में मास्टर स्टैंजिन चोसयांग्स, ड्रुक पद्मा कार्पो स्कूल, शेय, लेह (केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख) के कक्षा दसवीं के छात्र को श्रेणी ÷बी÷ में ऊर्जा संरक्षण पर उत्कृष्ट चित्रकला के लिए द्वितीय पुरस्कार प्रदान करते हुए। इस अवसर पर माननीय केंद्रीय विद्युत एवं आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल, माननीय विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्री श्रीपाद नाईक, भारत सरकार के विद्युत सचिव श्री पंकज अग्रवाल तथा ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के महानिदेशक श्री धीरज कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

भारत की माननीय राष्टपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने ऊर्जा संरक्षण विषय पर श्रेणी ÷बी÷ के अंतर्गत उत्कृष्ट चित्रकला के लिए मास्टर स्टैंजिन चोसयांग्स को जोकि ड्रुक पद्मा कार्पो स्कूल, शेय, लेह, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के कक्षा दसवीं के छात्र है , को ?50,000/- का द्वितीय पुरस्कार, रजत पदक तथा एक लैपटॉप प्रदान किया। यह पुरस्कार

उन्हें राष्ट्रीय स्तर की ऊर्जा संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता 2025 में प्रदर्शित उनकी रचनात्मकता, प्रतिभा एवं जागरूकता के लिए प्रदान किया गया। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पुरस्कार समारोह का आयोजन 14.12.2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में किया गया, जिसमें माननीय केंद्रीय विद्युत एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल, माननीय विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्री श्रीपाद नाईक, भारत सरकार के विद्युत सचिव श्री पंकज अग्रवाल तथा ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के महानिदेशक श्री धीरज कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने विजेताओं को ऊर्जा संरक्षण का संदेश प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने में उनकी असाधारण प्रतिभा एवं कलात्मक कौशल के लिए बधाई देते हुए कहा कि एनएचपीसी ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने वाली युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने पर गर्व महसूस करता है तथा भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के तत्वावधान में संचालित राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण जागरूकता अभियान का सक्रिय भागीदार बना रहेगा।

भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किए गए राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत वर्ष 2025 के लिए एनएचपीसी को अरुणाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, सिक्किम, लद्दाख एवं मध्य प्रदेश में विद्यालय एवं राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण चित्रकला प्रतियोगिताओं के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। एनएचपीसी ने इन राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में विद्यालय एवं राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

**न्यूज ब्रीफ**

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 300 से अधिक लोगों ने करवाई जांच



**जीरकपुर (अप्रस/संदीप सिंह बावा)।** ढकोली स्थित कृष्णा एन्क्लेव में रविवार को श्री राम सेवा संघ की ओर से मैक्स हॉस्पिटल के सहयोग से एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 300 से अधिक लोगों ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप में शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी और थायराइड सहित विभिन्न जांचें की गई। शिविर का उद्देश्य आम लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और समय पर जांच की महत्ता को रेखांकित करना रहा। कार्यक्रम में श्री राम सेवा संघ के संस्थापक एवं भाजपा प्रदेश सचिव संजीव खन्ना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि प्रधान सुधीर कांटीवाल गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर संघ के प्रभारी विशाल शर्मा ने शिविर की रूपरेखा तैयार की और कहा कि भविष्य में भी जीरकपुर के विभिन्न क्षेत्रों में इसी तरह के निःशुल्क सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। श्री राम सेवा संघ के संगठन प्रमुख सुरिंदर पाहवा, निवासी कृष्णा एन्क्लेव, ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर समाज को स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की। शिविर के साथ ही श्री राम जी की रसोई के तहत भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें 400 से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को स्थानीय निवासियों ने सराहा और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों की निरंतरता की अपेक्षा जताई।

# चंडीगढ़ में कुत्ते को भौंकने पर तेजधार हथियार मारा

**मुंह पर 13 टांके लगे, 2 युवक पकड़े; दुकानदार से झगड़ा कर रहे थे**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 दिसंबर।** चंडीगढ़ के सेक्टर-38 में एक किराने की दुकान पर कुत्ते को धारदार हथियार मारने वाले 2 युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया। इसके बाद उन्हें एसडीएम के सामने पेश किया गया, जहां से उन्हें जमानत पर छोड़ दिया गया। पुलिस का कहना है कि उन्होंने मामले का खुद संज्ञान लेकर कार्रवाई की।

हालांकि, किराने की दुकान के मालिक ने बताया है कि उन्होंने पुलिस को मामले में शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस ने कोई एफआईआर दर्ज नहीं की। कुत्ते को 13 टांके आए थे। वह झगड़े के बीच आरोपियों पर भौंक रहा था।

आरोपियों की पहचान डड्डूमाजरा के रहने वाले गौरव शर्मा और संदीप शर्मा के रूप में हुई है। झगड़ा और कुत्ते को मारने की घटना दुकान के पास लगे सीसीटीवी में कैद हुई थी। इससे पुलिस ने आरोपियों को पहचान की और उन्हें पकड़ा था।



### दुकान पर सामान लेने आए थे आरोपी

सेक्टर-38 में एक किराने की दुकान करने वाले लक्ष्य ने बताया कि उन्होंने पुलिस को दी। उसमें बताया कि 9 दिसंबर की शाम करीब 7 बजे तीन युवक उनकी दुकान पर सामान लेने आए थे। उन्होंने कुछ ऐसा सामान मांगा जो, दुकान पर नहीं था। उस समय दुकान पर लक्ष्य के पिता भी मौजूद थे।

### सामान न मिलने पर झगड़ा हुआ

लक्ष्य ने कहा- जब युवकों से कहा गया कि दुकान पर यह सामान नहीं है तो वे बहस करने लगे। देखते ही देखते बहस हाथापाई में बदल गई। इसी दौरान दुकान के पास कुत्ता बैठा था। वह अजनबियों को झगड़ता देख भौंकने लगा। मैं उसे कभी-कभी रोटी या बिस्किट डालता था, इसलिए कुत्ता दुकान के पास ही बैठा रहता था।

### कुत्ते पर धारदार हथियार से वार किया

दुकानदार के मुताबिक, कुत्ते को भौंकता देख युवकों ने झगड़ना छोड़ दिया और कुत्ते पर हमला कर दिया। आरोपी ने उस पर चाकू जैसा धारदार हथियार फेंक कर मारा जो कुत्ते के चेहरे पर लगा। इससे कुत्ता गंभीर रूप से घायल हुआ। इसके बाद युवक मौके से भाग गए।

### सूचना मिलने पर पहुंची थीं सोशल वर्कर, कुत्ते का इलाज करवाया

घटना की सूचना मिलने पर चंडीगढ़ की सोशल वर्कर और डॉग लवर सिमरन बानी मौके पर पहुंची थीं। चोट लगते ही कुत्ता भी मौके से भाग गया था। सिमरन ने बताया कि वह खून की बूंदों का पीछा करते हुए कुत्ते के पास तक पहुंचीं। वह सेक्टर-38 मार्केट के एक शोरूम के पास घायल पड़ा मिला। सिमरन ने बताया कि उन्होंने मौके पर ही डॉक्टर को बुलाया और कुत्ते को फर्स्ट एड दिलवाया। इसके बाद वह कुत्ते को सेक्टर-24 के एक प्राइवेट अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टर ने उसकी आंख के नीचे घाव पर 13 टांके लगाए। फिलहाल कुत्ते की हालत ठीक है। कुत्ते को उन्होंने अपने पास रखा है और उसकी देखभाल कर रही हैं।

# चंडीगढ़ को मिली 15 नई इलेक्ट्रिक बसें

**25 मिलनी थी,बाकी एक हफ्ते में बाकी आएंगी, सीटीयू को नहीं करना पड़ा कोई खर्च**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 दिसंबर।** चंडीगढ़ के पब्लिक ट्रांसपोर्ट को पूरी तरह इलेक्ट्रिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। चंडीगढ़ को मिलने वाली 25 नई इलेक्ट्रिक बसों में से 15 बसें पहुंच चुकी हैं, जबकि बाकी 10 बसें कंपनी एक हफ्ते के भीतर भेज देगी। सभी 25 बसों के आने के बाद इन्हें सड़कों पर उतारने के लिए औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा। इन बसों का निर्माण अशोक लीलैंड की इलेक्ट्रिक बस बनाने वाली कंपनी पी.एम.आई. इलेक्ट्रो मोबिलिटी सोल्यूशंस और स्विच मोबिलिटी ने किया है। 20 नवंबर को 15 साल पुरानी 84 बसों को हटाए जाने के बाद नई इलेक्ट्रिक बसें लाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। सबसे पहले एक प्रोटोटाइप बस को टेस्टिंग के लिए भेजा गया। सेंट्रल इंस्टीट्यूट फॉर रोड ट्रांसपोर्ट (सीआईआरटी) की टीम ने बस की जांच कर रिपोर्ट मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स को भेजी। रिपोर्ट मिलते ही बसों की सप्लाई शुरू कर दी गई। ये सभी बसें वैट लीजिंग सिस्टम पर ली गई हैं। इस मॉडल के तहत चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (सीटीयू) को बसों की खरीद पर कोई पैसा खर्च नहीं करना पड़ा है। इससे खरीद, ड्राइवर की सैलरी और मेंटिनेंस का अतिरिक्त बोझ सीटीयू पर नहीं आएगा। उत्तर भारत में सरकारी स्तर पर वैट लीजिंग सिस्टम का इस्तेमाल सबसे पहले 2004 में हिमाचल प्रदेश सरकार ने किया था, जब प्राइवेट ऑपरेटर्स से वोल्वो बसें ली गई थीं। सीटीयू ने भी इसी तर्ज पर यह करार किया है। एमओयू के अनुसार, बसों का ड्राइवर बस बनाने वाली कंपनी का होगा और मेंटिनेंस का पूरा खर्च भी कंपनी ही उठाएगी। वहीं, बसों में कंडक्टर सीटीयू का रहेगा। सीटीयू कंपनी को बसों के लिए प्रति किलोमीटर 61 रुपए का भुगतान करेगा। ड्राइवर की सैलरी भी कंपनी ही देगी।

# वीआईपी रोड पर हाई स्ट्रीट मार्केट के टॉप फ्लोर पर लगी आग, बड़ा हादसा टला

**करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद 2 फायर टेंडर ने आग पर पाया काबू**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 14 दिसंबर।** रविवार शाम जीरकपुर के वीआईपी रोड पर हाई स्ट्रीट मार्केट के बी-ब्लॉक में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मार्केट के टॉप फ्लोर पर छत पर पड़े कबाड़ में आग लग गई। यह घटना शाम करीब 4.15 बजे हुई, जिससे मार्केट में मौजूद दुकानदारों और ग्राहकों में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें और धुआं देखकर लोग तुरंत मार्केट से बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने के लिए दो फायर टेंडर लगाए गए। फायर कर्मियों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस बीच, फायर ब्रिगेड की टीम ने बहुत सावधानी से काम करते हुए आग को नीचे की ओर फैलने से रोक दिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। आग लगने से कुछ देर के लिए मार्केट में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



सुरक्षा को देखते हुए मार्केट को कुछ समय के लिए खाली करा दिया गया और बिजली की सप्लाई भी बंद कर दी गई। अच्छी बात यह रही कि इस घटना में किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। फायर ऑफिसर जसवंत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट लग सकता है, हालांकि असली कारणों की पुष्टि के लिए मामले की डिटेल में जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि छत पर पड़ा कबाड़ आग लगने का मुख्य कारण बना, जिससे आग तेजी से फैली। इस घटना के बाद प्रशासन ने मार्केट मैनेजमेंट से आग से सुरक्षा के उपायों का रिव्यू करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने की अपील की है।

**चंडीगढ़ नशा तस्कर पर लगा पीआईटीएनडीपीएस एक्ट**

# होम सेक्रेटरी के आदेश पर एक साल की जेल

**पहले ड्रग्स क्वीन पर हुई थी कार्रवाई**

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 14 दिसंबर।** चंडीगढ़ के मलोया थाना पुलिस ने आदतन अपराधी और कुख्यात नशा तस्कर डड्डूमाजरा कॉलोनी निवासी 37 वर्षीय गगन उर्फ गोगी को पिट एनडीपीएस एक्ट, 1988 के तहत हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपी को बुड़ैल जेल भेज दिया है। इससे पहले भी इस मामले में कुख्यात 'ड्रग्स क्वीन' कही जाने वाली बाला को यही एक्ट लगाकर एक साल के लिए जेल में भेजा था। यह कार्रवाई चंडीगढ़ के होम सेक्रेटरी मंदीप सिंह बराड़ के विशेष आदेश पर की गई है। बताया जा रहा है कि यह देश का दूसरा मामला है, जिसमें किसी ड्रग्स सप्लायर को सीधे होम सेक्रेटरी के आदेश पर जेल भेजा गया है। आरोपी की फाइल थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जसवीर सिंह द्वारा बनाकर भेजी गई थी।



**ये मामले दर्ज हैं इनके खिलाफ**

वर्ष 2017 और 2019 में थाना मलोया
वर्ष 2023 में पिंजौर थाना
वर्ष 2024 में थाना मलोया
वर्ष 2025 में एएनटीएफ चंडीगढ़

### 36 केस दर्ज, जिनमें 24 नशे के मामलों से जुड़े

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, आदेश के तहत ड्रग्स तस्कर बाला अब पूरा एक साल जेल में रहेगी। पुलिस रिकॉर्ड बताता है कि बाला पर अब तक कुल 36 आपराधिक केस दर्ज हैं, जिनमें से 24 मामले नशे की सप्लाई और बिक्री से जुड़े हैं। महिला होकर भी बनी नशे के कारोबार की 'क्वीन' बाला का केस नशे की दुनिया में महिलाओं की सक्रिय भूमिका को भी उजागर करता है। आमतौर पर महिलाएं ड्रग्स नेटवर्क में पर्दे के पीछे रहती हैं, लेकिन बाला ने खुद को 'क्वीन ऑफ ड्रग्स' के रूप में पेश किया। वह खुद नशे के सौदागरों से सौदे करती थी और कई बार डिलीवरी तक करने जाती थी। होम सेक्रेटरी मंदीप सिंह बराड़ ने कहा प्रशासन अब नशे से जुड़े मामलों में जीरो टॉलरेंस पॉलिसी पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा समाज को नशे से बचाने के लिए सिर्फ पुलिस नहीं, बल्कि हर स्तर पर प्रशासनिक सख्ती जरूरी है। वहीं प्रशासन अब उन सभी व्यक्तियों की सूची तैयार कर रहा है जो नशे के कारोबार से जुड़े हैं और बार-बार चेतावनी के बावजूद सुधार नहीं कर रहे। आने वाले समय में ऐसे लोगों पर भी बाला की तरह कठोर कदम उठाए जाएंगे।

### हाईकोर्ट कमेटी ने केस को बताया था कमजोर

इससे पहले भी चंडीगढ़ क्राइम ब्रांच ने सेक्टर 38ए की बाला और सेक्टर 45सी के दीपक मित्तल उर्फ विक्की को ड्रग्स तस्करी के आरोप में पीआईटीएनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया था और इन्हें असम की डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल भेजने की तैयारी थी। लेकिन इस पर हाईकोर्ट के तीन रिटायर्ड जजों की एडवाइजरी कमेटी ने सवाल खड़े कर दिए। कमेटी ने चंडीगढ़ पुलिस द्वारा तैयार की गई केस फाइल को कमजोर मानते हुए दोनों आरोपियों को डिब्रूगढ़ जेल भेजने से इनकार कर दिया और इस संबंध में अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेज दी।

# भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन को संजय टंडन ने दी बधाई

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 14 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा रविवार शाम को बिहार प्रदेश के मंत्री नितिन नवीन को पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने बधाई प्रदान की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आपके अनुभव, समर्पण और संगठनात्मक क्षमता से पार्टी को नई मजबूती मिलेगी, ऐसा पूर्ण विश्वास है।

उन्हें बधाई प्रदान करते हुए टंडन ने कहा कि नितिन नवीन गत 20 वर्षों से विधायक रहे हैं और उनका संगठन में भी अच्छा खासा अनुभव है। वे जन सेवा के लिए सदैव अग्रणी रहे हैं और समय समय पर पार्टी ने जब भी उनको कोई भी जिम्मेदारी दी उन्होंने उसे अपने कुशल अनुभव कुशल नेतृत्व से बखूबी निभाया और संगठन के विस्तार के लिए दिन रात एक किया। नितिन नवीन ने अपनी राजनीति की शुरुआत भारतीय जनता युवा मोर्चा (बीजेवाईएम) से की।



राष्ट्रीय महामंत्री और बिहार प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उन्होंने युवाओं को संगठन से जोड़ने का काम किया वे अपने स्वभाव की वजह से सभी लोगों के बीच सामंजस्य बैठाने के धनी हैं और 45 वर्ष की काम आयु में इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलना ये उनकी अथक मेहनत का ही परिणाम है। साथ ही उन्होंने कहा कि ये हमारी पार्टी की विशेषता है कि पार्टी बिना किसी भेदभाव के आपकी संगठन के प्रति निष्ठा और आपकी मेहनत को भांप कर जिम्मेदारी प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में उनकी विधानसभा बांकीपुर में विधानसभा चुनाव में उन्हें वहां काम करने का अवसर प्राप्त हुआ था।

नितिन नवीन की कुशाग्र रणनीति और जनता व कार्यकर्ताओं के साथ मिलन स्वभाव का परिचय उसी समय प्राप्त हो गया था। इसके परिणाम स्वरूप इस बार भी उन्होंने 98000 भारी मतों की जीत लेकर रिकॉर्ड जीत दर्ज करवाई थी।

उन्होंने कहा कि एक सामान्य कार्यकर्ता से भिन्न भिन्न जिम्मेदारियों को निभा कर संगठन ने उनको एहम जिम्मेदारी प्रदान की है। उनके कार्यकाल में पार्टी दिन रात आगे बढ़ेगी और संगठन को मजबूती प्रदान होगी।

### भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण सूद ने भी दी बधाई



**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार प्रदेश के मंत्री नितिन नवीन को पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी प्रदान करना एक सराहनीय कार्य है। मात्र 45 वर्ष के युवा नेता को इतनी अहम जिम्मेदारी वो भी बिना किसी भेदभाव के प्रदान किये जाना यदि सम्भव है तो भाजपा में ही है।' ये बात भारतीय जनता पार्टी के चंडीगढ़ प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व मेयर अरुण सूद ने नितिन नवीन की नियुक्ति के दौरान कही। उन्होंने पार्टी के नए कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन को बधाई प्रदान करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में लोकतंत्र विद्यमान है। उन्हें गर्व है कि वे ऐसे संगठन के सिपाही हैं जहाँ कर्म के आधार पर आपको जिम्मेदारी दी जाती है। नितिन नवीन ने किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। उन्होंने युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में अपना राजनीति का सफर शुरू किया था और फिर समय समय पर पार्टी ने उनके कुशल नेतृत्व का सदुपयोग जहाँ जहाँ भी किया वो शीर्ष नेतृत्व की कसौटी पर खरे साबित हुए। नितिन नवीन को जब छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाकर पार्टी ने एक अहम जिम्मेदारी सौंपी थी। वहां उन्होंने बूथ लेवल मैनेजमेंट, संगठन विस्तार और चुनावी तालमेल पर खास फोकस किया। परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ में पार्टी को बड़ी और निर्णायक जीत मिली। उन्होंने बिहार प्रदेश में भी अपनी अथक मेहनत से संगठन को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाई। जिसके चलते आज पार्टी ने उनको इतनी अहम् जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए वे पुनः उनको बधाई प्रदान करते हैं।

**युवा शक्ति का भाजपा पर विश्वास और मजबूत**

# 'आप' युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज यादव साथियों सहित भाजपा में शामिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 दिसंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के मंत्र, राष्ट्रहित में लिए गए साहसिक निर्णयों तथा पारदर्शी एवं विकासोन्मुख शासन से प्रेरित होकर आज आम आदमी पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज यादव ने अपने सहयोगियों एवं सैकड़ों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने स्वयं सभी नव-प्रवेशित साथियों को पार्टी का पटका पहनाकर उन्हें विधिवत रूप से भाजपा परिवार में शामिल कराया। यह व्यापक जुड़ाव इस बात का स्पष्ट संदेश देता है कि देश का युवा आज मजबूत नेतृत्व, ईमानदार नीयत और विकास की राजनीति पर भरोसा जता रहा है।



भाजपा की नीतियाँ गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के सशक्तिकरण को केंद्र में रखती हैं, जिससे समाज के हर वर्ग को समान अवसर मिल रहा है। यही कारण है कि युवा वर्ग तेजी से भाजपा से जुड़ रहा है।

पंकज यादव के साथ सत्यराज यादव, धर्मेंद्र यादव, संतोष कुमार, संदीप सिंह, अंकित कुमार, राम सूरत यादव सहित अनेक युवाओं ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री रामबीर भट्टी, संजीव राणा, जिला प्रभारी भरत कुमार, जिला अध्यक्ष राकेश सूद, जिला उपाध्यक्ष कैलाशी पूजा, विजय महाजन, जिला महामंत्री राजकुमार राणा, मंडल अध्यक्ष अमित मिश्रा तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता सतिंदर सिंह, हरि शंकर मिश्रा और गोपाल शुक्ला की उपस्थिति रही।

# कुमाऊं सभा के चुनाव प्रचार कार्य में तेजी, 21 दिसंबर को होगा चुनाव

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 दिसंबर।** 21 दिसंबर, 2025 को होने वाले कुमाऊं सभा, चंडीगढ़ के पदाधिकारियों के चुनाव में दोनों ग्रुपों की तरफ से चुनाव प्रचार का कार्य तेज हो गया है। इस चुनाव में गोकुल सिंह नगरकोटी की टीम गाय के चुनाव चिन्ह पर और सुमन शंकर तिवारी की टीम ध्वजा सहित भवन के चिन्ह पर चुनाव लड़ रही है।

सभा के मीडिया प्रभारी शशि प्रकाश पांडेय ने बताया कि इस चुनाव में चार पदों प्रधान, वरिष्ठ उप प्रधान, महासचिव और कोषाध्यक्ष पदों के लिए वोट डाले जाएंगे जबकि मुख्य संगठन सचिव का पद गोकुल नगर कोटी की टीम के उम्मीदवार राजेंद्र सिंह बिष्ट ने निर्विरोध जीत लिया है। रविवार को दोनों टीमों ने ट्राइसिटी के अलग-अलग क्षेत्र में घर-घर जाकर तथा जनसभाएं आयोजित करके प्रचार किया। गोकुल नगरकोटी ने अपनी टीम के साथ पंचकूला सेक्टर 14,16,19, इंदिरा कॉलोनी तथा मनीमाजरा में प्रचार किया।



गोकुल नगरकोटी ने सदस्यों को बताया कि कुमाऊं भवन बनाना, चंडीगढ़ से काठगोदाम तथा रामनगर जाने वाली ट्रेनों के समय में बदलाव, महिलाओं तथा युवाओं की सभा में भागीदारी सुनिश्चित करना, मेधावी छात्र-छात्राओं तथा खिलाड़ियों को सम्मान एवं सहायता देना, उत्तराखंड से गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए पीजीआई चंडीगढ़ आने वाले रोगियों की सहायता करना, कुमाऊंनी भाषा तथा संस्कृति का संरक्षण और बढ़ावा, तथा मेरा गांव मेरा तीर्थ प्रोग्राम का आयोजन करना उनकी टीम के मुख्य मुद्दे हैं।

उन्होंने बताया कि उन्हें हर तरफ से भारी जन समर्थन मिल रहा है इसलिए उनकी टीम जीत के लिए आश्वस्त है। रविवार को उनके चुनाव प्रचार में चंडीगढ़ भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष तथा पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर हीरा नेगी, पूर्व प्रधान बचन सिंह नगरकोटी, पूर्व कोषाध्यक्ष थान सिंह बिष्ट, कुमाऊं युवा परिषद के संस्थापक सदस्य बाला दत्त बेलवाल, सभा के कई वरिष्ठ सदस्य, महिला एवं युवा शक्ति तथा काफी संख्या में अन्य सदस्य आदि उपस्थित थे।

# नामी होटल की लिफ्ट में फंसने से घबराए युवक ने लगाई छलांग, डक्ट में गिरने से हुई मौत

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर,14 दिसंबर।** चंडीगढ़-अंबाला हाईवे पर स्थित एक नामी होटल में रविवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब लिफ्ट में फंसने के बाद एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। लिफ्ट के अचानक बीच में बंद होने से घबराए युवक ने बाहर निकलने की कोशिश की, लेकिन संतुलन बिगड़ने से वह सीधे लिफ्ट की डक्ट में जा गिरा। इस हादसे में उसकी मौके पर ही हालत गंभीर हो गई और बाद में अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया।

मृतक की पहचान राजा (25) निवासी पुराना पंचकूला, हरियाणा के रूप में हुई है। वह चंडीगढ़-अंबाला हाईवे पर स्थित होटल क्लोओ में स्वीपिंग का काम करता था और पिछले कुछ समय से वहीं कार्यरत था। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह राजा अपने साथी रवि के साथ होटल की लिफ्ट से नीचे आ रहा था। इसी दौरान तकनीकी खराबी के चलते लिफ्ट अचानक बीच रास्ते में रुक गई।





प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लिफ्ट के बंद होते ही राजा घबरा गया। उसने लिफ्ट के दोबारा चालू होने या तकनीकी स्टाफ के पहुंचने का इंतजार करने के बजाय खुद ही बाहर निकलने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि उसने जबरन लिफ्ट का दरवाजा खोलने की कोशिश की। दरवाजा थोड़ा खुलते ही राजा ने बाहर निकलने के लिए छलांग लगा दी, लेकिन वह लिफ्ट फ्लोर पर पहुंचने के बजाय सीधे लिफ्ट की डक्ट में जा गिरा। गिरते समय उसका सिर लोहे के एंगल से टकरा गया, जिससे वह बुरी तरह लहूलुहान हो गया।

हादसे के बाद चीख-पुकार सुनकर होटल स्टाफ और प्रबंधन मौके पर पहुंचे। तुरंत घायल राजा को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर फैलते ही होटल परिसर में मातम छा गया और कर्मचारियों में दहशत का माहौल बन गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। जांच अधिकारी एसआई जीवन सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह हादसा लिफ्ट की तकनीकी खराबी और युवक की घबराहट के कारण हुआ प्रतीत हो रहा है। मामले में बीएनएस की धारा 194 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जिसके बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। साथ ही होटल प्रबंधन से लिफ्ट के रखरखाव, सर्विस रिकॉर्ड और सुरक्षा मानकों से जुड़े दस्तावेज भी मांगे गए हैं। पुलिस सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि हादसा लापरवाही का नतीजा था या तकनीकी खामी के कारण हुआ।

सम्पादकीय

# अमेरिकी संसद में भारत पर टैरिफ के खिलाफ प्रस्ताव उचित

आखिरकार अमेरिका में राजनीतिकों को यह बात बखूबी समझ आने लगी है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने की हेकड़ी से अमेरिका को ही नुकसान पहुंच रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने बीते साल भर में तमाम अवसरों पर टैरिफ लगाने और उसे बढ़ाने की धमकियां देकर अपने स्वार्थ को पूरा करने की कोशिशें की हैं, लेकिन भारत का साहस और वैश्विक समाज के सम्मुख उसकी क्षमताएं अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश को भी यह सोचने पर मजबूर कर चुकी हैं कि इससे दोनों देशों के बीच के रिश्ते असामान्य हुए हैं। अमेरिकी संसद में तीन डेमोक्रेट सांसदों की ओर से एक प्रस्ताव पेश किया गया है, जिसमें 50 फीसदी टैरिफ को खत्म करने की मांग की गई है। बेशक, इस प्रस्ताव का परिणाम कुछ भी हो, लेकिन इतना तय है कि अमेरिकी सरकार को इसका अहसास कराने में यह प्रस्ताव कारगर साबित होगा कि अमेरिका एकतरफा ऐसा रवैया नहीं रख सकता है। वहीं यह भी साबित हो गया है कि भारत आज दुनिया में प्रमुख ताकत बनकर उभरा है और विश्व के देशों को उसके आग्रह के अनुसार अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने को बाध्य होना पड़ रहा है। यह वास्तव में ही एक बड़ी जीत है।

**अमेरिकी सरकार की भारत और दक्षिण एशिया के देशों के प्रति बीते कुछ समय के दौरान पॉलिसी में बदलाव आया है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि अमेरिका ने पाकिस्तान को सैन्य उपकरणों को देने और उसके सैन्य विमानों के रखरखाव का बीड़ा उठाया है। अमेरिका को यह मालूम है कि पाकिस्तान अगर अपनी सैन्य ताकत बढ़ाता है तो वह ऐसा किस देश के खिलाफ करना चाहता है। वहीं यह भी साबित तथ्य है कि पाकिस्तान का आतंकी वारदातों में सीधा हाथ प्रमाणित हो चुका है, लेकिन अमेरिका ऐसा करने से उसे रोकने के बजाय आर्थिक और सैन्य मदद उपलब्ध करवा कर पाकिस्तान को ताकतवर बनने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।**

अमेरिकी सरकार की भारत और दक्षिण एशिया के देशों के प्रति बीते कुछ समय के दौरान पॉलिसी में बदलाव आया है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि अमेरिका ने पाकिस्तान को सैन्य उपकरणों को देने और उसके सैन्य विमानों के रखरखाव का बीड़ा उठाया है। अमेरिका को यह मालूम है कि पाकिस्तान अगर अपनी सैन्य ताकत बढ़ाता है तो वह ऐसा किस देश के खिलाफ करना चाहता है। वहीं यह भी साबित तथ्य है कि पाकिस्तान का आतंकी वारदातों में सीधा हाथ प्रमाणित हो चुका है, लेकिन अमेरिका ऐसा करने से उसे रोकने के बजाय आर्थिक और सैन्य मदद उपलब्ध करवा कर पाकिस्तान को ताकतवर बनने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। इस सबके विपरीत अमेरिका भारत की आर्थिक तरक्की से परेशान होकर उस पर टैरिफ थोप रहा है। यह भी दोहरी नीति ही है कि अपने दोस्त पाकिस्तान के प्रति अमेरिका उदार रवैया अपनाते हुए उस पर मामूली टैरिफ लगाता है, लेकिन भारत पर भारी-भरकम टैरिफ लगाकर कारोबार में व्यवधान पैदा कर रहा है। गौरतलब है कि अमेरिकी सरकार ने रूस से कच्चा तेल खरीदने पर भी ऐतराज जताया है, जबकि पूरा यूरोप और खुद अमेरिका भी रूस का ग्राहक है। बीते दिनों रूस के राष्ट्रपति की भारत यात्रा भी अमेरिका को नहीं भायी है।

राष्ट्रपति ट्रंप बीते कुछ महीनों से भारत के प्रति अपनी टिप्पणियों के लिए विख्यात हैं, वहीं 50 फीसदी टैरिफ लगाकर वे भारत के साथ गतिरोध पैदा कर चुके हैं। अनोखी बात यह है कि राष्ट्रपति ट्रंप भारत के प्रति कभी गरम तो कभी नरम रवैया भी प्रदर्शित कर रहे हैं। बेशक, उनके बयानों की सच्चाई क्या है, यह वही जानते हैं। लेकिन इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार अमेरिका से बातचीत के इंतजार की बात कही है, वह एक सुलझे हुए राजनीतिक का ही परिचय है। हालात कुछ ऐसे हैं कि अमेरिका की अहमियत और जरूरत कभी खत्म नहीं होगी, अमेरिका से भारत कभी भी खुद को दूर करके नहीं रख सकता। चीन जैसे देश कभी भी भारत से स्थायी दोस्ती के काबिल नहीं हो सकते, हालांकि अमेरिका से भारत के रिश्ते बीते वर्षों में सुधरे हैं, लेकिन मौजूदा सरकार के समय अगर वे चुनौती पूर्ण हुए हैं तो हमें समय बदलने का इंतजार करना चाहिए। संभव है, भारत सरकार इस समय इसी रणनीति के तहत काम कर रही है और अमेरिका में हालात बदलने का इंतजार है।

हालांकि अमेरिका के बदले हुए रूख के पीछे भारत का चीन के साथ अपनी दूरियों को खत्म करना भी है। बेशक, यह कूटनीतिक है लेकिन इस समय भारत, रूस और चीन का एक मंच पर आना अमेरिका को व्यथित कर गया है। चीन, रूस और भारत के एक मंच पर आने से वैश्विक समाज और अमेरिका में जैसी बेचैनी दिखी है, उसने विश्व में नए नेतृत्व के खाके की संभावनाओं को बढ़ा दिया है। अमेरिकी मीडिया का कहना है कि ट्रंप सरकार ने भारत, चीन और रूस को एकजुट होने का अवसर दिया है। वहीं चीन को भी इसका मौका प्रदान कर दिया है कि वह इस तिकड़ी के जरिये अमेरिका को पीछे कर विश्व नेता बन सकता है। एकाएक बदले इस वैश्विक समीकरण को समझने में विशेषज्ञ भी समय ले रहे हैं। अमेरिकी टैरिफ की वजह से यह सब हुआ या फिर इसके पीछे वास्तव में भविष्य की कोई गहरी रणनीति छिपी है, इसका आकलन हर तरफ किया जा रहा है। निश्चित रूप से अमेरिका में थिंक टैंक इस पर गौर कर रहे हैं कि टैरिफ विवाद की वजह से अमेरिका के भारत से आर्थिक और सैन्य संबंध कमजोर हुए हैं, समय रहते दोनों देशों को इन्हें सुधारने पर ध्यान देना होगा।

# प्रशासनिक तंत्र की तय हो जाबदेही..



उत्तर भारत की सर्दियां गोवा के लिए वरदान होती हैं। अरब सागर तटीय इस राज्य में सर्दियों में उत्तर भारतीय सैलानियों की आवक बढ़ जाती है। लेकिन हो सकता है कि इस बार यह आवक कम हो। गोवा में साल के आखिरी दिनों और अगले साल की छुट्टियां मनाने का मन बना चुके सैलानियों में इस बार हिचक हो सकती है। वजह है, यहां के मशहूर नाइट क्लब 'बर्क बाय रोमियो लेन' में लगी आग, जिसमें पांच सैलानी समेत पच्चीस लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है।

दुर्घटनाएं कह कर नहीं आतीं, लेकिन उनकी रोकथाम की मुकम्मल तैयारी से शायद ही किसी को इनकार हो। लेकिन समंदर के किनारे से छनकर आती रोशनियों के बीच स्थित गोवा के इस नाइट क्लब में लगी आग और उसमें गई निर्दोष जान ने सबसे बड़ा सवाल उस प्रशासनिक तंत्र पर लगाया है, जिस पर इस हादसे की रोकथाम की जिम्मेदारी थी। बताया जा रहा है कि अनधिकृत ढंग से इस नाइट क्लब का निर्माण किया गया था। इस अनधिकृत निर्माण को तोड़ने के लिए गोवा की संबंधित पंचायत ने निर्देश भी दे रखा है। आग लगने की दशा में उसके रोकथाम और बचाव को लेकर इस नाइट क्लब में कोई मुकम्मल इंतजाम नहीं था। इतना ही नहीं, यह क्लब बेहद संकरी जगह पर है, जहां आसानी से जाना संभव नहीं है।

भारत में एक चलन स्वीकार कर लिया गया है। नियमावलियां तो खूब बनाई गई हैं। लेकिन वे सिर्फ दस्तावेजों के लिए हैं। जिन्हें इन नियमावलियों को लागू करने की जिम्मेदारी है, जिन पर इन नियमावलियों को तोड़ने वालों को उचित कानूनी प्रक्रिया के तहत दंडित करने-कराने की जवाबदेही है, अक्सर वे इससे आंखें मूंद लेते हैं। कई बार नियम तोड़ने वालों से संबंध पलकों को मोड़ने का जरिया बनते हैं तो कई बार रिश्वत की रकम का बोझ पलकों को झुकने के लिए मजूबूर कर देता है। भारत के प्रशासनिक तंत्र का बड़ा हिस्सा इसी तरह की मानसिकता में काम करता है। वह दुर्घटनाओं और हादसों का इंतजार करता है। वह तभी जागता है, जब हादसे हो जाते हैं, उनमें मासूम जानें चली जाती हैं। तब उन्हें नियमों की तेजी से याद आने लगती है। प्रशासनिक तंत्र की बंद आंखे तब ऐसे खुल जाती हैं, जैसे भगवान शिव का तीसरा नेत्र खुलता है। तब उसे अनधिकृत निर्माण भी दिखने लगता है, तब उसे कार्रवाई की भी सूझने लगती है। कार्रवाई होती भी है। गोवा के 'बर्क बाय रोमियो लेन' क्लब के मालिकों पर भी होगी, लेकिन इसका असर कितनी देर तक रहेगा, कहना मुश्किल है। क्योंकि वक्त बीतते-बीतते कार्रवाई में ढिलाई भी शुरू हो सकती है और अगर किसी सामाजिक संस्था, किसी राजनीतिक व्यवस्था या किसी न्यायिक व्यवस्था की निगाह उस पर नहीं पड़ी तो कार्रवाई धीरे-धीरे टलती चली जाएगी, उसकी तासीर ठंडी होती जाएगी और फिर हो सकता है कि नियमों को तोड़ने वाले किसी और जगह नियम तोड़कर ऐसा ही किसी और नाम से नाइट क्लब चलाने लगें

भारत में अंग्रेजों ने प्रशासनिक ढांचा अपने राजकाज को चलाने के लिए बनाया था। उसे लंबी अवधि तक बनाए रखने के लिए बनाया था। देखते ही देखते यह तंत्र स्टील फ्रेम में तब्दील होता चला गया। वैसे भी जर्मन दार्शनिक मैक्स वेबर इसे स्टील फ्रेम ही बताते हैं। संविधान सभा ने भारत के भावी प्रशासनिक तंत्र की रूपरेखा को लेकर चर्चा की थी। उसने इस पर गंभीर विमर्श किया था। संविधान सभा में प्रशासनिक तंत्र पर व्यापक चर्चा हुई, जिसका उद्देश्य एक ऐसा ढांचा तैयार करना था जो स्वतंत्र भारत के लिए प्रभावी, निष्पक्ष और लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति जवाबदेह हो । संविधान सभा के सदस्यों को संदेह था कि भारत की भावी नौकरशाही भारतीय मूल्यों और भारतीय व्यवस्था के अनुरूप नहीं हो पाएगी। इसी लिए संविधान सभा में तत्कालीन सदस्यों ने नौकरशाही की भूमिका पर ना सिर्फ व्यापक चर्चा की, बल्कि उसकी राजनीतिक तटस्थता, कार्यक्षमता, जवाबदेही और नए स्वतंत्र राष्ट्र के लोकतांत्रिक ढांचे में उसकी स्थिति सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया । इन बहसों का उद्देश्य एक ऐसी सिविल सेवा प्रणाली स्थापित करना रहा, जो संविधान के सिद्धांतों के प्रति निष्ठावान हो और लोगों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हो। सवाल यह है कि क्या संविधान सभा की बहसों के अनुरूप आज की नौकरशाही बन पाई है। उसके ज्यादातर हिस्सों को देखिए तो लगता है कि बिल्कुल नहीं। आज भी उसमें अंग्रेजी राज जैसी अकड़ है, उसका ध्यान ज्यादातर अपनी ताकत को बचाए रखने और उसके जरिए आर्थिक साम्राज्य खड़ा करने पर है। भारत का शायद ही कोई राज्य हो, जहां की नौकरशाही में अकूत संपत्ति के मालिक, भ्रष्टाचारी और कर्त्तव्यहीन अफसर ना होंगे। मध्य प्रदेश जैसे जिन राज्यों में लोकपाल व्यवस्था कायम है, वहां आए दिन ऐसे अफसरों पर छापे पड़ते हैं, उनके घर मिले नोटों को गिनने के लिए मशीनें लानी पड़ती हैं। कई बार तो नोट गिनने में ही दो-दो तीन-तीन दिन लग जाते हैं। सवाल यह है कि क्या अफसरों के पास अकूत धन उनके सत्कर्मों और कर्त्तव्यपरायाणता के चलते आता है? निश्चित रूप से इस सवाल का जवाब ना में हैं। पैसे आते हैं, अवैध निर्माण को बढ़ावा देने से, नियमों की अवहेलना करने वालों से मिलने वाली रकम से, लोक के लिए आए फंड की बंदरबांट से। बिना प्रशासनिक मिलीभगत के यह कल्पना बेकार है कि किसी नाइट क्लब में अवैध निर्माण होगा, वह संकरी गलियों में चलेगा और उसमें सुरक्षा के इंतजाम नाकाफी होंगे।

हाल के दिनों में सड़कों पर बसों के आग का गोला बनने की घटनाएं भी बढ़ी हैं, अवैध निर्माण के खिलाफ बुलडोजर भी चले हैं या चल रहे हैं, सवाल यह है कि क्या खटारा बसें बिना प्रशासनिक मिलीभगत और लापरवाही से सड़कों पर चल सकती हैं, क्या अवैध निर्माण बिना प्रशासनिक सहयोग के हो सकता है, निश्चित तौर पर ऐसे सवालों का जवाब ना में है। जब भी हादसे होते हैं, जब कोई बस आग का गोला बनती है, जब अवैध निर्माण सामने आता है, संबंधित बस मालिक के खिलाफ कार्रवाई हो जाती है, अवैध निर्माण गिरा दिया जाता है। लेकिन इन सबके लिए प्रशासनिक रूप से जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती। वे साफ बच जाते हैं।

## हरियाणा की डायरीः साप्ताहिक कॉलम

# अब हरियाणा की बारी



लेखकः चंद्रशेखर धरणी
स्वतंत्र पत्रकार

उत्तर प्रदेश में भाजपा अध्यक्ष की नियुक्ति की कवायद शुरू होने के बाद हरियाणा में भी हलचल तेज हो गई है। हरियाणा में भी भाजपा अध्यक्ष का चुनाव होना है। इसे लेकर दिल्ली से केंद्रीय नेतृत्व की हरी झंडी भी मिल चुकी है। फिलहाल मोहन लाल बड़ौली प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, जबकि इस पद के लिए पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता दावेदार माने जा रहे हैं। सूबे के बड़े साहब यानि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री व मौजूदा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के बीच भी इस विषय को लेकर चर्चा हो चुकी है। वहीं, हाल ही में दिल्ली में हरियाणा बीजेपी के एक बड़े नेता ने राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह के साथ भी मध्य रात्रि में बैठक की थी। हरियाणा बीजेपी संगठन में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए कुल 117 मतदाता हैं। इनमें राज्य के सभी 27 जिला अध्यक्ष और 90 हलका अध्यक्ष शामिल हैं। ये सभी प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में मतदान करेंगे। चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने के लिए मतदाताओं को रोहतक या पंचकूला स्थित भाजपा के राज्य कार्यालय में बुलाए जाने की संभावना है। वर्तमान में मोहन लाल बड़ौली प्रदेश अध्यक्ष हैं और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ उनका अच्छा तालमेल माना जाता है। उनके नेतृत्व में पार्टी ने लोकसभा में 5 सीटें जीतीं और विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत के साथ हरियाणा के इतिहास में पहली बार तीसरी बार सरकार बनाई। केंद्रीय नेतृत्व में भी उनकी अच्छी पकड़ बताई जाती है। हालांकि कसौली गैंगरेप केस को लेकर उन पर आरोप रहे हैं, जिनमें एक मामले में उन्हें राहत मिल चुकी है, जबकि दूसरा मामला अभी अदालत में लंबित है।

### म्हारे कृषि क्षेत्र में होगा ऐतिहासिक डिजिटल बदलाव

आमजन के हित के लिए कई प्रकार की योजनाएं और पोर्टल लॉन्च कर चुकी हरियाणा सरकार अब कृषि के क्षेत्र में भी ऐतिहासिक डिजिटल बदलाव की तैयारी कर रही है। इसके तहत किसानों का पूरा रिकॉर्ड एक ही डिजिटल प्लेटफार्म पर होगा और फसलों का भी डिजिटल सर्वे कराया जाएगा। इसके लिए किसान-रजिस्ट्री (एग्रीस्टैक) और डिजिटल क्रॉप सर्वे को योजना की अंतिम रूप दिया जा रहा है। हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल के निदेश पर यह योजना तैयार की गई है। राजस्व एवं आपदा विभाग सभी आवश्यक डेटा केंद्रीय प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट के साथ साझा कर चुका है। फिलहाल डिजिटल क्रॉप सर्वे पोर्टल अभी तक चालू नहीं हुआ है। सरकार की ओर से 1 करोड़ 78 लाख भूमि खंडों पर सर्वे टीमों की तैनाती की जाएगी, जबकि एक जनवरी से किसान-रजिस्ट्री शिविर और एक फरवरी से डिजिटल क्रॉप सर्वे शुरू किया जाएगा।

### फिर से पुलिस के बड़े साहब पर टिकी निगाहें !

हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार खुदकुशी मामले में राजनीतिक और प्रशासनिक दवाब के चलते दो महीने के अवकाश पर भेजे गए प्रदेश पुलिस के मुखिया शत्रुजीत कपूर का नाम एक बार फिर से चर्चा में है। दअरसल, कपूर को दो माह के अवकाश पर भेजे जाने पर उनके स्थान पर आईपीएस अधिकारी ओपी सिंह को कार्यवाहक डीजीपी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। अब चूंकि शत्रुजीत कपूर के दो माह के अवकाश का समय पूरा हो चुका है। ऐसे में राजनीतिक गलियारों समेत चौपालों पर चर्चा है कि हरियाणा के पुलिस प्रशासन में जल्द ही बड़ा फेरबदल हो सकता है। राज्य के डीजीपी व एडीजीपी रैंक के अधिकारियों समेत कई आईपीएस और एचपीएस अधिकारियों के तबादलों की सूची किसी भी समय आ सकती है। प्रशासनिक अधिकारियों की निगाह इस बात पर टिकी है कि आइपीएस अधिकारियों की तबादला सूची में अवकाश पर चल रहे पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर का नाम होगा अथवा नहीं। चर्चा है कि उनके अवकाश से लौटने के बाद तकनीकी रूप से पहले पुलिस महानिदेशक के पद का दायित्व संभालेंगे। सरकार ने यदि उन्हें इस जिम्मेदारी से अलग नहीं किया तो वे पुलिस महानिदेशक के रूप में अपनी सेवाएं देते रहेंगे। यदि सरकार ने उन्हे किसी दूसरे पद पर स्थानांतरित कर दिया तो ओपी सिंह को 31 दिसंबर तक कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक के पद पर जारी रखा जा सकता है।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### नगर में पूर्व न्यायाधीश सहित अनेक गिरफ्तार, हिमाचल म.प्र. में कार्यालय शील, विधायक सहित सैकड़ों गिरफ्तार

चंडीगढ़। अयोध्या में विवादि ढाचा द्वारा गिराए जाने के बाद केंद्र सरकार द्वारा पांच सांप्रदायिक संगठनों पर लगाए गए प्रतिबंध के सिलसिले में विभिन्न राज्यों के साथ-साथ नगर में भी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्त्ताओं को धर पकड़ का सिलसिला शुरु हो गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आज सवेरे एक पुलिस पार्टी ने एसपी सुधीर मोहन की अध्यक्षता में पंजाब व हरियाणा में हाईकोर्ट के पूर्व न्यायधीश श्री जीवी गुप्ता सहित दर्जनों कार्यकर्त्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। श्री गुप्ता के अलावा गिरफ्तार होने वालों में एडवोकेट आर.के. मित्तल, राम नारायण जोशी अध्यक्ष स्वतंत्रता सेनानी एसोसिएशन चंडीगढ़ ओपी वैद्य पूर्व उपाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद व दीपक जयसवाल, मगल देव, राम लाल व रामजी लाल बैरवा पुजारी विश्व कर्मा मंदिर राम दरबार शामिल है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1749- शिवाजी महाराज के पोते साहू जी का निधन।

1803- भोंसले और ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच हुई देवगांव संधि के तहत उड़ीसा और कटक कंपनी के शासन के अधीन हुए।

1950- भारत रत्न से सम्मानित देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल का निधन।

1953- भारत की एस विजयलक्ष्मी पंडित संयुक्त राष्ट्र महासभा के आठवें सत्र की अध्यक्ष चुनी गईं। इस पद पर पहुंची वह पहली महिला थीं।

1965- बंगलादेश में गंगा नदी के तट पर आये चक्रवात में करीब 15,000 लोगों की जान गई।

1976- भारत के प्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी बाइचुंग भूटिया का सिक्किम में जन्म।

1982- स्पेन ने जिब्राल्टर की सीमा को खोल दिया। स्पेन की नयी सोशलिस्ट सरकार ने मानवीय आधार पर आधी रात को यह दरवाजे खोलकर स्पेन और जिब्राल्टर के लोगों के बीच की दीवार को खत्म कर दिया।

1991- मशहूर फिल्म निर्माता सत्यजीत रे को सिनेमा की दुनिया में उनके अहम योगदान के लिए 'स्पेशल ऑस्कर' सम्मान दिया गया।

## बोल ब्यूटीफुल



**सुहेल सेठः** बंगाल के लोग खेल प्रेमी होते है, जिनका फुटबाल के साथ लगाव और उत्साह अलग ही दर्जे का है। इसलिए मेसी के वहां जाने पर सवाल उठाना उचित नहीं। सवाल इस पर उठना चाहिए कि उनके कार्यक्रम के समय ऐसी अराजकता क्यों पनपी?

# देश की राजधानी किसी बुरे सपने से कम नहीं है

देश में वोट बैंक की राजनीतिक के समक्ष पर्यावरण प्रदूषण जैसे मुद्दे हाशिए पर धकेले जाते रहे हैं। राजनीतिक दल इसे समस्या तो मानते हैं किन्तु इसके स्थायी निदान के लिए न तो कोई कार्ययोजना है और न ही इच्छाशक्ति। देश की राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र भीषण प्रदूषण की मार झेल रहा है। यही वजह है कि प्रदूषण की भयावहता तमाम क्षेत्रों में तरक्की को मुंह चिढ़ा रही है। सरकारों और राजनीतिक दलों की बला से प्रदूषण प्रभावित इन क्षेत्रों के करोड़ों लोगों बेशक तिल–तिल करके मरते रहें। इसके विपरीत नेताओं का सरोकार सिर्फ चुनाव जीतने भर तक सीमित रह गया है। सत्तारुढ़ और विपक्षी दल इस मुद्दे पर चिंता जताने तक सीमित हैं। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत में विपक्ष के कुछ सांसदों ने अपने चेहरों पर मॉस्क लगाया और प्रदूषण के खिलाफ नारे लिखे तख्यियां और बैनर लेकर प्रदर्शन किया। विपक्षी सांसदों का नेतृत्व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने किया। एक बैनर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर थी जिस पर लिखा था 'मौसम का मजा लीजिए'।

सरकारी नजरिए से देखें तो राजधानी दिल्ली और आस–पास के क्षेत्रों में प्रदूषण लाइलाज समस्या बन चुका है। हर साल सर्दी का मौसम आते ही दिल्ली का इलाका गैस चैंबर बन जाता है। इस बात से सत्तारुढ़ और विपक्षी दल अनजान नहीं हैं। इसके बावजूद कोरी बयानबाजी के अलावा लोगों को उनके हाल पर छोड़ रखा है। दिल्ली का औसत एक्यूआई लेवल 377 तक दर्ज हो चुका है। ऐसे में लोगों को सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन की समस्या देखने को मिल रही है। आनंद विहार, बवाना, चांदनी चौक जहांगीर पुरी, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम और नेहरू नगर में एक्यूआई लेवल 400 के पार तक पहुंच गया। दिल्ली की हवा में घुला जहर कम कब होगा। इस सवाल का जवाब इस समय शायद किसी के पास नहीं है। शायद इसीलिए डॉक्टरों ने साफ कह दिया है कि बच्चों की सेहत ठीक रखना चाहते हैं, तो कुछ दिनों के लिए दिल्ली छोड़ दीजिए।

दिल्ली में एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट के लिए डिसीजन सपोर्ट सिस्टम (डीएसएस) के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में प्रदूषण के बड़े कारण ट्रांसपोर्ट, पराली है। गाड़ियों से फैले प्रदूषण का हिस्सा 18.42 प्रतिशत था। आंकड़ों के हिसाब से 16.31 प्रतिशत प्रदूषण के अन्य सोर्स हैं, जिसमें आतिशबाजी, डीजल जनरेटर जैसे सोर्स शामिल है। शादियों के सीजन की वजह से आतिशबाजी हो भी रही हैं। अगले तीन दिन इन अन्य सोर्स का प्रदूषण का हिस्सा और बढ़कर 43.4 प्रतिशत तक जाने का अनुमान है। दिल्ली में एक्यूआई 400 तक के खतरानक स्तर को छू चुका है, जो वायु प्रदूषण की गंभीर हालत दिखाता है। वहीं मुंबई में भी ये 200 के करीब पहुंच गया था, जिसके बाद वहां ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप 4) लागू किया गया। हालांकि दिल्ली में अभी ग्रैप 4 लागू नहीं किया गया। उल्टे दिल्ली एनसीआर में 26 नवंबर को ग्रैप 3 की पाबंदियां भी वापस ले ली गई थीं। बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने शहर में निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी थी। देवनार, मलाड, बोरीवली, अंधेरी ईस्ट, नेवी नगर, पवई और मुलुंड जैसे इलाकों में प्रदूषण की खराब स्थिति के बाद ये फैसला लिया गया था।



दिल्ली में प्रदूषण पराली जलने, वाहनों के धुएं और कारखानों से निकलने वाला कार्बन उत्सर्जन जिम्मेदार है। हवाओं की रफ्तार धीमी पड़ने से हालात और खराब हो जाते हैं। हालांकि मुंबई और अन्य समुद्री इलाकों में प्रदूषण की स्थिति बेहतर रहती है, क्योंकि वहां हवा चलने के कारण प्रदूषणकारी तत्व शहर से दूर चले जाते हैं। मुंबई में मेट्रो, फ्लाईओवर जैसे बड़े निर्माण कार्य, वाहनों की बढ़ती तादाद और कचरा जलाने जैसी वजहों से हालत बिगड़ी है। मुंबई जैसे समुद्री इलाकों में एक्यूआई बढ़ना खतरे की घंटी है। मुंबई में ग्रैप-4 की पाबंदियों के बाद एक्यूआई 150 से नीचे आ गया, जबकि दिल्ली की हवा में अब भी दम घुट रहा है। मुंबई की हवा अब सांस लेने लायक हो गई है। यहां कई जगह एक्यूआई लेवल 100 के आसपास हो गई। हालांकि, दिल्ली में एक्यूआई लेवल अब भी कई जगह 400 के पार है। हवा की गति बढ़ने और पानी छिड़काव जैसे उपायों से मुंबई में हवा की गति बढ़ने और पानी छिड़काव जैसे उपायों से मुंबई में एक्यूआई स्तर 150 से नीचे आने में मदद मिली।

दुनिया भर में वायु प्रदूषण को मापने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था आईक्यूएआईआर की नवीनतम लाइव रैंकिंग में भारत की राजधानी दिल्ली इस सूची में पहले स्थान पर रही। जबकि दूसरे स्थान पर उज़्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद 251 के एक्यूआइ के साथ दर्ज है। तीसरे नंबर पर पाकिस्तान का लाहौर (एक्यूआइ 215), चौथे पायदान पर बांग्लादेश की राजधानी ढाका 211, एक्यूआइ के साथ है। भारत का कोलकाता भी 211 के एक्यूआइ के साथ पांचवें स्थान पर है। देश की राजधानी दिल्ली में एयर इमरजेंसी है। राजधानी दिल्ली गैस चैंबर बन गई है। राजधानी दिल्ली हांफ़ रही है, खांस रही है। दिल्ली की हवा ज़हरीली हो गई है। दिल्ली में हर व्यक्ति हर पल अपने फेफड़ों में ज़हर भर रहा है। दिल्ली को डिटॉक्स करने की ज़रूरत है। दिल्ली-एनसीआर इलाके की इन दिनों जैसे बस यही पहचान बन गई है। देश ही नहीं दुनिया भर के अख़बारों-समाचार चैनलों, वेबसाइट्स में दिल्ली की हवा सुर्खियों में है। दिल्ली एनसीआर में इस समय धुंध नहीं बल्कि, हवा में मौजूद धूल के कारण है, वो धूल जो कभी कंस्ट्रक्शन की वजह से कभी पोल्यूशन की वजह से कभी पराली की वजह से घटना हो रही है।

ये लटके हुए कण जो धूल के हैं ये पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे महीन कण इसमें शामिल हैं। इसका मतलब यह है कि एक दिन की दिल्ली की हवा में सांस लेना करीब 50 सिगरेट के पीने के बराबर है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि दिल्ली की हवा का क्या हाल है। रोज पीने-उपयोग करने वाला भूजल भी अब दिल्ली में सुरक्षित नहीं बचा है। केंद्रीय भूमिजल बोर्ड की नई रिपोर्ट बताती है कि इस पानी में यूरेनियम जैसे खतरनाक तत्वों के साथ नाइट्रेट, फ्लोराइड, लेड और ज्यादा नमक तक मिला हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया कि राजधानी के कई हिस्सों से लिए गए भूजल के नमूनों में यूरेनियम की मात्रा सामान्य सीमा से कहीं अधिक पाई गई। यूरेनियम धीरे-धीरे शरीर में जमा होता है और गुर्दों, हड्डियों और शरीर के कई अंगों को नुकसान पहुँचा सकता है।

रिपोर्ट में साफ हुआ कि पानी में नाइट्रेट, फ्लोराइड, लेड और ज्यादा नमक भी पाया गया है। नाइट्रेट ज़्यादातर गंदे पानी और खाद से जमीन में रिसकर आता है। फ्लोराइड बढ़ने से दाँत और हड्डियाँ कमज़ोर होने लगती हैं। लेड शरीर के दिमागी विकास पर भारी असर डालता है और बच्चों व गर्भवती महिलाओं के लिए बेहद खतरनाक है। नमक और घुले पदार्थ ज्यादा होने से पानी पीने लायक नहीं रह जाता और पाचन व गुर्दों पर दबाव पड़ता है। दिल्ली में लगातार ज़्यादा गहराई तक बोरिंग होने लगी है, जिससे ऐसे हिस्सों का पानी ऊपर आ रहा है जहाँ मिट्टी में खुद ही खनिज और भारी तत्व मौजूद रहते हैं। दूसरी ओर, सीवर रिसाव, गंदे पानी का जमीन में घुसना और रासायनिक कचरे का सही निस्तारण न होना भी भूजल को ज़हरीला बना रहा है। जमीन रिचार्ज होने की जगह घट गई है और पानी अपना प्राकृतिक संतुलन खो रहा है।

दिल्ली में हवा और पानी दोनों ही गंभीर रूप से प्रदूषित हो रहे हैं। वायु प्रदूषण के साथ-साथ जल प्रदूषण भी लोगों के लिए बड़ी समस्या बन रहा है। दिल्ली में हर साल सर्दियों में वायु प्रदूषण बढ़ जाता है और यमुना में झाग भी बनने लगते हैं। कालिंदी कुंज इलाके में यमुना नदी में सफेद झाग दिखाई दिए। विशेषज्ञों का कहना है कि यह झाग पानी में मौजूद फॉस्फेट, डिटर्जेंट और औद्योगिक अपशिष्टों के कारण बनता है। यह न सिर्फ नदी के पारिस्थितिक तंत्र को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद खतरनाक है। सवाल यही है कि आखिर देश की राजधानी दिल्ली वायु–जल प्रदूषण को लेकर और कितनी रसातल तक जाएगी। आखिर नेताओं और सरकारों की कुंभकर्णी नींद कब खुलेगी। चुनी हुई सरकारों से उम्मीद की जाती है कि जनहित का ख्याल रखेंगी। इस लिहाज से दिल्ली किसी बुरे सपने से कम नहीं है।

वशिष्ट पब्लिक स्कूल में मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

# बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा सबका मन

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा




**ऊना।** वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में सतपाल सत्ती, विधायक ऊना व विशिष्ट अतिथि के रूप में वीरेंद्र कंवर, पूर्व विधायक ( कुटलैहड़ ) ने शिरकत की। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सतपाल वशिष्ट, प्रधानाचार्य दीपक कौशल, मैनेजिंग कमेटी के सदस्य अशोक नंदा, राज वशिष्ट , महेंद्र वशिष्ट , रमेश वशिष्ट, नरेश वशिष्ट , अनुज वशिष्ट व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। समारोह की शुरुआत ज्योति प्रज्वलन, मंत्र उच्चारण व गणेश वंदना के साथ हुई। जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक और प्रेरणादायक बना दिया । इस समारोह में स्कूल के लगभग 950 विद्यार्थियों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबका मन मोहा। वहीं नृत्य तक हर गतिविधि के लिए बच्चों ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत की है। बच्चों की इस तैयारी में न केवल उनके कौशल निखरे हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और टीमवर्क की भावना भी विकसित हुई है। विद्यालय ने इस सत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 10वीं और 12वीं के परिणाम शत- प्रतिशत रहे,जिसमें कक्षा दसवीं के 10 विद्यार्थियों ने 90त्न से अधिक अंक प्राप्त किए और कक्षा 12वीं के 9 विद्यार्थियों ने 90त्न से अधिक अंक प्राप्त किए हैं । विद्यालय के पाँच बच्चों को शुद्ध गोल्ड मेडल तथा सात बच्चों को सिल्वर मेडल से नवाजा गया। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले ईशान शर्मा का दाखिला एम.बी.बी.एस. आई.जी.एम.सी. शिमला , रित्विक सैनी का दाखिला एम.बी.बी.एस. जी.एम.सी. टांडा, अश्लेष साहनी का दाखिला एम.बी.बी.एस. जी.एम.सी. टांडा , स्निग्धा भारद्वाज का दाखिला एम.बी.बी.एस.आर.जी.एम.सी. हमीरपुर, अमृतांशु चड्ढा का दाखिला बी.टेक .आई. एस. इ.आर .भोपाल में हुआ। सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाली हरमनजोत कौर का दाखिला बी.टेक.जे. एन .जी. ई .सी. सुंदरनगर, कौशिकी ठाकुर का दाखिला एम.बी.बी.एस. एम.एम.यू. सोलन, सुकृति का दाखिला एम.बी.बी.एस .ए.एम. सी. एच. कुरुक्षेत्र , उदय शर्मा का दाखिला बी. बी .ए. आई.आई.एम बैंगलोर, शिवांश का दाखिला बी.कॉम. ऑनर्स डी. यू. दिल्ली, आर्यमन जोशी का दाखिला बी.एस.सी. (एच. एम.) आई.एच.एम.पूसा और अश्मित नाग का दाखिला बी.एस.सी. (ऑनर्स) फिजिक्स, डी.यू. दिल्ली में हुआ।

### सिंगिंग एवं डांस शो रहा मुख्य आकर्षण

समारोह का मुख्य आकर्षण रहा भव्य 'सिंगिंग एवं डांस शो', जिसमें विद्यालय के कक्षा चौथी से बारहवीं तक के लगभग 150 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने डेढ़ महीने की लगातार मेहनत और अभ्यास के बाद विविधता से भरपूर गीतों का मनमोहक प्रदर्शन किया। सुबह की प्रार्थना, देशभक्ति गीतों से लेकर राम-भजन तक—हर प्रस्तुति ने दर्शकों के हृदय में विशेष स्थान बनाया। विदाई जैसे भावपूर्ण गीतों ने तो कई दर्शकों की आँखों में आँसू तक ला दिए। यह अद्भुत प्रस्तुति सचमुच कार्यक्रम की शान बनकर उभरी। इस प्रस्तुति में विद्यार्थियों ने स्वयं गाए गए गीतों एवं भावपूर्ण नृत्य के माध्यम से 'पहलगाम अटैक' तथा 'ऑपरेशन सिंदूर' का सशक्त और जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों के मन में देशभक्ति, संवेदना और वीरता की भावना को जागृत कर दिया। सारा सभागार देशभक्ति के नारों से गूँज उठा और दर्शकों ने बच्चों के प्रदर्शन की खुलकर सराहना की। विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, सबसे अधिक उपस्थिति, स्पोर्ट्स, सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया। नन्हें-मुन्नों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इसमें मुख्य प्रस्तुतियाँ फोक डांस धमाका, शेकी- शेकी, राधे कृष्णा सॉन्ग, अभी तो पार्टी शुरू हुई है, दिल है हिंदुस्तानी, पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा आदि रही। जोश, उमंग और ऊर्जा से भरपूर भांगड़ा प्रस्तुति ने पूरे सभागार को झूमने पर मजबूर कर दिया। ढोल की थाप और भांगड़ा के पारंपरिक मूवमेंट्स को बच्चों ने शानदार तालमेल के साथ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रस्तुत पारंपरिक पंजाबी गिद्दा ने अपनी लय,बोलियों और ऊर्जा से दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया, जिससे सभागार में उत्साह और तालियों की गड़गड़ाहट गूँज उठी।

विद्यालय के 21 छात्रों ने खेल प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर पर और राष्ट्रीय स्तर पर भाग लिया और सम्मान अर्जित किया है। राष्ट्रीय स्तर पर आरव चौधरी , उज्ज्वल शर्मा ने एथलेटिक्स में और जिया ठाकुर ने शूटिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राज्य स्तर पर विद्यालय के विद्यार्थियों विभास कुमार और अथर्व शर्मा ने बैडमिंटन में अपने शानदार खेल कौशल और अनुशासन से सबका ध्यान आकर्षित किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

बानी ठाकुर, मान्या शर्मा, वैष्णवी जसवाल, पलक, दिव्या, अराधना, रियांश धीमान और अंशुमन सैनी ने बास्केटबॉल में श्रेष्ठ खेल प्रदर्शन का परिचय देकर सभी को प्रभावित किया। अश्मीत सिंह, प्रत्यूष आहूजा और अर्णव जसवाल ने टेबल टेनिस में दमदार खेल का प्रदर्शन किया और अपनी प्रतिभा से विद्यालय का मान बढ़ाया। शिवम पटियाल, रिद्धि शर्मा, जयादित्य जसवाल, अंशिका शर्मा, शौर्यप्रीत ने एथलेटिक्स में अपनी गति, सहनशीलता और उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया।



## पाइनग्रोव में विदाई समारोह की धूम

अर्थ प्रकाश संवाददाता


**सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल, सुबाथू में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया 7 कार्यक्रम का शुभारंभ हैड ब्बाय रुशान मेहतानी और हैड गर्ल वेदांशी बुंदेला के भाषण से किया गया । जैसे ही छात्र हाल में इकट्ठे हुए उनका तालियों से जोरदार स्वागत किया गया । कार्यक्रम के दौरान सीनियर छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई ।

विदाई समारोह के दौरान विद्यार्थियों को उनके बचपन की खट्टी-मिट्ठी यादों की परदे पर झलक दिखलाई दी ।उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ ही स्कूल की ओर से प्रत्येक विद्यार्थी को स्मृति चिह्न भेंट कर दी गई । विदाई समारोह में न केवल विद्यार्थी बल्कि अध्यापक गण भी इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए स्कूल में बिताए वर्षों को याद करते हुए भावुक हुए । इस अवसर पर पाइनग्रोव स्कूल के निर्देशक कैप्टन एजे सिंह, अध्यक्ष प्रबंधक समीक्षा सिंह, पाइनग्रोव स्कूल के हैड ऑ? स्कूल रेणु शर्मा, हैड टीचर पंकज शर्मा, गतिविधि प्रभारी गुरप्रीत सिंह मौजूद रहे ।

छात्रों को विदाई संदेश देते हुए पाइनग्रोव स्कूल के निर्देशक कैप्टन एजे सिंह, ने कहा कि जिस तरह से छात्रों ने अपने स्कूल में अनुशासन को बनाए रखा उसी तरह से आप जीवन में आगे चलकर अपनी मंजिल को प्राप्त करने हेतु प्रयासरत रहें । समारोह के पश्चात विदाई पार्टी का आयोजन भी किया गया जिसमें बारहवीं कक्षा के छात्रों ने लजीज पकवानों का आनंद लिया ।

## अभिनंदन ठाकुर का भारतीय वायु सेना में चयन

**ऊना।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, ऊना को यह बताते हुए अत्यंत गर्व हो रहा है कि अभिनंदन ठाकुर, पुत्र अनिल ठाकुर का चयन भारतीय वायु सेना में



फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर हुआ है। अभिनंदन ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला से बी.टेक (विद्युत अभियांत्रिकी) की डिग्री प्राप्त की है तथा वे वर्ष 2020 में जेएनवी पेखुबेला से कक्षा बारहवीं के छात्र रहे हैं। उनकी यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। यह सफलता उनके परिवार, गुरुओं और पूरे नवोदय परिवार के लिए गर्व का विषय है। पीएम श्री स्कूल जेएनवी ऊना की ओर से फ्लाइंग ऑफिसर अभिनंदन ठाकुर को हार्दिक बधाई एवं राष्ट्र सेवा में उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ।

# बिजली महादेव रोपवे परियोजना पर एनजीटी की कड़ी टिप्पणी, गंभीर अनियमितताएं उजागर

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 14 दिसंबर।** कुल्लू जिले में प्रस्तावित बिजली महादेव रोपवे परियोजना को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने गंभीर आपत्तियां जताई हैं। 9 दिसंबर को हुई सुनवाई के दौरान एनजीटी ने 2.4 किलोमीटर लंबे इस रोपवे प्रोजेक्ट की पर्यावरणीय और प्रक्रियात्मक वैधता पर सवाल उठाते हुए कई खतरनाक उल्लंघनों को उजागर किया।

ट्रिब्यूनल में दायर दो संयुक्त मूल आवेदनों (ओए) की सुनवाई के दौरान यह सामने आया कि परियोजना के लिए आवश्यक पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) और अन्य महत्वपूर्ण तकनीकी मूल्यांकन सही ढंग से नहीं किए गए। एनजीटी ने माना कि



संवेदनशील क्षेत्र में इस तरह की परियोजना को बिना समुचित अध्ययन और आकलन के आगे बढ़ाना पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।

सुनवाई के दौरान वन भूमि उपयोग से संबंधित मंजूरियों पर भी सवाल खड़े किए गए। ट्रिब्यूनल ने पाया कि वन मंजूरी की प्रक्रिया में नियमों का पालन नहीं किया गया और प्रस्तुत दस्तावेजों में विरोधाभास हैं। इसके अलावा, परियोजना से जुड़ा एक कथित जाली अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) सामने आना मामले को और गंभीर बनाता है।

एनजीटी ने संबंधित विभागों और परियोजना प्रस्तावकों से जवाब तलब करते हुए स्पष्ट किया कि जब तक सभी वैधानिक और पर्यावरणीय औपचारिकताओं को पूरी पारदर्शिता और नियमों के अनुरूप पूरा नहीं किया जाता, तब तक इस परियोजना को आगे बढ़ाना उचित नहीं होगा। ट्रिब्यूनल की सख्त टिप्पणियों के बाद बिजली महादेव रोपवे परियोजना को लेकर प्रशासन और परियोजना एजेंसी की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं।

## पूर्व सैनिकों ने परिवार सहित मनाया नौसेना दिवस

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** पूर्व नौ सैनिकों द्वारा परिवार सहित नौसेना दिवस निजी रिजॉर्ट बहडाला ऊना में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी भारी संख्या में पूर्व नौसैनिक अपने परिवार सहित हिमाचल और पंजाब से, इस ऐतिहासिक नौसैनिक परिवार मिलन समारोह मे भाग लेने के लिए एकत्रित हुए।

सर्वप्रथम देश की आन बान और शान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नेवल एक्स सर्विसेमैन वेलफेयर एसोसिएशन ऊना के प्रधान ओम प्रकाश शर्मा ने आए हुए मेहमानों का स्वागत किया। उछल कूद करने वाले नन्हे बच्चों ने मिक्की माउस, बाउंसी का भर पूर आनन्द लिया। खूब मस्ती की।

महिलाओं के लिए म्यूजिक चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और सब ने तंबोला का लुत्फ उठाया।विभिन्न प्रतियोगताओं में भाग लेने वाले बच्चों, महिलाओं और



पुरषों को इनाम वा गिफ्ट्स, दिए गए। पूर्व सैनिकों की समस्याओं और उनके समाधान बारे विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने अपने बहुमूल्य विचार रखे।

एसोसिएशन के प्रधान ने नौ सेना दिवस के बारे मे चर्चा करते हुए प्रधान ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि 4 दिसंबर 1971 को ऑपरेशन ट्राइडेंट के अंतर्गत पाकिस्तान की मुख्य बंदरगाह कराची पर अचानक जबरदस्त हमला करके उसे तबाह कर दिया, मुख्य तेल भंडार को नष्ट कर दिया, पाकिस्तान नौ सेना के कई समुद्री जहाज डूबा दिए, पूर्वी पाकिस्तान की सप्लाई रोक दी । पाकिस्तान को घुटनों के बल ला कर आत्मसमर्पण करने पर मजबूर करने पर अहम भूमिका निभाई। तब से 4 दिसंबर को नेवी की ताकत का प्रतीक मानते हुए इस दिन को नौ सेना दिवस के तौर पर मनाया जाता है। ऊना में 1997 से (कोरोना वर्ष छोड़ कर) हर साल लगातार पूर्व नौ सैनिक परिवार सहित, नौ सेना दिवस मना रहे हैं। प्रीतिभोज के बाद अगले साल फिर मिलने की शुभ कामनाएं साथ उत्सव का समापन हुआ ।

## न्यूज ब्रीफ

### ड्राफ्ट्समैन कैडर के बनाए जाएं सामान्य नियम

**गोहर (सुभाग सचदेवा)।** हिमाचल प्रदेश ड्राफ्ट्समैन एसोसिएशन ने हिमाचल सरकार से ड्राफ्ट्समैन केडर के सभी विभागों में सामान्य नियम बनाने की मांग की है। एसोसिएशन ने कृषि विभाग व बिजली बोर्ड की तर्ज पर लोक निर्माण विभाग व जल शक्ति विभाग सहित प्रदेश के सभी विभागों में जूनियर ड्राफ्ट्समैन की पदोन्नति 7 साल की बजाय 3 साल की समय अवधि



पूर्ण होने पर करने की सरकार से गुहार लगाई है इसके अलावा एसोसिएशन ने लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, बिजली बोर्ड,कृषि विभाग, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग व वन विभाग सहित तमाम विभागों में जूनियर ड्राफ्ट्समैन के रिक्त पड़े पदों को भरने की भी सरकार से गुहार लगाई है। एसोसिएशन ने जूनियर ड्राफ्ट्समैन को ड्राफ्ट्समैन तथा ड्राफ्ट्समैन को वरिष्ठ ड्राफ्ट्समैन का पदनाम देने की भी मांग की है। हिमाचल प्रदेश ड्राफ्ट्समैन एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यादव ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित तमाम विभागों के मंत्रियों तथा विभागा अध्यक्षों से पत्र लिखकर प्रदेश के सभी विभागों की रेखा शाखा को मजबूती प्रदान करने के लिए रिक्त पड़े ड्राइंग कैडर के सभी पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने की अपील की है। उन्होंने मुख्यमंत्री व मंत्रियों तथा विभागा अध्यक्षों को भेजे पत्र में लोक निर्माण विभाग व जल शक्ति विभाग में वर्षो से रिक्त पड़े ड्राफ्ट्समैन के पदों को भरने के लिए जूनियर ड्राफ्ट्समैनों को एक मुसत नियमों में विशेष छूट देखकर ड्राफ्ट्समैन पद पर पदोन्नति देने की गुहार लगाई है।

## कुल्लू वैली कॉलेज ऑफ नर्सिंग में वेलकम फेयरवेल समारोह

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 14 दिसंबर।** कुल्लू वैली कॉलेज ऑफ नर्सिंग, शावाई (जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश) में एक दिवसीय वेलकम एवं फेयरवेल समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रशिक्षु छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। रंग-बिरंगे नृत्य और मधुर गीतों से कॉलेज परिसर उत्साह और उल्लास से गूंज उठा। समारोह में कॉलेज मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन निर्मल नेगी, एमडी नरेंद्र ठाकुर, फाइनेंशियल एग्जिक्यूटिव कनिका नेगी, कॉलेज की प्राचार्या आस्था ठाकुर सहित सभी टीचिंग व नॉन-टीचिंग फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे।

चेयरमैन निर्मल नेगी ने नवागंतुक छात्राओं का स्वागत करते हुए सीनियर बैच को भावपूर्ण विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आश्वस्त किया कि कॉलेज में शिक्षा व हॉस्टल से जुड़ी किसी भी समस्या का त्वरित समाधान किया जाएगा।

प्राचार्या आस्था ठाकुर एवं कनिका नेगी ने भी फ्रेशर्स का स्वागत करते हुए सीनियर छात्रों को



भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या ने अनुशासन, समर्पण और दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान सीनियर छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रैम्प वॉक के अलावा पंजाबी, हिंदी, इंग्लिश, साउथ इंडियन, किन्नौरी व लाहौली गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिनका उपस्थित छात्राओं ने खूब आनंद लिया। समारोह के अंत में विभिन्न टाइटल्स की घोषणा की गई। जसमें मिस फेयरवेल नंदिनी,मिस पर्सनैलिटी सोनम,

मिस फ्रेशर तेनज़नि, मिस परफेक्ट वंदना को चुना गया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण और यादगार पलों के साथ संपन्न हुआ।



## बदाह गोम्पा में लाहुल स्पीती पेंशनर्स एन्ड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन की आम सभा आयोजित

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 14 दिसंबर।** बदाह गोम्पा में लाहुल स्पीती पेंशनर्स एन्ड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन की आम सभा की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के सदस्यों ने भारी संख्या में भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता दोरजे आनंद ने की।

बैठक में सचिव शमशेर बौद्ध ने पिछली आम सभा (13 मई 2025) से लेकर अब तक संगठन की गतिविधियों व प्रगति के बारे में बिस्तार पूर्वक जानकारी दी।

इस दौरान आगामी 17 दिसंबर 2025 को जिला बिलासपुर के घुमारवीं में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय पेंशनर्स दिवस कार्यक्रम पर चर्चा की गई।

सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी मांगों को राज्य सरकार के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा।

बैठक में संगठन की विभिन्न मांगों पर भी विचार-विमर्श किया गया और उन्हें शीघ्र समाधान हेतु सरकार तक पहुँचाने पर जोर दिया गया।


बैठक को सम्बोधित करते हुए एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष जिग्मेध बौद्ध ने सभी साथ ले कर और एकजुटता का संदेश दिया ।

## झूठे आंकड़े, खोखले दावे सुक्खू सरकार की असली सच्चाई : इन्द्रदत्त

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** विधायक बड़सर इन्द्रदत्त लखनपाल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उनके मंत्री न केवल जनता को गुमराह कर रहे हैं, बल्कि लोकतंत्र के मंदिर विधानसभा में भी सही और तथ्यात्मक आँकड़े रखने से बच रहे हैं। स्थिति यह है कि सदन के भीतर भी और सदन के बाहर भी सरकार सच बोलने को तैयार नहीं, जिससे प्रदेश की जनता का विश्वास पूरी तरह टूट चुका है।

विधायक लखनपाल ने कहा कि सरकार लगातार 4500 करोड़ रुपये के आपदा राहत पैकेज का दावा कर रही है, लेकिन आज तक यह स्पष्ट नहीं किया गया कि यह राशि कहाँ, कब और किसे दी गई। यदि सरकार के पास सच्चाई है, तो वह तत्काल



श्वेत पत्र जारी कर पूरे प्रदेश के सामने तथ्य रखे। सिर्फ बयानबाजी और प्रेस विज्ञप्तियों से आपदा पीड़ितों का पेट नहीं भरता।

उन्होंने कहा कि भीषण आपदा को चारङ्कपाँच महीने बीत जाने के बाद भी हजारों प्रभावित परिवार राहत और पुनर्वास के लिए भटक रहे हैं। जिन लोगों ने अपने घर, जमीन और आजीविका खो दी, उन्हें केवल आश्वासन मिले हैं। यह सरकार की प्रशासनिक विफलता ही नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं की घोर कमी को भी दर्शाता है।

विधायक लखनपाल ने आरोप लगाया कि प्रदेश की ट्रेजरी पिछले पाँच महीनों से ठप पड़ी है। विधायकों की निधि जारी नहीं हो रही, विकास कार्य रुक गए हैं और जनता को बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। सरकार की वित्तीय बदहाली अब छिपाए नहीं छिप रही।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत पात्र बेटियों को समय पर राशि न मिलना बेहद शर्मनाक है। वहीं, प्रदेश भर में ठेकेदारों की पेमेंट लंबित होने से विकास कार्य बंद पड़े हैं और मजदूर वर्ग आर्थिक संकट से जूझ रहा है।

विधायक लखनपाल ने सवाल उठाया कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2023 से 2025 तक प्रदेश को दिए गए 3789 करोड़ रुपये का पूरा और स्पष्ट लेखा-जोखा प्रदेश सरकार आज तक क्यों नहीं दे पाई? यह पैसा किन मदों में खर्च हुआ, इसकी जानकारी न सदन में दी जा रही है और न ही जनता के सामने रखी जा रही है।

उन्होंने कहा कि जब आपदा प्रभावित परिवार खुले आसमान के नीचे जीवन गुजारने को मजबूर हैं, तब मुख्यमंत्री द्वारा तीन वर्ष का जश्न मनाने पर 10 करोड़ रुपये खर्च करना, पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। यह सरकार की असंवेदनशील प्राथमिकताओं को उजागर करता है। विधायक इन्द्रदत्त लखनपाल ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि प्रदेश सरकार ने शीघ्र श्वेत पत्र जारी कर आपदा राहत, ट्रेजरी की स्थिति, केंद्र से प्राप्त धनराशि और वास्तविक खर्च का पूरा विवरण जनता के सामने नहीं रखा, तो भारतीय जनता पार्टी जनहित में सड़क से सदन तक निर्णायक आंदोलन करेगी।

समारोह | राजकीय उच्च विद्यालय रुमसु में वार्षिक पारितोषिक समारोह की धूम

## राजीव कीमटा ने बच्चों को संस्कृति से जुड़ने का दिया संदेश

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 14 दिसंबर।** राजकीय उच्च विद्यालय रुमसु में वार्षिक पारितोषिक समारोह बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं सचिव राजीव कीमटा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर एस.एम.सी. अध्यक्ष चेत राम, रोटरी क्लब मनाली व रेड क्रॉस कुल्लू के सदस्य, ग्राम पंचायत रुमसु के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहे। अतिथियों की मौजूदगी से विद्यार्थियों का उत्साह और मनोबल बढ़ा।

समारोह के दौरान विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों द्वारा समूहगान, पारंपरिक कुलवी नाटी, शिक्षाप्रद नाटक तथा कुलवी फैशन शो प्रस्तुत किया गया, जो कार्यक्रम का मुख्य



आकर्षण रहा। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से स्थानीय संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ स्वच्छ पर्यावरण का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि राजीव कीमटा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा



कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, सामाजिक कार्यों और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि संस्कृति हमारी पहचान है और इसे जीवित रखना युवा पीढ़ी की जिम्मेदारी है।

## नाइट क्लब वेटर की एक्सीडेंट में मौत, कार ने बाइक को मारी टक्कर, साथी को लगी गंभीर चोटें

**पंचकूला।** शहर में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक नाइट क्लब में नौकरी के लिए जा रहा था, तभी एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पंचकूला के मदनपुर गांव निवासी अजय निषाद ने बताया कि वह राजमिस्त्री का काम करता है। उसका भाई विजय निषाद पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित नाइट क्लब में वेटर की नौकरी करता था। 11 दिसंबर की रात विजय अपने दोस्त हरीश के साथ ड्यूटी के लिए निकला था।

ड्यूटी पूरी करने के बाद वह हरीश को उसके घर छोड़ने जा रहा था। जब दोनों सेक्टर-8 और 9 की लाइटों के पास पहुंचे, तभी एक कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

### 80 के दशक की अभिनेत्री ने शहर की योजनाबद्ध बनावट और हरियाली की सराहना की

# चंडीगढ़ सुकून और ताजगी का शहर : मंदाकिनी

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** चंडीगढ़ एक बहुत ही प्यारी और सुकून देने वाली जगह है। यहां आते ही ताजगी का एहसास होता है। यह कहना था 80 के दशक की भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री मंदाकिनी का।

मंदाकिनी ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत वर्ष 1985 में आई फिल्म राम तेरी गंगा मैली से की थी, जिसमें वह शोमैन राज कपूर के साथ नजर आई थीं। इसके बाद का डांस दास (1987) और कमांडो (1988) में अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के साथ दिखाई दी। इसके अलावा वह जीते हैं शान से (1988) और प्यार के नाम कुर्बान (1990) जैसी फिल्मों में भी काम कर चुकी है। रविवार शाम को टैगोर सेक्टर-18 में शहर के म्यूजिकल ग्रुप की ओर से आयोजित म्यूजिकल इवनिंग द - लेजेंड्स में लोगों को



पुराने जमाने के यादगार ष्टियूजिक फिल्मी गीत सुनने को मिलेगे। पिछले 15 सालो से म्यूजिकल ईवनिंग का आयोजन करते आ रहे है।

**फिल्मों को राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए मंदाकिनी :** उन्होंने स्पष्ट किया कि फिल्म हमेशा दिल्भ होती है और अभिनेता अभिनेता होता है. इन्हें कभी भी जाति या धर्म में नहीं जोड़ा जाना चाहिए। मंदाकिनी ने कहा कि सिनेमा का उद्देश्य मनोरंजन और कला है, न कि राजनीतिक । उनके अनुसार फिल्मों को राजनीति से दूर ही रखा जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर यह किसी राजनीतिक भूमिका में होती ही शायद इस विषय पर टिप्पणी कर सकती थी, लेकिन एक कलाकार के रूप में उनका मानना है कि राजनीति और फिल्मों को आपस में नहीं जोड़ना चाहिए। उन्होंने मौजूदा दौर की एजेंडा आधारित फिल्मों के बढ़ते चलन घर भी नाराजगी जताई।

### फिर से दिख सकती हैं बड़े पर्दे पर

इस मौके पर चंडीगढ़ में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें अभिनेत्री मंदाकिनी ने कहा कि यदि उन्हें किसी फिल्म में अच्छा और सार्थक काम करने का अवसर मिलता है तो वह एक बार फिर बड़े बड़े पर नजर आ सकती है। इस अवसर पर वाईवरेशन ग्रुप के संचालक नरेश जैकब संगीतकार पंडित वेवल शर्मा सर्वप्रिय र्निमोही हरिन्द्र सेठी और हिरेन्द्र कोशिक भी मौजूद थे।

### चारों ओर हरियाली बढ़ाती है चंडीगढ़ की खूबसूरती

चंडीगढ़ के बारे में विस्तार से बात करते हुए मंदाकिनी ने बताया कि यहां पहुंच कर जब उन्होंने यहां का एक्यूआई देखा तो यह करीब 200 के आसपास था । लेकिन इसके बावजूद उनको प्रदूषण जैसा कुछ नही महसूस हुआ । उन्होंने कहा कि चंडीगढ को बेहद सोच समझ कर और योजनाबद्ध तरीके से बसाया गया है। कम यातायात और चारो तरफ हरियाली ही हरियाली जो इस शहर की खूबसूरती को और ज्यादा निखारती है। हालांकि वह कई बार चंडीगढ आ चुकी है परन्तु अब तक उनको शहर को करीब से घूमने का ज्यादा अवसर नही मिल पाया है।



## बच्चों ने रैली के माध्यम से दिया नशा मुक्त समाज का संदेश

अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल, एच.एम.टी. टाउनशिप, पिंजौर द्वारा विद्यार्थियों में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक नशा विरोधी जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी तथा इसके शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने का आह्वान किया।

रैली के दौरान विद्यार्थियों ने नशा विरोधी नारे लगाते हुए एच.एम.टी. टाउनशिप परिसर में भ्रमण किया और आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक किया। छात्रों का उत्साह एवं अनुशासन सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहा। विद्यालय प्रबंधन ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की ताकि विद्यार्थियों के साथ-साथ समाज में भी स्वस्थ एवं सकारात्मक सोच को बढ़ावा दिया जा सके।

## माजरी क्षेत्र में अकाली दल बादल के पोलिंग बूथ पर लगा रहा जमघट



अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल बादल के जिला मोहाली इंर्चाज व सीनियर अकाली नेता चौधरी श्याम लाल माजरिया ने अपने दफतर में गुरू महाराज की शरण ली,और सुखमणि साहिब का पाठ करवा कर भोग लगाया और अलग-अलग जोन से शिरोमणि अकाली दल बादल के मैदान में उतरे उम्मीदवारों को शिरोमणि प्रबंधक कमेटी सदस्य चरणजीत सिंह कालेवाल , एस सी विंग के जिला मोहाली के प्रधान सरदार दिलबाग सिंह मियांपुर चंगर, शिरोमणि अकाली दल बादल पार्टी के प्रवक्ता व सिनियर नेता शमशेर सिंह पुरखालवी, शिरोमणि अकाली दल बादल के सीनियर यूवा लीडर रविंदर सिंह खेड़ा ने बार बार अपने अकाली दल के प्रत्याशियो के बूथ पर जाते रहे। जतिन्द्र अग्रवाल, विवेक, रिशू राणा, संदीप सोनू फोजी, गुरबचन, माजरी क्षेत्र में बडी करोरां के जोन से अकाली दल के प्रत्याशी हंसराज हंस के पोलिंग बूथ पर गोविंद सिंह,जरनैल सिंह,गुरभाग सिंह मंड, प्रवीण सर्मथको व मतदाताओ का जमघट लगा रहा ।

न्यू चंडीगढ़ के ऐतिहासिक गांव मानकपुर शरीफ में अकाली दल के उम्मीदवार यादविंदर सिंह के बूथ पर, इसके अलावा सिउंक जोन से सुखविंदर सिंह, रुड़की खाम से बहादुर सिंह काला , मुल्लांपुर गरीबदास न्यू चंडीगढ से जसविंदर सिंह, तीडा से जसप्रीत सिंह जस्सा, सैनी माजरा से सतवीर सिंह और झिंगर कलां जोन से मनजीत कौर, पडोल से मोटू सोई , मिर्जा पुर जोन से केसर सिंह सहित सभी अकाली दल के बूथ पर मतदाताओ उत्साह दिखई दिया ।



## जरूरतमंद परिवारों को कपड़े और कम्बल बांटे

**चंडीगढ़, 14 दिसम्बर।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री हरि सिमरन सेवा समिति के मेंबरों ने जरूरतमंद परिवारों को जिनके पास रहने के लिए घर नहीं उन लोगों को कपड़े और कम्बल का वितरण किया। समिति की मुख्य संरक्षक पूनम कोठारी ने बताया कि समिति हमेशा इस प्रकार के समाजिक कार्य करती रहेगी और इस वर्ष की पहली क्लॉथ डिस्ट्रिब्यूशन ड्राइव समिति द्वारा की गई जिसमें 101 कम्बल और स्लम एरिया के लोगों को कपड़ों का दान किया गया।


समिति की प्रधान कांति देवी और उप प्रधान मोहन ने सभी लोगों का धन्यवाद किया जिन्होंने इस डोनेशन ड्राइव को सफल बनाने में समिति का सहयोग किया। समिति के सेवादार पूनम कोठारी, मुख्य संरक्षक, कांति देव, प्रधान, मोहन कुमार, उप प्रधान, राज रानी, सुषमा, आरती रावत, कुसुम रावत, कीर्ति, तरुणा कुमारी, रोहन भट्ट, रजत शर्मा, मानसी रावत, प्रीति, नैन्सी जिंदल, अरनब, आर्यन सबकी उपस्थि में चंडीगड़ के अलग अलग स्लम एरिया में जरूरतमंद लोगों को कपड़ों और कंबलों का वितरण किया गया ओर सभी मेंबरों ने कहा कि हम आगे भी ऐसे मुहिम चलाते रहेंगे।

## वार्ड सीमांकन में बदलाव : वार्ड 14 के निवासियों ने जताई नाराजगी, डीसी से पुनर्विचार की मांग

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई

**पंचकूला, 14 दिसंबर।** हरियाणा के पंचकूला जिले में आगामी 2026 नगर निगम चुनावों के लिए वार्ड सीमांकन प्रक्रिया हाल ही में पूरी हो गई है, जो राज्य में पहला जिला बन गया है जहां यह काम संपन्न हुआ। हालांकि, इस प्रक्रिया में किए गए कुछ बदलावों को लेकर स्थानीय निवासियों में असंतोष फैल रहा है। विशेष रूप से वार्ड 14 में हुए परिवर्तनों पर सवाल उठाए जा रहे हैं, जहां सेक्टर 20 के कुछ हिस्सों को हटाकर वार्ड 15 में जोड़ दिया गया है। समाजसेवी योगिंदर क्वात्रा ने एक प्रेस नोट जारी कर इस पर आपत्ति जताई है और जिला उपायुक्त (डीसी) तथा संबंधित समिति से पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

पंचकूला नगर निगम में कुल 20 वार्डों का सीमांकन किया गया है, जिसमें मतदाताओं की संख्या के आधार पर सीमाओं को समायोजित



किया गया। आंकड़ों के अनुसार, जिले में कुल 2,08,522 मतदाता हैं, जो 203 मतदान केंद्रों में फैले हुए हैं। वार्डों में मतदाताओं की संख्या में काफी असमानता है - वार्ड नंबर 6 में सबसे कम 8,699 मतदाता हैं (जिसमें सेक्टर 16, 17 और 18 शामिल हैं), जबकि वार्ड नंबर 17 में सबसे अधिक 12,210 मतदाता हैं (जिसमें खरग मंगोली, चोंकी, सेक्टर 23, 24, 25, नग्गल मोगिनंद और नड्डा शामिल हैं)।

यह सीमांकन हरियाणा नगर



निगम वार्ड सीमांकन नियम, 1994 के तहत किया गया है, जिसका उद्देश्य जनसंख्या संतुलन, आरक्षित सीटों का आवंटन और जनसांख्यिकीय बदलावों को ध्यान में रखते हुए निष्पक्ष प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है।

हालांकि, इस प्रक्रिया को लेकर विवाद भी सामने आए हैं। विपक्षी दलों ने समिति पर पक्षपात का आरोप लगाया और हरियाणा सरकार ने नवंबर 2025 में वार्ड सीमांकन के लिए गठित एड-हॉक समिति को वापस ले लिया था। इन विवादों के बीच, वार्ड 14 के निवासियों का कहना है कि नए बदलाव सेक्टर की एकता और विकास कार्यों को प्रभावित करेंगे।

योगिंदर क्वात्रा, जो पंचकूला के एक प्रमुख समाजसेवी हैं, ने विस्तार से बताया कि पहले वार्ड 14 में फतेहपुर, सोसायटी 15 से 111 तक, सेक्टर 20 की मार्केट और सनसिटी के कुछ टावर शामिल थे। लेकिन नई व्यवस्था में आधा फतेहपुर, आधा सनसिटी और सेक्टर की कई सोसायटियों को वार्ड 14 से हटाकर वार्ड 15 में जोड़ दिया गया है। इसके बदले में, वार्ड 14 में सेक्टर 21 का आधा हिस्सा और महेशपुर मद्रासी कॉलोनी को जोड़ा गया है, जो उनके अनुसार उचित नहीं है। क्वात्रा ने कहा, पहले सेक्टर 20 में दो वार्ड होने की वजह से ही विकास कार्य ठीक से नहीं होते थे। अब यह बदलाव और अधिक समस्याएं पैदा करेगा। सेक्टर के लोग इस नई वार्ड बंदी से खुश नहीं हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आनंदपुर साहिब का शैक्षणिक भ्रमण किया



**चंडीगढ़, 14 दिसंबर।** मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय ने आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के तत्वावधान में शिक्षण संकाय के लिए आनंदपुर साहिब का एक शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण आयोजित किया। यह चिंतनशील आध्यात्मिक यात्रा श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहादत शताब्दी स्मरणोत्सव के अंतर्गत आयोजित की गई, जिनका सर्वोच्च बलिदान साहस, अंतरात्मा की आवाज़ तथा मानवाधिकारों की रक्षा का शाश्वत प्रतीक है। संकाय सदस्यों ने सिख धर्म के पाँच तख़्तों में से एक, गुरुद्वारा श्री केशगढ़ साहिब में शीश नवाया तथा श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, उपदेशों और उनकी स्थायी विरासत पर चिंतन किया। भ्रमण कार्यक्रम में विरासत-ए-ख़ालसा का अवलोकन भी शामिल था–यह एक प्रतिष्ठित संग्रहालय है, जो सिख धर्म के इतिहास, दर्शन और सांस्कृतिक धरोहर को सजीव एवं सुव्यवस्थित प्रदर्शनों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है। इस अनुभव से प्रतिभागियों को सिख परंपरा के आध्यात्मिक और ऐतिहासिक मूल्यों की गहरी समझ प्राप्त हुई।

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय ठरवा में निःशुल्क मेडिकल और रक्त जांच शिविर, 310 नागरिकों को मिला लाभ

अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** कालका विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रायपुर रानी ब्लॉक के गांव ठरवा स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में पंडित केदारनाथ शर्मा हॉस्पिटल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से एक विशाल निःशुल्क मेडिकल एवं रक्त जाँच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर हर रविवार आयोजित होने वाली जन-कल्याणकारी स्वास्थ्य सेवा श्रृंखला का हिस्सा रहा। शिविर में सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतिन, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जीत सिंह ने अपनी सेवाएँ दीं। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में पहुँचकर निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श व उपचार का लाभ उठाया।

कुल 310 से अधिक मरीज़ पंजीकृत हुए, जिनमें 117 सामान्य रोग, 68 हड्डी रोग, 72 नेत्र रोग तथा 53 रक्त जाँच से



संबंधित मरीज़ शामिल रहे।

शिविर के दौरान लोगों की हैप्पी कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं फैमिली आईडी से जुड़ी समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया तथा नए हैप्पी कार्ड भी बनाए गए। मरीजों को आवश्यक दवाइयाँ भी निःशुल्क वितरित की गईं।

इस अवसर पर नमो शक्तिरथ (नमो रथ/वैन) के अंतर्गत निश्शुल्क ब्रेस्ट कैंसर जाँच शिविर का भी आयोजन किया गया। यह पहल लोकप्रिय राज्यसभा सांसद श्री कार्तिकेय शर्मा जी एवं कालका की लोकप्रिय विधायक श्रीमती शक्तिरानी शर्मा जी द्वारा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर शुरू की गई है। इसअभियान मुख्य उद्देश्य 35 वर्ष से अधिक आयु की लगभग 75,000 महिलाओं को निश्शुल्क ब्रेस्ट कैंसर जाँच सुविधा उपलब्ध कराना है। शिविर में 32 महिलाओं ने ब्रेस्ट कैंसर जाँच करवाई।

## पंजाब की जिला परिषद व पंचायत समिति चुनावों में भाजपा का मजबूत जनाधार : एनके वर्मा

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** आज पंजाब भर में जिला परिषद एवं पंचायत समिति के चुनाव संपन्न हुए। भारतीय जनता पार्टी, पंजाब के लीगल सेल के संयोजक एडवोकेट एन.के. वर्मा ने कहा कि इन चुनावों के दौरान पूरे प्रदेश में जनता का रुझान स्पष्ट रूप से भाजपा की ओर बढ़ता हुआ दिखाई दिया है। इससे यह सिद्ध होता है कि भाजपा ने अब ग्रामीण स्तर पर भी अपना मजबूत और विश्वसनीय आधार स्थापित कर लिया है।



एडवोकेट एन.के. वर्मा ने आज खरड़ विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर जमीनी हालातों का जायज़ा लिया। उन्होंने बताया कि विभिन्न गांवों से मिले फीडबैक से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि जनता में भाजपा के प्रति विश्वास और समर्थन काफ़ी बढ़ा है तथा पार्टी को कई सीटों पर महत्वपूर्ण जीत मिलने की प्रबल संभावना है। उन्होंने कहा कि खरड़ विधानसभा क्षेत्र में छिटपुट घटनाओं को छोड़कर कहीं भी कोई बड़ी अप्रिय घटना सामने नहीं आई और मतदान प्रक्रिया सामान्यतः शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। हालांकि, पंजाब के कुछ अन्य हिस्सों में गंभीर उल्लंघनों और अवैध गतिविधियों की सूचनाएं भी प्राप्त हुई हैं। एडवोकेट एन.के. वर्मा ने बताया कि श्री मुक्तसर साहिब जिले के गिद्दड़बाहा विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक समिति गुरुसर की के कुछ बूथों पर आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा जबरन प्रवेश कर गड़बड़ी करने का प्रयास किया गया। इस गंभीर घटना के विरोध में भाजपा, कांग्रेस एवं अकाली दल द्वारा धरना भी दिया गया। इसके अतिरिक्त, जिला परिषद ज़ोन खेड़ा, फतेहगढ़ साहिब से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार अमरिंदर सिंह मंडोफल द्वारा बैलेट पेपर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड करने का मामला भी सामने आया है, जो कि आदर्श आचार संहिता का गंभीर उल्लंघन है। यह भी एक गंभीर प्रश्न है कि मतदान से पहले बैलेट पेपर उनके पास कैसे पहुंचे। एडवोकेट एन.के. वर्मा ने यह भी बताया कि कुछ स्थानों पर भाजपा उम्मीदवार का नाम ही बैलेट पेपर पर दर्ज नहीं था।

## विवेकानंद मानव सेवा सोसाइटी की ओर से हवन, कंबल वितरण व भंडारे का आयोजन

अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** कालका-पिंजौर स्थित विवेकानंद मानव सेवा सोसाइटी ने मानवता की सेवा के गरिमापूर्ण 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 14 दिसंबर 2025 को राधेश्याम गौशाला, कालका में एक भव्य सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। गौरतलब है कि विवेकानंद मानव सेवा समिति की स्थापना स्वर्गीय श्री रामनाथ शर्मा जी द्वारा 15 दिसंबर 1975 को की गई थी। तब से ही यह समिति निरंतर सामाजिक सेवा के कार्य करते आ रही है।

स्वर्ण जयंती के अवसर पर हवन यज्ञ, कंबल वितरण तथा भंडारा प्रसाद वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। आचार्य सुनील दत्त गौतम द्वारा वैदिक विधि-विधान से हवन यज्ञ संपन्न कराया गया,



जिसमें समाज के कल्याण एवं विश्व शांति के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम के दौरान आयोजक डॉ. पीयूष पुंज ने विवेकानंद मानव सेवा सोसाइटी के उद्देश्यों, सामाजिक दायित्वों एवं विगत 50 वर्षों से निरंतर की जा रही सेवा गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सोसाइटी आगे भी सेवा, सहयोग और समर्पण की भावना के साथ समाजहित में कार्य करती रहेगी। इस सेवा कार्यक्रम में सोसाइटी के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए तथा सभी उपस्थितजनों को भंडारा प्रसाद वितरित किया गया। विवेकानंद मानव सेवा सोसाइटी का यह स्वर्ण जयंती वर्ष समाजसेवा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण के रूप में मनाया गया।

## स्पोर्ट्स टीचर कुलदीप 'डॉक्टर ऑफ फिलोसॉफी' की उपाधि से सम्मानित

पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के 73वें दीक्षांत समारोह में कुलपति ने कुलदीप को पीएचडी डिग्री देकर सम्मानित किया

अर्थ प्रकाश संवादाता

**चंडीगढ़।** पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ की ओर से 73वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस दीक्षांत समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने वहां उपस्थित सभी शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस दीक्षांत समारोह में गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सैकंडरी स्कूल सेक्टर-35/डी चंडीगढ़ के डीपीई (स्पोर्ट्स टीचर) कुलदीप को पंजाब विश्वविद्यालय





की कुलपति प्रोफेसर रेणु विग एवं डीन एजुकेशन प्रोफेसर गुरमीत सिंह ने ÷डॉक्टर ऑफ फिलोसॉफी÷ की उपाधि देकर सम्मानित किया। कुलदीप ने डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन, पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से देव समाज कॉलेज की प्रिंसिपल प्रोफेसर नीरू मलिक के मार्गदर्शन में चंडीगढ़ के द्रोणाचार्य अवार्डी श्री शिव सिंह के जीवन पर रिसर्च कर पीएचडी डिग्री हासिल की।

शिव सिंह चंडीगढ़ में जन्मे पहले द्रोणाचार्य अवार्डी हैं, जिन्होंने देश के लिए ओलंपिक, वर्ल्ड चैंपियनशिप, कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स, एशियन चैंपियनशिप जैसे कई ओर अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के खेलों के लिए प्रशिक्षण केंद्रों एवं कैम्पों के माध्यम से देश को विभिन्न मैडलिस्ट एवं महान बॉक्सर तैयार किये। ऐसे सभी खिलाड़ियों ने देश-विदेशों में भारत का नाम रौशन किया।

कुलदीप की यह केस स्टडी द्रोणाचार्य अवार्डी श्री शिव सिंह के जीवन, करियर और उनके योगदान का विश्लेषण करती है, जिनकी अथक लगन ने कई दशकों तक भारतीय बॉक्सिंग को आकार दिया। दस्तावेजी विश्लेषण और व्यक्तिगत वृत्तांतों पर आधारित यह अध्ययन खेल जगत में एक कोच, मार्गदर्शक और राष्ट निर्माता के रूप में उनकी यात्रा को उजागर करता है। साहित्य का सारांश मुक्केबाजी कोचों के सीमित अकादमिक अध्ययन को रेखांकित करता है, जिससे इस शोध की आवश्यकता सिद्ध होती है। प्रमुख निष्कर्षो से पता चलता है कि द्रोणाचार्य अवार्डी श्री शिव सिंह का कोचिंग दर्शन, अनुशासन, तकनीकी उत्कृष्टता और खिलाड़ी-केंद्रित प्रशिक्षण पर आधारित था। वैज्ञानिक विधियों, मानसिक तैयारी और नैतिक मूल्यों के उनके अनूठे मिश्रण ने कई मुक्केबाजों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त करने के योग्य बनाया। यह अध्ययन आगे उनके बलिदानों को भी उजागर करता है, जैसे कि आकर्षक विदेशी प्रस्तावों के बजाय राष्ट्रीय सेवा को प्राथमिकता देना और जमीनी स्तर से लेकर उच्च स्तर तक प्रतिभाओं को निखारने की उनकी क्षमता, जो उनकी विरासत की पहचान हैं। रिसर्च के निष्कर्ष इस बात पर बल देते हैं कि द्रोणाचार्य अवार्डी श्री शिव सिंह निस्वार्थ सेवा, पेशेवर ईमानदारी और खेल कोचिंग में उत्कृष्टता के आदर्श हैं। उन्होंने पदक विजेता तैयार करने तक ही सीमित न रहकर, भारत में मुक्केबाजी की संस्कृति पर अपना अमिट प्रभाव छोड़ा है। शोध से पता चलता है कि दूरदर्शी कोचिंग न केवल खिलाड़ियों को बल्कि व्यापक खेल परिवेश को भी किस प्रकार बदल सकती है।

सोनीपत में विकास को नई रफ्तार

# वार्ड 15 में सीवरेज व सड़क कार्यों का शुभारंभ

**विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का उद्घाटन**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। रविवार सुबह विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वार्ड नं 15 के भरत पुरी में पहुंचे, जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान निगम पार्षद अतुल जैन और क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों की उपस्तिथि रही। इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा विधायक और मेयर का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि वार्ड नं 15 में जवाहर नगर, मिशन चौक, शिवा शिक्षा सदन, भरतपुरी के आस पास की विभिन्न गलियों में सीवरेज की नई पाइप लाइन बिछाई जाएगी।

इस कार्य में जवाहर नगर (सुभाष नगर) के पास 42 लाख रु, शिवा शिक्षा सदन स्कूल के पास 42 लाख रु, मिशन चौक के पास 25 लाख रु, भरतपुरी के पास 20 लाख रु की लागत से नई सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा। मिशन कॉलोनी में वेगी स्कीम से 15 लाख रुपये की लागत से गली नंबर 3 का सीसी से पुनर्निर्माण करवाया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न वार्डों में सड़क, गली निर्माण और सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य प्रगति पर है जिन्हें जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। वार्ड नं 11 की बत्रा कॉलोनी, ज्ञान नगर और कल्याण नगर में 72 लाख रु की लागत से नई सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा।

बत्रा कॉलोनी, कल्याण नगर, ज्ञान नगर में पुरानी सीवरेज लाइन जो काफी वर्षों पहले बिछाई गई थी, वह पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिसके चलते सीवरेज लाइन ब्लॉक होने और दूषित जल भराव की समस्या गंभीर हो चुकी है। इस समस्या के समाधान के लिए नगर निगम द्वारा नई सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य आज शुरू कर दिया गया है, इस कार्य को इसी माह में पूरा कर लिया जाएगा जिससे क्षेत्र वासियों को सीवरेज जाम की समस्या से निजात मिलेगी। इस अवसर पर निगम पार्षद अतुल जैन, निजम पार्षद इंदु संजीव वलेचा, मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन संजय वर्मा, डॉ ओम प्रकाश आत्रेय,नीरज सोनी, राजकुमार शर्मा,मनोज गुप्ता, राजेश वर्मा,मुकेश एंडी,सुशील पाराशर, धीरेंद्र शांडिल्य, दीपक शर्मा, विनीत वत्स, अरविंद मित्तल,शैलेन्द्र तोमर, भारत भूषण, नाकिन मेहरा आदि लोग मौजूद रहे।

# डिजिटल अरेस्ट से न घबराएं, तुरंत 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं: एसपी भूपेंद्र सिंह

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने साइबर अपराध में एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने इससे बचने के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि साइबर ठग अपराध करने के नए नए तरीके अपना रहें है। आमजन के जागरूक होने से ही साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बचा जा सकता है। साइबर ठग व्हाट्सएप कॉल कर डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर ठगी करने की कोशिश करते हैं। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने बताया कि आपके पास किसी अज्ञात नंबर से फोन कर आपके बेटा, बेटी का नाम लेकर कहा जाए कि वह कहां है और अगले ही पल कहा जाए नारकोटिक्स विभाग, सीबीआई या पुलिस से बोल रहा हू और वह हमारी हिरासत में है। ड्रग्स या अन्य किसी गतिविधि में शामिल होने की वजह से उसे पकड़ा गया है। इसके अलावा आपके नाम विदेश से पार्सल आया और उसमे आपत्तिजनक वस्तु होने की बात कही जाए तो तुरंत सतर्क हो जाएं। यह साइबर ठगों का काम हो सकता है। साइबर ठग आपको डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का शिकार बना सकते हैं। यह साइबर ठगों द्वारा अपनाया जाने वाला ठगी का नया तरीका है। डिजिटल अरेस्ट के मामलों में ठग किसी सरकारी एजेंसी का ऑफिसर या पुलिस ऑफिसर बनकर वीडियो कॉल करते है। वीडियो कॉल के बैकग्राउंड को किसी पुलिस स्टेशन की तरह बना लिया जाता है। जिसे देखने वाला हर कोई व्यक्ति डर कर उनकी बातों में आ जाता है।

इसमें पीड़ित को फोन कर झूठे मामले में पहले डराया जाता है। कहा जाता है कि ऊपर मामला दर्ज किया जा रहा है, जिससे वह डर जाता है। इसमें वीडियो कॉल के द्वारा पीड़ित को घर में बंधक बना लिया जाता है। ठगों द्वारा व्यक्ति को 24 घंटे उनके संपर्क में रहने के लिए सर्विलांस पर फोन या वेबसाइट के जरिये नजर रखने की बात कही जाती है। अपराधी इस दौरान आपको वीडियो कॉल से हटने भी नहीं देता और न ही किसी को कॉल करने देते है। लंबी सजा और बड़े जुर्माने व समाज में अपमान होने के डर से पीड़ित ठगों द्वारा कही हर बात को फॉलो करता है।

इस दौरान ठग केस को रफा-दफा करने के लिए पीड़ित से पैसे मांगता है और पीड़ित उसे रकम भी दे देता है। अगर कोई इस तरह की कॉल करता है तो उसके झांसे में न आए। पहले अपने परिजनों व परिचितों से फोन पर बात करें, और इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को या साइबर थाना में दे। डिजिटल अरेस्ट कानून में कोई शब्द नहीं है। लोगों को इससे नहीं घबराना चाहिए। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने कहा कि इस प्रकार की वारदातों से बचने के लिए हमेशा सतर्क रहें। तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं।

# सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) की टीम ने महिलाओं को किया सम्मानित



अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा

कुरुक्षेत्र। सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) द्वारा समय समय पर प्रतिभाशाली एवं मेहनती महिलाओं को प्रोत्साहित करने के साथ सम्मानित किया जाता है। सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत कदम बढ़ाते हुए महिलाओं के सम्मान में काली कमली मंदिर कुरुक्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवा ट्रस्ट के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल व अम्बे सेवा समिति के प्रधान ओमपाल बंसल जी रहे पवन मित्तल जी ने कहा कि सेवा ट्रस्ट द्वारा महिला सशक्तीकरण के लिए सिलाई-कटाई सेंटर, कंप्यूटर शिक्षा, ब्यूटी पार्लर, स्वरोजगार सेंटर जैसे कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं जो कि महिला सशक्तिकरण के लिए एक नींव के पत्थर का काम कर रहे हैं। इस तरह के प्रयासों से महिलाएं अपने परिवार का पालन-पोषण अच्छे से कर रही हैं। सेवा ट्रस्ट सही मायने में महिला सशक्तिकरण अभियान के साथ महिलाओं को सम्मान देने का कार्य कर रहा है। सेवा ट्रस्ट के खंड कोऑर्डिनेटर राजेश सैन् वह योगेश गर्ग ने बताया कि सेवा ट्रस्ट इन सामाजिक कार्यो के अलावा अंबाला के साहा में सेवा धाम के नाम से मल्टी फैसिलिटी होम बना रहा है। जिसमें करोड़ों रुपए की लागत से अनेक प्रकार की सामाजिक सुविधाएं शुरू की जाएंगी। जिसमें दुर्लभ रोग ड्यूकेन मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से ग्रस्त बच्चों की मदद के लिए 6655 वर्ग गज में बन रहे सेवा धाम का निर्माण तेजी से चल रहा है। कार्यक्रम में सेवा ट्रस्ट की सिटी अध्यक्षा सीमा देवी ने बताया कि सेवा ट्रस्ट द्वारा विभिन्न स्थानों पर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम किए जा रहे हैं। जिसमें महिलाओं, छात्राओं, नव जन्मी कन्याओं के परिवारों को सम्मानित किया जा रहा है। कार्यक्रम में ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी विजय पंघाल वह अम्बे सेवा समिति से राजेश शर्मा ने कहा कि सेवा ट्रस्ट यूके इससे पहले भी सामाजिक कार्यों में सदा ही अग्रसर है जिनमें रक्तदान शिविर लगवाना, बच्चों की शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वयं रोजगार सहित अनेक कार्यक्रम शामिल हैं। कार्यक्रम में अपनी को स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से सभी महिलाओं को इम्यूनिटी बूस्टर किट देकर सम्मानित किया गया। अम्बे सेवा समिति की तरफ से विशाल भंडारा लगाया गया इस मौके पर जसपाल जी सुनीता देवी खेड़ी ब्राह्मण, मीना अमीन, ममता देवी, रीना, ज्योति, वर्षा, रेखा कमोदा आदि महिलाएं मौजूद रही।

# हांसी विकास रैली नए आयाम स्थापित करेगी : ढालिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**हांसी।** भारतीय जनता पार्टी के पार्षद एवं पूर्व मण्डल अध्यक्ष अशोक ढालिया के नेतृत्व में आज अमर मार्किट, मोची मोहल्ला, बस स्टैण्ड रोड, एवं गैस एजेन्सी रोड पर डोर टू डोर जन अभियान चलाया गया तथा 16 दिसम्बर वार मंगलवार की ''हांसी विकास रैली'' में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। ढालिया ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमन्त्री नायब सिंह सैनी इस रैली के मुख्य वक्ता होंगे एवं रैली के आयोजक हांसी के लोकप्रिय विधायक विनोद भ्याणा होंगे। डोर टू डोर रैली के लिए, अभियान चलाते हुए भाजपा नेता अशोक ढालिया ने कहा कि 16 दिसम्बर की रैली में हरियाणा के लोकप्रिय मुख्यमन्त्री हांसी हल्के की जनता को सौगात का पिटारा देंगे। ढालिया ने कहा कि रैली के माध्यम से मुख्यमन्त्री द्वारा दी गई सौगातों का हांसी की जनता हजारों की संख्या में पहुंच कर अपने लोकप्रिय नेताओं का आभार प्रकट करेगी।

पार्षद ढालिया ने आगे कहा कि रैली को लेकर उनके क्षेत्र में अति उत्साह का वातावरण बना हुआ है। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने विश्वास दिलाया कि हम सैकड़ो की संख्या में रैली में पहुंच कर भाजपा की सरकार में अपना विश्वास व्यक्त करेंगे क्योंकि नायब सरकार बिना भेदभाव के सभी 90 हल्कों में समान विकास करवा रही है।

इस अवसर पर पार्षद अशोक ढालिया के साथ प्रधान ज्ञानी डाबी, राजू चायल, कमल निर्बाण, माडू ढालिया, कालू डाबी, पन्ना लाल ढालिया, तारा चन्द भिवाल, बाबू लाल चैहान, मुखराम फलवारिया, गोवर्धन डाबी, प्रकाश सुकरिया, शिव भगवान, कुन्दन चायल आदि उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन गोदाम से चोरी करने के 3 आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र पुलिस ने निर्माणाधीन गोदाम से चोरी करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने निर्माणाधीन गोदाम से चोरी करने के आरोप में रहिश, इमरान व नासिर यानयान सुनारी जिला नूंह को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 07 नवम्बर को नविन कुमार वासी डींग जिला कुरुक्षेत्र ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह गांव डींग के पास छपरी रोड पर एफसीआई के माल गोदाम का निर्माण करवा रहा है। गोदाम के काम के लिए वहां पर काफी मात्रा में सरिया, रोड़ी व अन्य सामान रखा हुआ है। 6/7 नवम्बर की रात को गोदाम के निर्माण के लिए रखे हुए सरिया में से करीब 100 किवंटल सरिया कोई नामालूम चोर चोरी करके ले गया। जिसकी शिकायत पर थाना शाहाबाद में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 द्वारा की गई। 14 दिसम्बर 25 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार के दिशानिर्देश में सहायक उप निरीक्षक प्रवेश कुमार, सहायक उप निरीक्षक कुलदीप, संदीप कुमार, रणदीप कुमार व सिपाही सतबीर की टीम ने निर्माणाधीन गोदाम से चोरी करने के आरोपी रहिश, इमरान व नासिर यानयान सुनारी जिला नूंह को गिरफ्तार कर लिया।

# ऊर्जा संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं बल्कि समय की अनिवार्यता : डॉ. विरेंदर कुमार दहिया

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

पानीपत। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण आज केवल एक विकल्प नहीं बल्कि समय की अनिवार्यता बन चुका है। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य आम नागरिकों को ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित करना है।

उपायुक्त ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा उजाला योजना के तहत एलईडी बल्बों को किफायती दरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे बिजली की खपत में उल्लेखनीय कमी आई है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय सौर मिशन के माध्यम से स्वच्छ व नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है। डॉ दहिया ने बताया कि ऊर्जा दक्ष उपकरणों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। डॉ. दहिया ने बताया कि राज्य सरकार भी ऊर्जा संरक्षण की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। हरियाणा सरकार द्वारा सौर ऊर्जा को अपनाने, सरकारी भवनों पर सोलर पैनल स्थापित करने, ऊर्जा ऑडिट तथा एलईडी स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था जैसी योजनाएं लागू की गई हैं। इससे न केवल बिजली की बचत हो रही है, बल्कि सरकारी खर्च में भी कमी आई है। उपायुक्त डॉ दहिया ने बताया कि इन योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी संभव है जब आमजन इनमें सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे केंद्र व राज्य सरकार की ऊर्जा संरक्षण योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और ऊर्जा बचत को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

उपायुक्त ने विशेष रूप से युवाओं और विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने में अग्रणी भूमिका निभाएं।

# विदेशी घुसपैठियों से लोकतंत्र को खतरा, मतदाता सूची का शुद्धिकरण जरूरी : डॉ. अशोक कुमार रंगा

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



रोहतक। देश और प्रदेश की सरकारों का चुनाव विदेशी घुसपैठिए करेंगे तो भारत का लोकतंत्र सुरक्षित नहीं रह सकता। लोकतंत्र की शुचिता बनाए रखने के लिए मतदाता सूची का शुद्धिकरण अत्यंत आवश्यक है और इसी उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया चलाई जा रही है। भाजपा नेता एवं रोहतक जिला सभी प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ.अशोक रंगा ने कहा कि भारत के संविधान में मतदाता बनने के लिए स्पष्ट शर्तें निर्धारित हैं, जिनमें आयु और भारतीय नागरिकता अनिवार्य है। जो व्यक्ति इन शर्तों को पूरा नहीं करता, वह मतदाता नहीं हो सकता। ऐसे में विदेशी घुसपैठियों को मतदाता सूची से हटाने और उन्हें उनके देश वापस भेजने की प्रक्रिया से विपक्षी दल घबराए हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष संसद से लेकर सड़कों तक इसका विरोध कर विदेशी घुसपैठियों को मतदाता बनाए रखने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कोई नया कदम नहीं है।

यह प्रक्रिया पहले भी 11 बार हो चुकी है, लेकिन उस समय किसी भी राजनीतिक दल ने इसका विरोध नहीं किया। डॉ. रंगा ने कहा कि वर्ष 2010 में रिटर्निंग ऑफिसर से मतदाता सूची से नाम हटाने का अधिकार सीमित हो जाने के कारण बड़ी संख्या में दोहरी प्रविष्टियाँ बनी रहीं,वहीं मृत्यु को प्राप्त मतदाताओं के नाम भी सूची से नहीं हट पाए, जिससे मतदाता सूची की शुद्धता प्रभावित हुई।÷* यही कारण है कि दूषित मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए एसआईआर अनिवार्य हो गया। डॉ. रंगा ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 327 के तहत संसद द्वारा चुनाव आयोग को मतदाता सूची के पुनरीक्षण का स्पष्ट अधिकार दिया गया है। इसके बावजूद विपक्ष भ्रम फैलाकर जनता को गुमराह कर रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि संसद में माननीय केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह स्पष्ट कर चुके हैं कि सीमावर्ती राज्यों में घुसपैठ रोकने के लिए बाड़बंदी की जा चुकी है, लेकिन पश्चिम बंगाल में बांग्लादेश सीमा पर बाड़बंदी राज्य सरकार के सहयोग न करने के कारण बाधित है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल भारतीय मतदाताओं का समर्थन न मिलने पर विदेशी घुसपैठियों को वोट बैंक बनाने की कोशिश कर रहे हैं और वोट चोरी का झूठा बहाना बनाकर जनता को भ्रमित कर रहे हैं। डॉ. अशोक कुमार रंगा ने कहा कि स्वच्छ मतदाता सूची ही स्वस्थ लोकतंत्र की बुनियाद है और भाजपा लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठा रही है।

# हरियाणा के विकास में पूर्वांचल वासियों का अहम योगदान : रमेश कौशिक

**भाजपा के पूर्व सांसद रमेश कौशिक ने कहा पूर्वांचल के लोग निस्वार्थ भाव से प्रदेश की तरक्की में निभा रहे अपनी भूमिका**

**सेक्टर-14 स्थित आरोग्या फिजियोथेरेपी सेंटर पर आयोजित पूर्वांचल समाज की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व सांसद रमेश कौशिक**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी




सोनीपत। भाजपा के पूर्व सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि हरियाणा के विकास में पूर्वांचल के लोगों का अहम योगदान है। पूर्वांचल के लोग निस्वार्थ भाव से प्रदेश की तरक्की में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। इन लोगों ने देश के विभिन्न हिस्सों में जाकर वहां के विकास को गति देते हुए मेहनत और संघर्ष की नई गाथाएं लिखी हैं। आज पूर्वांचल समाज के लोग प्रदेश का अहम हिस्सा बन चुके हैं । वे रविवार को सेक्टर-14 स्थित आरोग्या फिजियोथेरेपी सेंटर परिसर में आयोजित पूर्वांचल समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिला संयोजक अजय चौहान, पूर्व जिला संयोजक राजनारायण व डा.राहुल, जिला सचिव युवा मोर्चा अर्पित मिश्रा, कन्हैया तिवारी आदि ने पूर्व सांसद रमेश कौशिक को बुके भेंट कर उनका आभार प्रकट किया। पूर्व सांसद रमेश कौशिक ने नवनियुक्त जिला संयोजक अजय चौहान व नवनियुक्त राजनीतिक सलाहकार एवं प्रतिक्रिया प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राकेश वालिया को बधाई देकर उनका हौसला बढ़ाया।

पूर्व सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि पूर्वांचल समाज के लोगों को भाजपा व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर पूरा भरोसा है। इसी का परिणाम है कि बिहार विधानसभा चुनाव में भी भाजपा, जेडीयू और कई क्षेत्रीय दलों के एनडीए गठबंधन ने बेमिसाल जीत दर्ज की है। महिला मतदाता एनडीए के लिए एक अहम समर्थक वर्ग के रूप में उभरी हैं। उन्होंने इस मौके पर मौजूद पूर्वांचल समाज के लोगों को भरोसा दिलाया कि वह हर सुख दुख में उनके साथ हैं। वे जनता के हित और कल्याण के लिए हर संभव कदम उठाएंगे, यह उनका संकल्प है। इस अवसर पर पूर्वांचल समाज के लोगों ने भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिला संयोजक अजय चौहान का भव्य स्वागत किया। लोगों ने उन्हें जिला संयोजक बनने पर बधाई दी और भाजपा प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। नवनियुक्त जिला संयोजक अजय चौहान ने भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया ।उन्होंने कहा कि भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ के साथ ही पार्टी को मजबूत बनाने के लिए दिन-रात मेहनत करेंगे। पार्टी के अभियानों को आगे बढ़ाएंगे। इस दौरान वार्ड -14 के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही तथा समाज हित, संगठन की मजबूती एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विषयों पर सकारात्मक चर्चा भी की गई। इस मौके पर रोहित पंडित, मोनू, धर्मेंद्र मास्टर, आसाराम यादव, ओम प्रकाश व सूरज सहित ब?ी संख्या में पूर्वांचल समाज के लोग मौजूद रहे।


## सार्वजनिक सूचना

मैं, बीर सिंह पुत्र चतर सिंह निवासी ग्राम एवं डाकघर यारा, तहसील शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र, घोषणा करता हूं कि मेरे मूल संपत्ति दस्तावेज, दिनांक 30-05-2005 (वसीयत संख्या 565, पंजीकरण तिथि 01.06.2005), दिनांक 01.06.2005 (वसीयत संख्या 566) और दिनांक 16.03.2011 (वसीयत संख्या 3196) कुरुक्षेत्र में कहीं खो गए हैं। डीडीआर संख्या 132320712502947 दिनांक 13.12.2025, पुलिस स्टेशन शाहबाद दर्ज है। यदि किसी को मिले तो कृपया उपरोक्त पते पर भेजें और संपर्क करें 9815139182

AP-6209

## सार्वजनिक सूचना

सुश्री कमलजीत कौर पत्नी श्री गुरकिरपाल सिंह और श्री गुरकिरपाल सिंह निवासी मकान सं. 2054/ए, ब्लॉक 21, सेक्टर 63, चंडीगढ़, प्लाट सं. 328 माप 525 वर्ग गज, सेक्टर 78, मोहाली के स्वामी हैं, जो लेमिनेट्ड मूल शीर्षक विलेखों के आधार पर प्रभार अर्थात मोर्टगेज करने के इच्छुक है।

लेमिनेट्ड दस्तावेजों का विवरण निम्नानुसार है:-सुश्री कमलजीत कौर और श्री गुरकिरपाल सिंह के पक्ष में निष्पादित मूल बिक्री विलेख सं. 7398 दिनांक 16.09.2021 तथा श्री परमजीत सिंह और श्रीमती तेजिंदर कौर के पक्ष में निष्पादित मूल बिक्री विलेख सं. 959 दिनांक 14.06.2018

वह भारतीय स्टेट बैंक, शाखा-एमजी रोड अम्बाला कैंट, शाखा कोड-00607 से क्रेडिट सुविधा प्राप्त करने के लिए चार्ज बनाने के इच्छुक हैं।

श्री गुरकिरपाल सिंह पत्नी श्री हरदेव सिंह और सुश्री रविंदर कौर पत्नी श्री हरदेव सिंह निवासी मकान सं. 2054/ए, ब्लॉक 21, सेक्टर 63, चंडीगढ़, बूथ सं. 15, सेक्टर 67, मोहाली के स्वामी हैं, जो लेमिनेट्ड मूल शीर्षक विलेखों के आधार पर चार्ज अर्थात मोर्टगेज करने के इच्छुक हैं।

लेमिनेट्ड दस्तावेजों का विवरण निम्नानुसार है:-मूल शीर्षक विलेख सं. 7685 दिनांक 18.11.2019 श्री गुरकिरपाल सिंह और सुश्री रविंदर कौर के पक्ष में निष्पादित तथा मूल आवंटन सं. 25836 दिनांक 01.07.2015

वह भारतीय स्टेट बैंक, शाखा-एसएमई क्लॉथ मार्केट अम्बाला शहर, शाखा कोड-16752 से क्रेडिट सुविधा प्राप्त करने के लिए चार्ज बनाने के इच्छुक हैं।

यदि किसी पार्टी को कथित संबंधित दस्तावेजों पर कोई दावा हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर इच्छुक पार्टी के साथ तथा भारतीय स्टेट बैंक की उक्त उल्लिखित शाखा के साथ अपने दावे दर्ज करें।

AP-6209

## अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

**मैं,** पवन कुमार वासी फ्लैट नं. 2313-ए, एसबीआई कॉलोनी सैक्टर 42-सी, चंडीगढ़ ने अपने नाबालिग पुत्र का नाम बदलकर श्लोक से श्लोक बिबियान रखा है।

**मैं,** पवन कुमार वासी फ्लैट नं. 2313-ए, एसबीआई कॉलोनी सैक्टर 42-सी, चंडीगढ़ ने अपने नाबालिग पुत्र का नाम बदलकर विवान से विवान बिबियान रखा है।

**मैं,** चमन लाल पुत्र हरी राम वासी गांव व डाक Ranwar तहसील और जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर चमन कौशिक से चमन लाल रखा है।

**मैं,** सरिता रानी पत्नी अरुण भरत कौशिक वासी गांव व डाक Ranwar तहसील और जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर सरिता कौशिक से सरिता रानी रखा है।

**मैं,** जयदेव प्रशाद पुत्र सरूप सिंह मित्तल वासी मकान नं 88 ए, Bhamashah नगर हिसार हरियाणा- 125001. ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर जयदेव प्रशाद से जयदेव मित्तल रखा है, भविष्य के सभी कार्यों के लिए।

**मैं,** Ritu गोयल पत्नी विशाल गोयल वासी मकान नं. 154 एस, Opp जिंदल हॉस्पिटल मॉडल टाउन हिसार हरियाणा 125001. ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर Ritu गोयल से Ritu अग्रवाल रखा है, भविष्य के सभी कार्यों के लिए।

**मैं,** Subedin पुत्र Vahida वासी मकान नं. 445, गांव अंधेरा (96/1) डाक नगला मेघा, जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर Shahbudin से Subedin रखा है।

**मैं,** Jonny पुत्र Subedin वासी मकान नं 445, गांव अंधेरा (96/1), डाक नगला मेघा, जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर Johny से Jonny रखा है।

**मैं,** Ajmer सिंह पुत्र राजा राम वासी गांव ख्वाजा अहमदपुर करनाल ने अपना नाम बदलकर Ajmar सिंह से Ajmer सिंह रखा है।

**मैं,** भवी जागलान पुत्री संजय जागलान वासी मकान नं 1167, सैक्टर-7, करनाल ने अपना नाम बदलकर भावी जागलान से भवी रखा है।
एपी-6206

**मैं,** सोनिया पत्नी नितेश तेंदुलकर, निवासी 4513-14, मौली जागरण कॉम्प्लेक्स, मौली जागरण, चंडीगढ़-160102, यह घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम सोनिया से बदलकर सोनिया तेंदुलकर कर लिया है।
एपी-6208

**मैं,** अमली (Amali) पत्नी साधु (Sadhu) मकान नंबर 505 वार्ड नंबर 17, चीका तहसील गुहला जिला कैथल हरियाणा ने अपना नाम अपली (Apli) से बदलकर अमली (Amali) कर लिया है।

**मैं,** भव्या कुच्छल, पुत्री अजय प्रकाश, निवासी मकान नं. 84, वार्ड नं. 8, हुड्डा आर-3, चीका, तहसील गुहला, जिला कैथल, हरियाणा, यह सूचित करती हूँ कि मैंने अपना नाम भव्या कुच्छल पुत्री अजय प्रकाश से बदलकर भव्या, पत्नी विशाल कुमार कर लिया है।
एपी-6210

I, Kalpana Upadhya wife of Mansha Ram Upadhya resident of house no. 1175, Sector 43-B, Chandigarh, That both names are same "Kalpna Upadhya & Kalpana Upadhya" as correct name is Kalpana Upadhya

**मैं,** अवतार सिंह पुत्र श्री दयाल सिंह अहलूवालिया निवासी मकान नंबर 62, भूतल, बी-ब्लॉक, दक्षिणमुखी मंजिल, सेक्टर-49, गुड़गांव, हरियाणा, ने अपना नाम अवतार सिंह से बदलकर अवतार सिंह अहलूवालिया कर लिया है।

**मैं,** Usha पत्नी Pawan Kumar Singla निवासी मकान न. 16, गोविंद विहार, बलटाना जीरकपुर एस.ए.एस नगर पंजाब ने अपना नाम Usha से बदलकर Usha Singla रख लिया है।

**मैं,** Pawan Kumar पुत्र Moman Chand निवासी मकान न. 16, गोविंद विहार, बलटाना जीरकपुर एस.ए.एस नगर पंजाब ने अपना नाम Pawan Kumar से बदलकर Pawan Kumar Singla रख लिया है।
एपी-6209

### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

### बेदखली सूचना

हम, दिनेश कुमार पुत्र श्री परवेश कुमार तथा रेनू पत्नी दिनेश कुमार, दोनों निवासी ग्राम मुबारकपुर, जिला एस.ए.एस. नगर (मोहाली), पंजाब, यह सूचित करते हैं कि हमारी पुत्री धारिया हमारे कहने सुनने से बाहर है। अतः हम उसे अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्तियों से बेदखल करते हैं। उसके साथ लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। हम तथा हमारे परिवार के अन्य सदस्य उसके किसी भी कार्यों के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
एपी-6207

### खोया-पाया

I Jaswinder Singh S/o Gurdial Singh R/o H.No. 306, St. No.10, Manjit Nagar, Jassowal Patiala Punjab that I have Lost my original Registry wide Vasika No. 17475 Dated 19/01/2006 Have been lost in Manjit Nagar Patiala on 04.12.2025.This Regards DDR is Registered LRN 655090/2025 Dated 04/12/2025 at PSOC Tripuri Patiala / if someone found inform Ranjit Kaur (Bank Loan Manager) on mobile no. 8146565484
एपी-6211

अर्थ प्रकाश
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

### राजकीय महिला कॉलेज में पीजी ब्लॉक और बहुउद्देश्यीय हॉल का उद्घाटन

# महिला सशक्तिकरण के बिना देश का विकसित होना असंभव : हरविन्द्र कल्याण

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 14 दिसंबर।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज यहां राजकीय महिला कॉलेज में दो करोड़ 53 लाख रुपये की लागत से बने पीजी ब्लॉक और बहुउद्देशीय हॉल का उद्घाटन किया। कॉलेज परिसर में पौधारोपण भी किया। पीजी ब्लॉक और बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन द्वारा कराया गया है। हॉल 5705 वर्ग फुट में बनाया गया है जबकि पीजी ब्लॉक के प्रथम व द्वितीय तल पर 4-4 कक्षा कक्ष और एक- एक कॉमन रूम बनाया गया है। निर्माण कार्य 28 सितंबर 2023 को शुरू किया गया था जिसे इस साल 11 अगस्त को पूरा कर लिया गया। विधानसभा अध्यक्ष, स्थानीय विधायक जगमोहन आनंद और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा ने कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष ने स्टाफ सदस्यों व अन्य संस्थाओं के लोगों के साथ बैठक की। इसमें कॉलेज प्रिंसिपल डा. विवेक रंगा ने कॉलेज प्रगति में योगदान करने वालों की जानकारी दी। इसके अलावा पिछले 6 महीने में छात्राओं के हित में डिजीटली उठाए गए कदमों के बारे में बताया। बैठक में विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि यह कॉलेज अंग्रेजों के समय का बना हुआ है। शहर में इसकी अलग पहचान है। प्रिंसिपल व स्टाफ की ओर से उठाए गए सुधारात्मक कदमों से इस कॉलेज की गरिमा बढ़ी है। राज्य सरकार भी बेटियों की शिक्षा पर उचित ध्यान दे रही है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कॉलेज में पिछले दिनों जो सुधारात्मक कदम उठाए गए और जिन्हें भविष्य में किया जाना है, उनके बारे में जानकार खुशी हुई। उन्होंने कहा कि प्रिंसिपल व उनकी टीम जिस सोच के साथ छात्राओं के हित में आगे बढ़ रही है उसके लिए बधाई। कालेज में प्रवेश करने से लेकर अब तक जो उन्होंने महसूस किया वह काबिले तारीफ है। चाहे उसमें प्राचीन संस्कृति की झलक हो या भविष्य की चुनौतियों से लड़ते हुए आगे बढने के लिए तैयार योजना, जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। आज इसी की जरूरत है। इस अवसर पर छात्राओं व स्टाफ सदस्यों के साथ फोटो सेशन भी आयोजित किया गया। इस मौके पर सांसद व केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि कविंद्र राणा, स्वदेशी जागरण मंच के सतीश चावला, डा. सुजाता गुप्ता, डा. रंजना शर्मा, अनीता जून, डा. अनिल सिंघानिया, प्रो. प्रदीप शर्मा आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष को स्मृति चिह्न भेंट किया गया।

### लाडवा में कार्यकर्ताओं से बोले अभय सिंह चौटाला

## जनता के हितों की राजनीति ही इनैलो का संकल्प

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप



**लाडवा, 14 दिसंबर।** इनैलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय ङ्क्षसह चौटाला ने कहा कि हम झूठ व स्वार्थ की राजनीति में विश्वास नहीं रखते। सत्ता में आने पर प्रदेश की जनता के हितों के लिए कार्य करेंगे और विपक्ष में रहकर जनता के हकों की लड़ाई लड़ रहे है। उनकी पार्टी के लिए जनता ही सर्वप्रिय है।

अभय सिंह चौटाला रविवार को लाडवा के एक निजी पैलेस में एडवोकेट सुभाष बड़शामी की भतीजी की शादी समारोह में कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे। इस अवसर पर उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शेर सिंह बड़शामी भी मौजूद थे। चौटाला ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते है और कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में शामिल होना उनका धर्म बनता है। उन्होंने कहा कि वह स्व. ताऊ देवी लाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्व.ओमप्रकाश चौटाला के पद चिन्हों पर चलते हुए वह पार्टी के हर निष्ठावान कार्यकर्ता के घर जाकर उनके सुख-दुख में शामिल होता हूं। क्योंकि पार्टी नेताओं से नहीं कार्यकर्ताओं से मजबूत होती है और उनकी पार्टी का कार्यकर्ता बीस साल से पार्टी के सत्ता से बाहर होने के बाद आज भी चट्टान की तरह पार्टी के साथ मजबूती से खड़े है।

उन्होंने कहा कि इनैलो पार्टी ने हमेशा जनता के हितों के लिए कार्य किए। बुजुर्गों को बुढ़ापा पैंशन ताऊ देवी लाल ने लागू करी थी, जिसके कारण आज प्रदेश का बुजुर्ग सम्मान के साथ जीवन जी रहा है। हर गांव में हर बिरादरी की चौपाले बनाकर हर गांव में हर बिरादरी का विकास करवाया। उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि इनैलो की सरकार बनने पर प्रदेश के हर नागरिक को बराबर का मान-सम्मान मिलेगा। हर बिरादरी के लिए लाभकारी योजनाएं चलाकर हर बिरादरी को लाभ दिया जाएगा। हर पढ़े-लिखे बेरोगजगार युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश व प्रदेश की जनता का कोई भला कर सकती है तो वह केवल इनैलो पार्टी है। इसलिए सभी एक जूट होकर पार्टी के संगठन को मजबूत करे। इस अवसर पर उनके साथ पूर्ण चंद बड़शामी, सुभाष चंद बड़शामी, गगन बड़शामी, सुभाष चंद खुर्दबन, स्वीटी भूल्लर, पूर्व सरपंच महिंद्र बपदी, गुरनाम सिंह बूढ़ा, कर्मबीर खुर्दबन, बबला बपदी, जगीर सिंह मेहरा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### चालीस किसानों में प्रत्येक को 40 किलो गेहूं का बीज वितरित किया



**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** भारतीय राष्ट्रीय कृषि अनुसंस्थान द्वारा संचालित भारतीय गेहूं व जौ अनुसंधान संस्थान द्वारा अम्बेडकर समाज कल्याण सभा अम्बेडकर भवन सैक्टर 16 करनाल के सहयोग से अनुसूचित जाति के 40 किसानो को 40 किलो प्रति किसान गेहूं का बीज मुफ्त वितरित किया गया। इस अवसर परं गांव चोपड़ी, कुड?, करनाल व अन्य गांवों के किसानों ने भाग लिया। गेहूं के बीज का वितरण डॉ राज कुमार डॉ कामले व सभा के प्रधान डॉ अमर सिंह पातलान की अगुवाई में किया गया। यह बीज भारत सरकार के कृषि विभाग की एस सी एस टी सब प्लान योजना के अंतर्गत वितरित किया गया जो अनुसूचित जाति और जनजाति के किसानों के विकास के लिए आवंटित किए गए है जिन किसानों को बीज वितरित किए गए उनमें गाँव चोपड़ी के राम साहिल, श्यामा,निर्मल,शिव नारायण आदि व व गाँव कूड के राम कुमार, वेद,प्रभु, कमलेश, देसराज,राम किश न, शशी ,करनाल से दीपक, शकुन्तला, किरन सहित अय किसान शामिल थे। अम्बेडकर समाज कल्याण सभा अम्बेडकर भवन के प्रधान डॉ अमर सिंह पातलान पे सरकार की इस योजना की सराहना की।

### विलायती अब हो रहे है इंडियन कल्चर भक्त

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** भारतीय समाज का पश्चिमी करण खतरे की घण्टी बजा रहा है ।हमारे समाज की युवा पीढ़ी न तो पूरी तरह विलायती बन पाई न ही भारतीय रही ।हमने पश्चिम की बुरी बाते तो अपना ली लेकिन अच्छी बात छोड़ दी ।आज विलायती युवतियां भारतीय पति को सबसे सुरक्षित मानती है ।लेकिन अब भारतीय वैवाहिक जीवन असुरक्षित हो रहा है ।शादी से पहले का रिलेशन विवाह टूटने का कारण बन रहा है ।जो कल्पना शादी से पहले युवतियां रिलेशन में रह कर करती है वह शादी के बाद टूट जाती है ।शादी से पहले रिलेशन सुनहरा ख्वाब होता है ।उसके बाद यथार्थ सामने आता है ।विलायत में मातापिता शादी पर खर्च नही करते है ।दूल्हा दुल्हन करते है ।यहां दिखावा और पश्चिमीकरण माता पिता का बेंड बज देता है ।शादी के बाद सामान्य बर्ग में बर बधू के मातापिता कर्जदार हो जाते है ।दिखावा और भोंडापन हमे किस तरफ ले जा रहा है ।कई बार बधू के पिता का चेहरा देखता हूँ तो तरस आता है ।शादी में अंधा धुंध खर्च करना है तो दूल्हा दुल्हन खुद करे ।आज शादी के केवल इवेंट पर लाखों करोडो खर्च कर देते है ।इस पैसे की हम अपने बच्चो को एफ डी के रूप में दे तो उनका भविष्य सुरक्षित हो जाएगा ।समाज मे प्री वेडिंग रिलेशन बन्द होने चाहिये ।जो मजा सुहागरात पर दुल्हन को बेनकाब करने में है वह आज कहा ।एक्साइटमेंट जो होती है ।वह आज कहा ।यही कारण था कि शादी जन्म जन्मांतर का बंधन था ।जो समर्पण प्यार वलिदान की भावना थी ।वह अब नही रही है ।आज प्यार का केवल प्रदर्शन हो रहा है ।असली प्यार तो उस जमाने मे था जब विना एक दूसरे को देखे बिना टूट कर प्यार करते थे ।पत्नी पति के साथ पूरे परिवार को अपना लेती थी ।शादी के रिश्ते को ता उम्र निभाने के साथ साथी के मरने के बाद भी निभाते थे।

### अरुणाय धाम में वार्षिक भंडारा आयोजित



**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** गांव अरुणाय धाम में स्थित शिव शक्ति पीठ में महामंडलेश्वर स्वामी हरिशचंद्रपुरी यूएसए के सानिध्य में वार्षिक भंडारा आयोजित किया गया। पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी एवं महामंडलेश्वर स्वामी हरिशचंद्र पुरी की प्रेरणा से संत महात्माओं और श्रद्धालुओं ने यज्ञ ने आहुति डालकर विश्व शांति की कामना की। वैदिक रीति से हवन संपन्न करवाते हुए धर्म, संस्कार और सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। स्वामी हरिश्चंद्र पुरी ने कहा कि हवन पूजन को सनातन धर्म में बेहद शक्तिशाली रूप में वर्णित किया गया है। इससे मां प्रसन्न होती है और सुख समृद्धि आती है। स्वामी हरिश्चंद्र पुरी न्यूयॉर्क से प्रत्येक वर्ष यहां हवन यज्ञ एवं भंडारा करने पहुंचते हैं। इस मौके पर श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर के सचिव महंत विश्वनाथ गिरी, मां पितांबरा शक्ति पीठ के महंत भीम पुरी, स्वामी लक्ष्मी नारायण पुरी, सेवादल प्रबंधक भूषण गौतम, अवतार वालिया, सोमचंद यूएसए, जगतार वालिया आदि मौजूद रहे।

### मंथन उत्सव का आयोजन

**लाडवा (विकास कश्यप)।** लाडवा के दा कोणार्क अकादमी में मंथन उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में अकादमी के बच्चों ने बढ-चढ?र भाग लेकर समारोह को चार-चांद लगा दिए। कार्यक्रम में स्कूल के चेयरमैन राजकुमार शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मंथन उत्सव का शुभारंभ किया। अकादमी के डायरेक्टर एस.एस.शर्मा एवं प्रिंसिपल अंजनी ङ्क्षसह ने मंथन के उद्देश्य के बारे विस्तार से बताया तथा कहा कि हमारे देश की चारों दिशा पूर्व-पश्चिम, उत्तर-दक्षिण में किस तरह का वेशभूषा, खानपान, रीति-रिवाज, संस्कृति, भाषा है, ताकि बच्चों में अपने देश के प्रति सारी जानकारी मिल सके। बच्चों के अभिभावकों ने भी सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया और स्कूल की तरफ से उनको पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

## नाबालिग की हत्या मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 14 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत थाना शहर टोहाना पुलिस ने नाबालिग बालक की हत्या के सनसनीखेज मामले में दो आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान सुरेन्द्र खोबड़ा पुत्र कर्मबीर खोबड़ा निवासी प्रेम नगर, टोहाना तथा अमन पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी राम नगर, टोहाना के रूप में हुई है।

थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि दिनांक 10.12.2025 को शक्ति नगर टोहाना निवासी दीपक कुमार द्वारा अपने 16 वर्षीय पुत्र के लापता होने संबंधी शिकायत दर्ज करवाई गई थी। शिकायत के आधार पर थाना शहर टोहाना में अभियोग संख्या 400 दिनांक 10.12.2025 धारा 127(6) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था।

जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी सुरेन्द्र खोबड़ा व अमन ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर मोटरसाइकिल पर अपने साथ ले जाकर उसकी हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। मृतक का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड द्वारा करवाया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में गहन जांच उपरांत थाना शहर टोहाना पुलिस ने आरोपियों को काबू कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन बरामद किए। जांच के आधार पर मामले में धारा 103(1), 61 व 140(1) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। मामले में आगे की जांच गहनता से जारी है तथा अन्य साक्ष्यों को भी एकत्र किया जा रहा है।

## नपा का अभियान साबित हो रहा दिखावा, लाडवा में बंदरों का आतंक बरकरार

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप



**लाडवा, 14 दिसंबर।** बंदरों का आतंक आज भी लाडवा शहर में बरकरार है। लाडवा नपा प्रशासन द्वारा शहर में महीनों पहले चलाया गया बंदर पकड़ों अभियान भी शहर वासियों को बंदरों से राहत नहीं दिला पाया। यह अभियान केवल दिखावे के लिए चलाया जाता है। दो दिन दो दर्जन बंदर पकड़कर सोशल मीडिया पर अपने चहेतों से विडियों चलवाकर केवल दिखावा किया जाता है, जबकि आज भी शहर में बंदरों का आंतक पहले से ज्यादा बढ़ गया है। शहर वासी आंतकी बंदरों से इतने परेशान हो चुके है, कि उनके बच्चे घरों में दुबकने को विवश हो रहे है।

छुट्टी वाले दिन भी बच्चे घरों से बाहर खेलने के लिए नहीं जा सकते। यदि जाते है तो यह आंतकी बंदर बच्चों पर हमला बोलकर उन्हें घायल तक कर देते है। यहीं नहीं लोगों के छतों पर सुखने के लिए डाले जाने वाले कपड़ों को पाड़ देते है, तारे बिजली, केवल आदि की तोड़ देते है। घरों में रखे सामान को तहस-नहस कर खराब कर देते है। यहीं नहीं पानी की टंकियों के ढक्कन को तोड़कर पानी को खराब कर देते है। बार-बार मांग करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होती। महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। शहर वासी सुखविंद्र सिंह, प्रवीण कुमार, रिंकू, विकास, ऋषि पाल, पूनम, नीतू, प्रियंका, शिल्पी आदि ने नपा प्रशासन व सरकार से मांग कर शहर में घूम रहे बंदरों से छुटकारा दिलाने की अपील की। जब इस बारे में नपा प्रधान साक्षी खुराना से बात की तो उन्होंने कहा कि समय-समय पर बंदर पकड़ों अभियान चलाया जाता है। पहले भी शहर वासियों की मांग पर बंदर पकड़ों अभियान चलाकर शहर में घूम रहे बंदरों को पकड़ा गया था। जल्द ही दोबारा बंदर पकड़ों अभियान चलाकर बंदरों को पकड़ा जाएगा।

### बैकवर्ड धर्मशाला में हुई कुम्हार समाज की मीटिंग

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** शहर की बैकवर्ड धर्मशाला में कुम्हार समाज की मीटिंग हुई। अध्यक्षता बस्तीराम ने की। संचालन सत्यनाराण ने किया। मीटिंग में हलके के गांव से पहुंचे लोगों ने समस्याओं को रखा चर्चा की। मीटिंग के माध्यम से सीएम नायब सिंह सैनी से कुम्हार समाज की समस्याओं को दूर करने की मांग की। बस्तीराम ने बताया कि गांवों में मिट्टी के बर्तन बनाने, पकाने के लिए जगह उपलब्ध कराने, प्रत्येक गांव में सीएम की घोषणा के अनुसार कुम्हार समाज को मालिकाना हक दिए जाने, मिट्टी के बर्तन में हुए नुकसान पर सरकार की तरफ से सहयोग देने की मांग की। इस मौके पर महेंद्रपाल, जयप्रकाश प्रधान जींद, कृष्ण, सतबीर, बलवान, धर्मा, हजारी लाल, सुनील मौजूद रहे।

## हर साल करोड़ों रुपए खर्च कर घटिया समग्री (कम) व बिना लेवल की बनाई जा रही हैं कंक्रीट की गलियां

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला




**टोहाना, 14 दिसंबर।** नगर परिषद टोहाना में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जिसको लेकर नगर परिषद के चेयरमैन व पार्षद ने कई बार अपनी ही सरकार के विरुद्ध आवाज उठाई है नगर परिषद में बजट आने से पहले ही यह तय कर दिया जाता है कि यह काम ठेकेदार कौन सा करेगा और ठेकेदार ज्यादा माइंस पर गलियों के ठेके लेने के बाद भी हर कार्य में सामग्री की गुणवत्ता आदि मेटेरियल कम डालकर पैसा कमाने के चक्कर में घटिया निर्माण गलियों का कर जाता है और जो भुगतना टोहाना निवासियों को पड़ता है। नगर परिषद के अधिकारी आमजन की समस्या या कार्यो को दर किनारे कर सिर्फ ठेकेदारों की के ही कार्यों में दिलचस्पी से लगे रहते हैं जितने भी कार्य नगर परिषद के वार्डो में चल रहे हैं सभी कार्यो की सैंपल की जांच एन आई आई टी दिल्ली से करवाई जानी चाहिए तब पता लगेगा कि कौन कौन से ठेकेदार ने माइंस में ठेके लेकर सामग्री की क्वालिटी से कितना समझौता किया है। बनने वाली कंक्रीट की गलियां बनते ही टूटती देखी जा सकती हैं लेवल की बात करें तो हर गलियों में सिबरेज का पानी नहर का रूप धारण किए हुए है ठेकेदार ही खुद कनिष्ठ अभियंता छ्ब्श्व बने हुए लेबर से काम करवाते दिखाई देते हैं नगर परिषद के के कनिष्ठ अभियंता छ्ब्श्व शहर में चल रहे कार्य पर जाना तो दूर वह मटेरियल तक देखना उचित नहीं समझते सिर्फ कार्य का बिल ही बनाने में दिलचस्पी दिखाते हैं और देखे जा सकते हैं टेंडर प्रक्रिया से दूर सिर्फ कोटेशन वर्क से ही ज्यादा बिल नगर परिषद में बनाए जा रहे हैं कई लोग दबी आवाज में यह भी कहते दिखाई देते हैं कि पुराने अधिकारियों द्वारा किए गए घोटाले सामने आने के डर से ही नये अधिकारी टोहाना का चार्ज लेने से भी डरते हैं टोहाना के निवासियों की नगर निकाय मंत्री विपिन गोयल से अपील है कि विजिलेंस टीम या हरियाणा मुख्यमंत्री सी एम फ्लाइंग से नगर परिषद की जांच करवाई जाए तब करोड़ों रुपए के घोटाले सामने आएंगे।

## स्वच्छता के लिए गांवों में भी विशेष योजना व रणनीति बनाकर कार्य करने की जरुरत : सुभाष चंद्र

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया



**कुरुक्षेत्र, 14 दिसंबर।** स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पूरे विश्व में अपनी एक विशिष्ट पहचान है और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का नाम जोड़ने से अब जिला सीएम सिटी के रूप में भी जाना जाने लगा है। ऐसे में स्वच्छता के क्षेत्र में कुरुक्षेत्र की विशेष पहचान बने, इसके लिए शहरों के साथ-साथ गांवों में भी विशेष योजना व रणनीति बनाकर कार्य किए जाने की जरूरत है।

स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र रविवार को शाहाबाद विधानसभा के गांव सम्भालखी में आयोजित स्वच्छता चौपाल में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समाधान के लिए भी कहा। ग्रामीणों ने स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन को आश्वासन देते हुए कहा कि इसके लिए उनका गांव पूरी तरह से तत्पर है और स्वच्छता में अग्रणी स्थान पर लाने के लिए पूरा सहयोग किया जाएगा।

सुभाष चंद्र ने कहा कि स्वच्छता एक सामाजिक जिम्मेदारी है। जिसके लिए हम सबको सामूहिक भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कुरुक्षेत्र जिला के सभी गांवों की सभी सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक व शैक्षणिक संस्थानों से इस मुहिम से जुड़ने और स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने की अपील की। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि सतीश कुमार, सरपंच जरोली मोती लाल, छोटू सुड़पुर, सुशील, मनीष कुमार, विनोद कुमार, सरपंच अनीता देवी, हरबंस कौर, अधिवक्ता व युवा भाजपा नेता अशोक कुरलन आदि भी मौजूद रहे।

## काली कमली मंदिर में भव्य भंडारे के साथ नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन, हजारों ने उठाया लाभ

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 14 दिसंबर।** अंबे सेवा समिति के प्रधान श्री ओमपाल बंसल की अध्यक्षता में आज प्रसिद्ध काली कमली मंदिर परिसर में श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माँ काली की विशेष कृपा श्री ओमपाल बंसल पर बनी रही, जिन पर माँ भगवती की असीम अनुकंपा सदैव विद्यमान है।

भंडारे के साथ-साथ निःशुल्क मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया, जिसे माधव क्लिनिक द्वारा श्री ओमपाल बंसल की अध्यक्षता में लगाया गया। इस मेडिकल कैंप में हजारों लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई और जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गई। कैंप में विभिन्न रोगों की जांच कर विशेषज्ञों द्वारा उचित परामर्श दिया गया।

अंबे सेवा समिति द्वारा प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को नियमित रूप से माँ भगवती के चरणों में भंडारे का आयोजन किया जाता है, जो निरंतर सफलतापूर्वक संपन्न हो रहा है। आज के आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं व नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और धार्मिक व सामाजिक सेवा का लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। उपस्थित श्रद्धालुओं व नागरिकों ने समिति एवं आयोजकों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के धार्मिक व जनकल्याणकारी आयोजनों की निरंतरता की कामना की।

## प्रतिस्पर्धात्मक युग में शिक्षा के साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास समय की जरूरत : सांसद सुभाष बराला

एसआरडी पब्लिक स्कूल, इंदाछोई के 9वें वार्षिक समारोह में सांसद बराला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 14 दिसंबर।** एसआरडी पब्लिक स्कूल, इंदाछोई में रविवार को विद्यालय का 9वां वार्षिक समारोह बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा और उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। इस आयोजन में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के नन्हे-मुन्ने एवं वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, समूह गान, लघु नाटिकाओं एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, सामाजिक मूल्यों, पर्यावरण संरक्षण और नैतिक शिक्षा का सुंदर संदेश दिया।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने विद्यार्थियों द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। प्रदर्शनी में विज्ञान, तकनीक, पर्यावरण, ऊर्जा संरक्षण, स्वास्थ्य एवं दैनिक जीवन से जुड़े विषयों पर आधारित विभिन्न मॉडलों और प्रयोगों को प्रदर्शित किया गया। यह प्रदर्शनी अत्यंत ज्ञानवर्धक, रचनात्मक एवं नवाचार से परिपूर्ण रही, जिसमें बच्चों की वैज्ञानिक सोच, कल्पनाशीलता और शोध प्रवृत्ति प्रभावशाली रूप से सामने आई। सांसद ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उनके प्रयासों की सराहना की।

समारोह को संबोधित करते हुए सांसद सुभाष बराला ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के वार्षिक समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक सोच को विकसित करते हैं। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

राज्यसभा सांसद ने विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षकगण, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों और अनुशासन की भी सराहना की तथा विद्यालय के निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने की कामना की।

# महाभारत के बर्बरीक से श्रीकृष्ण ने क्यों दान में मांगा था शीश



हारे का सहारा खाटू श्याम के बारे में तो हम सभी ने सुना होगा। खाटू श्याम को कलियुग का देवता भी कहा जाता है। खाटू श्याम को श्रीकृष्ण का चमत्कारी रूप भी माना जाता है। कहा जाता है कि अगर बाबा के दरबार में भक्त सच्ची मनोकामना के साथ आता है, उसकी हर इच्छा खाटू श्याम जरूर पूरी करता है। हालांकि लोगों के मन में यह जरूर उठता है कि इनको हारे का सहारा क्यों कहा जाता है।

पौराणिक कथाओं के मुताबिक खाटू श्याम का असली नाम बर्बरीक है। महाभारत में इनके पिता का नाम घटोत्कच और मां का नाम कामकंटकटा था। कुरुक्षेत्र में जब कौरव और पांडवों के बीच युद्ध चल रहा था, तो बर्बरीक भी मैदान में उतर पड़े थे। ऐसे में बर्बरीक ने यह प्रतिज्ञा ली कि जो भी पक्ष कमजोर होने लगेगा, वह उसका साथ देंगे। इसी वजह से उनको हारे का सहारा कहा जाता है। जब यह बात भगवान श्रीकृष्ण को पता चली, तो उनको यह भी पता था कि बर्बरीक को तीन बाणों से किसी भी लड़ाई को जीतने का आशीर्वाद प्राप्त है।

एक बार श्रीकृष्ण ने बर्बरीक के पास जाकर उनकी परीक्षा ली। तब उन्होंने बर्बरीक से पीपल के पेड़ के सभी पत्तों को बाण से मारने को बोला। जिस पर बर्बरीक ने एक बाण चलाया और पीपल के पत्तों पर छेद हो गया। लेकिन श्रीकृष्ण ने एक पीपल के पत्ते को अपने पैर के नीचे दबा लिया। तब श्रीकृष्ण से बर्बरीक ने पैर हटाने के लिए कहा, जिससे वह उस पत्ते में भी छेद कर सकें। लेकिन श्रीकृष्ण ने पैर नहीं हटाया, जिस पर बर्बरीक ने ऐसा बाण चलाया कि उस आखिरी पत्ते में भी छेद हो गया और भगवान श्रीकृष्ण के पैर पर भी चोट लग गई।

यह सब देखने के बाद श्रीकृष्ण हैरान रह गए और उनको पांडवों पर संकट दिखने लगा। तब अगले दिन वह बर्बरीक के पास ब्राह्मण के वेश में पहुंचे और उनसे भिक्षा में सिर मांगा। तब बर्बरीक ने ब्राह्मण से असली पहचान बताने के लिए कहा, तो श्रीकृष्ण ने उनको अपना दिव्य रूप दिखाया। भगवान का रूप देखकर बर्बरीक ने उनको सिर का बलिदान दे दिया। लेकिन श्रीकृष्ण ने उनको आशीर्वाद दिया कि वह कलियुग में श्याम के रूप में पहचाने जाएंगे। फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की द्वादश तिथि में बर्बरीक ने सिर का बलिदान दिया था।

बताया जाता है कि बर्बरीक का सिर महाभारत युद्ध के बाद नदी में बहकर राजस्थान के सीकर जिले के खाटू शहर में पहुंच गया था। फिर 1027 ई. में राजा रूप सिंह चौहान और उनकी धर्मपत्नी नर्मदा कंवर को बर्बरीक का सिर मिला। जिस तालाब से बर्बरीक की सिर मिला था, उससे कुछ दूरी पर उन्होंने खाटू श्याम मंदिर का निर्माण कराया।

हालांकि मुगल शासक बादशाह औरंगजेब ने अपने शासनकाल में खाटू श्याम के पुराने मंदिर को तुड़वा दिया था और उस स्थान पर मस्जिद खड़ी कर ली थी। लेकिन औरंगजेब की मृत्यु के बाद 1720 ई में अभय सिंह ने नया खाटू श्याम मंदिर बनवाया। जहां पर आज भी लोग दर्शन के लिए जाते हैं।

# अपने जीवन से नीरस रंगों को दूर करके उसमें उजले रंग भरें : मुनिश्री विनय कुमार जी



**चंडीगढ़।** जो अपने वर्तमान से संतुष्ट न हों और हमेशा भविष्य में अपनी खुशियों की तलाश करते हैं। वर्तमान में वे एक की कामना करते हैं, तो भविष्य में दो-चार की। इसलिए वे कभी खुशी महसूस ही नहीं कर पाते हैं। कौन व्यक्ति तरक्की या कामयाबी नहीं चाहता, लेकिन अपने जीवन में खुश वही व्यक्ति रहता है, जो अपनी छोटी-छोटी सफलताओं पर गर्व करता है। जिस व्यक्ति को अपने वर्तमान में सफलता, पूर्व में अर्जित की गई सफलता से छोटी लगती है और वह भविष्य में और बड़ी सफलता की कामना करता है? वह कभी अपने कार्य से संतुष्ट नहीं हो पाता। इसलिए वह हमेशा खुशी से भी वंचित रहता है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर-24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार मे रविवारी सभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीश्रीसंत ने अंत मे फरमाया- जीवन में खुश रहने के लिए जरूरी है कि हम अपने जीवन से नीरस रंगों को दूर करके उसमें उजले रंग भरें। सफलता और असफलता हमारे जीवन का हिस्सा हैं। इसलिए सफलता मिलने पर व्यक्ति को न तो ज्यादा अभिमान करना चाहिए और न ही असफलता मिलने पर व्यक्ति को निराश होना चाहिए। दोनों ही स्थिति में मनुष्य को सामान्य बने रहना चाहिए। खुश रहने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि हमें नकारात्मक सोच को दूर करके सकारात्मक विचारों को अपने पास रखना चाहिए। सृष्टि के आरंभ से लेकर आज तक मनुष्य ने जो भी विकास किया है, वह सब परिश्रम की ही देन है। जब मानव जंगल अवस्था में था, तब वह घोर परिश्रमी था। उसे खाने-पीने, सोने, पहनने आदि के लिए जी-तोड़ मेहनत करनी पड़ती थी। प्रकृति का कण-कण बने हुए नियमों से अपना-अपना काम करता है। चींटी का जीवन भी परिश्रम से ही पूर्ण होता है। मनुष्य परिश्रम करके अपने जीवन की हर समस्या से छुटकारा पा सकता है।

## बुद्धि खोकर नैतिक होना अनैतिक होने से भी बदतर: अतुल मुनि जी

अतुल मुनि ने आगे कहा बुद्धि खोकर नैतिक होना अनैतिक होने से भी बदतर है। पुराना आदमी नैतिक था व्यक्तित्व खोकर। व्यक्तित्व खोकर नैतिक होना अनैतिक होने से भी बुरा है। पुराना आदमी समूह का एक अंग था, व्यक्ति नहीं। उसके पास कोई व्यक्तित्व न था। वह जातिवादी समूहों में बंद था। वह समूह के खिलाफ इंचभर चलता तो कुएं पर पानी पीना बंद, हुक्का बंद, भोजन बंद, विवाह बंद..। नए दौर में हमें सब बदल देना पड़ेगा। अब नई नीति- स्वस्थ, सुखी आदमी को, मुस्कराते आदमी को स्वीकार करेगी। हमें बुद्ध और महावीर की नई मूर्तियां ढालनी होंगी, जिनमें वे खिलखिलाकर हंस रहे हों। नए आदमी को सुखी, स्वस्थ्य और आनंदित- किसी स्वर्ग में नहीं, बल्कि इस पृथ्वी पर ही अनुभव कराना पड़ेगा।

# धान घोटाले ने सरकार की पारदर्शिता व जवाबदेही पर लगाए बड़े प्रश्नचिह्न : कुमारी सैलजा

> कहा-फर्जी गेट पास काटकर मंडियों में धान आए बिना ही बेच डाला और सरकार सोती रही

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़/नई दिल्ली। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में फर्जी गेट पास काटकर मंडियों में धान आए बिना ही बेच डाला। बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश से धान लाकर यहां के किसानों के नाम से बेचा गया। इस धान घोटाले ने प्रदेश की भाजपा सरकार की पारदर्शिता और जवाबदेही पर बड़े प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं जबकि सरकार भ्रष्टाचार मुक्त शासन और प्रशासन का दावा करती आ रही है। सरकार को चाहिए कि वह इस पूरे प्रकरण में सच सामने लाए, दोषियों पर कठोर कार्रवाई करे और किसानों को उनका उचित हक तथा राहत तुरंत प्रदान करे। कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ खड़ी है और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर आवाज उठाती रहेगी।

मीडिया को जारी बयान में कहा है कि हरियाणा में अनाज खरीदी प्रणाली और सरकारी वित्तीय प्रबंधन को लेकर उठ रहे गंभीर आरोपों ने पूरे प्रदेश के किसान समुदाय को गहरी चिंता में डाल दिया है। धान और अन्य फसलों की सरकारी खरीद में व्यापक अनियमितताओं, कागज़ी खरीद के असामान्य रूप से बढ़े आंकड़ों तथा बिचौलियों और अधिकारियों की संभावित मिलीभगत की खबरों ने सरकार की पारदर्शिता और जवाबदेही पर बड़े प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। सरकारी खरीद व्यवस्था का उद्देश्य किसानों को सुरक्षा और सम्मान देना है, न कि उनके हक की अनदेखी करके उन्हें आर्थिक नुकसान और मानसिक तनाव में धकेलना। बाढ़ से हुए फसल नुकसान के बावजूद कागज़ी खरीद में भारी वृद्धि के आरोप प्रदेश के वित्तीय संसाधनों के दुरुपयोग की ओर भी इशारा करते हैं, जो चिंताजनक है। ऐसे परिस्थितियों में यह आवश्यक हो जाता है कि सरकार किसी भी प्रकार की लीपापोती से दूर रहते हुए पूरे मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करें, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि अनियमितताओं के लिए वास्तविक रूप से जिम्मेदार कौन लोग हैं। जांच केवल निचले स्तर तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन सभी निर्णयकर्ताओं और उच्च स्तर के जिम्मेदार व्यक्तियों को भी शामिल करना चाहिए जिनकी भूमिका ने इस स्थिति को जन्म दिया। किसानों से किए गए एमएसपी वादों की सत्यता और सरकारी खरीद के वास्तविक आंकड़ों को पारदर्शी रूप से सार्वजनिक किया जाना चाहिए, ताकि उन्हें यह भरोसा हो सके कि सरकार उनके हितों की रक्षा के लिए ईमानदारी से कार्य कर रही है।

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि किसानों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा केवल राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि प्रदेश की सामाजिक और आर्थिक स्थिरता के लिए अनिवार्य है। हरियाणा के किसान आज न्याय की अपेक्षा कर रहे हैं। सांसद ने कहा कि किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार या शोषण को छिपाने का प्रयास स्वीकार्य नहीं होगा।

# भक्त निराकार परमात्मा दातार के ऊपर ही निर्भर होते हैं



सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

ज्ञान की दृढ़ता तभी होती है, जब इस निराकार को अपने अंग-संग जानकर, हृदय में बसाकर, हरएक में इसका दर्शन करके हर एक कासत्कारकरते हैं और दातार की दी हुई दातों का सद्वार्ग में इस्तेमाल करते हैं। हाथो से सेवा करते हैं, जुबान से इसका यश करते हैं, मीठे बोल बोलते हैं और जो दातार ने धन दिया है उस धन को भी अर्पित भाव से इस्तेमाल करते हैं कि-

कबीर मेरा मुझ महि किछु नहीं जो किछु है सो तेरा।
तेरा तुझ कउ सउपते किया लागै मेरा।

निराकार परमात्मा के साथ जिसका नाते जुड़ जाता है, उसकी आंखें संसार का दृश्य तो देखती हैं, लेकिन निश्चय इस एक के ऊपर होता है। मन को इसी निशाने पर लगाना होता है। द्रोणाचार्य ने एक काठ की चिड़िया पेड़ पर रखी थी, कि इस पर निशाना लगाना है। इससे शिष्य से पूछा जाता है कि वह क्या देख रहा है, क्या नज़र आ रहा है। वह कहता है, आसमान नजर आ रहा है, पेड़ नज़र आ रहे हैं। पेड़ पर उसकी डालियां हैं, ऊपर चिड़िया बैठी है। यह कहकर निशाना लगाता है, तो चूक जाता है। दूसरे को पूछा जाता है कि उसे क्या नज़र आ रहा है? वह भी कहता है कि मुझे पेड़, पत्ते, डालियां और चिड़िया नजर आ रही है। उसका भी निशाना चूक जाता है। तीसरे से पूछा जाता है कि क्या नज़र आ रहा है? वह कहता है कि मुझे डाल के ऊपर चिड़िया नज़र आ रही है। वह भी चूक गया। चौथे (अर्जुन) की बारी आई। उससे पूछा गया कि आपको क्या नज़र आ रहा है? कहने लगा कि मुझे चिड़िया की सिर्फ आंख नज़र आ रही है। नतीजा यह हुआ कि वह निशाना सीधा आंख पर जाकर लगा। कहने का भाव यह नहीं कि जो दूसरे बाकी के लोगों ने बयान किया, उसकी आँखें वह दृश्य नहीं देख रही थीं, या उसने कोई ऐसा चश्मा चढ़ा रखा था, जिसके बड़े शीशे थे या लैन्स थे, जिसके कारण उसका स्वरूप बढ़ गया कि बाकी कुछ नज़र आना बन्द हो गया और केवल आंख नज़र आ रही थी। ऐसा नहीं था। चारों की आंख वही कुछ देख रही थी, एक जैसा ही देख रही थीं, लेकिन जिसने आँख के ऊपर मन एकाग्र किया, वही वास्तव में कहता है कि मुझे आँख नज़र आ रही है। उसी ने कामयाबी प्राप्त की, वह लक्ष्य प्राप्त किया। इसी तरह गुरुमुख महापुरुष, सन्त जो होते हैं, वह भी इस एक निराकार परमात्मा दातार के ऊपर ही निर्भर होते हैं। इसी की तरफ ध्यान रखते हैं। इसी का आसरा लेते हैं और संसार को मिथ्या जानकर निरलेप रहते हैं। अवतार बाणी में कहा है कि-

'गुरसिखों को राम मिला है उसको सदा संभालण ओ'

गुरमुख महापुरुषों के दर्शन बड़े भाग्य से प्राप्त होते हैं। महापुरुषोंके मिलाप, महापुरुषों की संगति हमारे जीवन को ऊँचा किया करती है, जो गुरमुख महापुरुषो के मिलाप की चाहना अपने मन में रखते हैं।

उनकी संगति करते हैं, उनके ज्ञान की संभाल सरलता से हो जाती है। तभी तो कहा गया है कि-

सेई मिलाई, जिन्हा मिलयां तेरा नाम चित्त आवे ।

अर्थात् हे दातार ! ऐसे भक्तो, महापुरुषों से मिलाप करा, जिनके मिलाप से और किसी चीज़ का नहीं बल्कि तेरा ही ध्यान आता है।

## पंचांग

सोमवार, 15 दिसम्बर, 2025, सूर्योदयः 07:06 ए एम, सूर्यास्तः 05:26 पी एम, चन्द्रोदयः 03:45 ए एम, दिसम्बर 16, चन्द्रास्तः 02:04 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः मार्गशीर्ष, पूर्णिमान्त महीनाः पौष, वारः सोमवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः एकादशी - 09:19 पी एम तक, नक्षत्रः चित्रा - 11:08 ए एम तक, योगः शोभन - 12:30 पी एम तक, करणः बव - 08:03 ए एम तक, द्वितीय करणः बालव - 09:19 पी एम तक, सूर्य राशिः वृश्चिक - 04:27 ए एम, दिसम्बर 16 तक, चन्द्र राशिः तुला, राहुकालः 08:24 ए एम से 09:41 ए एम, गुलिक कालः 01:34 पी एम से 02:51 पी एम, यमगण्डः 10:59 ए एम से 12:16 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:56 ए एम से 12:37 पी एम, दुर्मुहूर्तः 12:37 पी एम से 01:18 पी एम, दुर्मुहूर्तः 02:41 पी एम से 03:22 पी एम, अमृत कालः 04:15 ए एम, दिसम्बर 16 से 06:03 ए एम, दिसम्बर 16, वर्ज्यः 05:27 पी एम से 07:15 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** घर पर तनाव का माहौल आपको नाराज कर सकता है। खराब हालात से दूर रहना ही बेहतर है।

**वृषः** किसी जरूरी काम को पूरा करने में आ रही अड़चने आज दूर हो जाएंगी। आज किसी ऐसे मित्र की मदद करेंगे जो भविष्य में आपकी मदद कर सकता है।

**मिथुनः** कन्फ्यूजन की स्थिति से निपटने की कोशिश में आप सफल हो सकते हैं। धैर्य और कोशिश के बीच संतुलन रखेंगे, तो ज्यादातर समस्याएं सुलझ सकती है।

**कर्कः** आज आपका कोई छुपा विरोधी आपको गलत साबित करने की पुरजोर कोशिश करेगा।

**सिंहः** जेवर और एंटीक में निवेश फायदेमंद रहेगा और समृद्धि लेकर आएगा। दूसरों को खुशियां देकर और पुरानी गलतियों को भुलाकर आप जीवन को सार्थक बनाएंगे।

**कन्याः** आज अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातों को समझने की कोशिश करें। इससे भविष्य में आपको ही फायदा होगा।

**तुलाः** अविवाहित लोगों की लव लाइफ अच्छी हो सकती है। शादीशुदा लोगों को भी पार्टनर से मदद मिल सकती है। जीवनसाथी से आपके संबंध मधुर रहेंगे।

**वृश्चिकः** आज आपके कई कार्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। तनाव खत्म होने की वजह से आपके कार्य की गति बढ़ेगी।

**धनुः** बच्चे खेल-कूद और दूसरी बाहरी गतिविधियों पर ज्यादा वक्त खर्च करेंगे। आपको अपनी हार से कुछ सबक सीखने की जरूरत है।

**मकरः** आज विवाहित अपने जीवनसाथी को अधिक टाइम देंगे तो दोनों के रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

**कुंभः** नौकरीपेशा और बिजनेस करने वाले लोग अपने कामकाज से संतुष्ट हो सकते हैं। बड़े अधिकारियों से भी बातचीत होने की संभावना है।

**मीनः** व्यापार से सफलता का सूत्र बनेगा। आप के मन में परिवर्तन शीघ्र आएंगे, जिससे आपका मन कुछ द्विधायुक्त रहेगा।

# सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने समग्र न्यूरो केयर को सशक्त बनाने हेतु अत्याधुनिक पार्किंसन रोग क्लीनिक का शुभारंभ

चंडीगढ़। सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल, भारत का पहला 100 प्रतिशत एफडीआई-वित्तपोषित अस्पताल और न्यूरोसाइंसेज़ के क्षेत्र में अग्रणी, ने आज अपने पार्किंसन रोग क्लिनिक के शुभारंभ की घोषणा की। यह समर्पित, बहुविषयक केंद्र पार्किंसन रोग एवं अन्य मूवमेंट डिसऑर्डर्स से पीड़ित व्यक्तियों के लिए उन्नत निदान, व्यक्तिगत उपचार और समग्र पुनर्वास सेवाएँ प्रदान करने हेतु स्थापित किया गया है। इस अत्याधुनिक क्लिनिक का औपचारिक उद्घाटन श्री यूइची नागानो, मैनेजिंग डायरेक्टर; श्री केई इयामा, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर; और लवकेश कुमार फासू, ग्रुप चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल, बेंगलुरु द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्रशांत एलके, मूवमेंट डिसऑर्डर सोसायटी ऑफ इंडिया के संस्थापक सदस्यों में से एक, तथा डॉ. हेमा कृष्णा पी, कंसल्टेंट न्यूरोलॉजी, पार्किंसन रोग एवं मूवमेंट डिसऑर्डर्स, सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल, बेंगलुरु उपस्थित रहे।

नव-स्थापित पार्किंसन रोग क्लिनिक का उद्देश्य भारत में पार्किंसन रोग के बढ़ते बोझ को संबोधित करना है, जहाँ प्रारंभिक पहचान, समय पर उपचार और दीर्घकालिक प्रबंधन जीवन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण अंतर ला सकते हैं। यह क्लिनिक न्यूरोलॉजी एवं एडवांस्ड मूवमेंट डिसऑर्डर केयर, फंक्शनल न्यूरोसर्जरी, न्यूरोसाइकोलॉजी और रिहैबिलिटेशन साइंसेज़ को एकीकृत करता है, और निम्नलिखित सेवाएँ प्रदान करता है।

क्लिनिक ने विशेष पार्किंसन केयर पैकेज भी लॉन्च किया है, जो रोग की हर अवस्था में मरीजों को सुलभ और निरंतर देखभाल प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर जी.वी.एम. गर्ल्स कॉलेज को मिला राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार

> राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कॉलेज की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. ओ.पी. परुथी को दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में प्रदान किया पुरस्कार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी




सोनीपत। जी.वी.एम. गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा प्रदान किया गया। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. ओ.पी. परुथी ने इस अवसर पर कहा कि ऊर्जा संरक्षण आज केवल आवश्यकता नहीं बल्कि राष्ट्रीय जिम्मेदारी बन चुका है। उन्होंने कहा कि सीमित ऊर्जा संसाधनों के प्रभावी एवं विवेकपूर्ण उपयोग से ही सतत विकास का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कॉलेज की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. ओ.पी. परुथी को यह पुरस्कार प्रदान किया। यह उपलब्धि न केवल जी.वी.एम. गर्ल्स कॉलेज बल्कि संपूर्ण सोनीपत शहर एवं हरियाणा प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उल्लेखनीय है कि जी.वी.एम. गर्ल्स कॉलेज इससे पूर्व 30 अक्टूबर 2025 में भी हरियाणा राज्य का प्रथम ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार प्राप्त कर चुका है। अब राष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान प्राप्त होना कॉलेज की उत्कृष्ट कार्यसंस्कृति, दूरदर्शी नेतृत्व एवं सतत प्रयासों का परिणाम है।

अध्यक्ष डा. परुथी ने प्राचार्य मंजुला स्पाह के ऊर्जा संरक्षण प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्राचार्य मंजुला स्पाह द्वारा महाविद्यालय के लिए ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में किए गए सराहनीय प्रयास वास्तव में प्रेरणादायक हैं। उनके कुशल नेतृत्व में संस्थान में ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग, जागरूकता कार्यक्रमों तथा पर्यावरण-अनुकूल पहल को सफलतापूर्वक लागू किया गया है। उनके प्रयास न केवल संसाधनों की बचत कर रहे हैं, बल्कि विद्यार्थियों और कर्मचारियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित कर रहे हैं। मैं ऊर्जा संरक्षण के प्रति उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण और सतत प्रयासों की हार्दिक प्रशंसा करता हूं और आशा करता हूं कि उनके मार्गदर्शन में यह अभियान और भी सशक्त होगा।

डॉ. परुथी ने बताया कि जी.वी.एम. गर्ल्स कॉलेज में ऊर्जा दक्षता को प्राथमिकता देते हुए आधुनिक तकनीकों, ऊर्जा बचत उपकरणों तथा जागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर अपनाया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने दैनिक जीवन में ऊर्जा संरक्षण को व्यवहार में उतारें और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शिक्षा संस्थान यदि उदाहरण प्रस्तुत करें तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। यह राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. मंजुला स्पाह ने बताया कि ऊर्जा खपत प्रबंधन के लिए कॉलेज द्वारा निरंतर प्रभावी कदम उठाए गए हैं। कॉलेज में ऊर्जा दक्ष उपकरणों का प्रयोग, जागरूकता कार्यक्रम तथा नियमित निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। इस उपलब्धि में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समस्त कर्मचारियों के अनुकरणीय सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस प्रत्येक वर्ष 14 दिसंबर को मनाया जाता है, जिस अवसर पर ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले संस्थानों एवं उद्योगों को सम्मानित किया जाता है।

# नशा-मुक्त हरियाणा मिशन के तहत सोनीपत में एंटी-ड्रग व ट्रांसजेंडर जागरूकता अभियान



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा साउथ पॉइंट कॉलेज ऑफ लॉ, सोनीपत व अशोका यूनिवर्सिटी, सोनीपत में 'स्वीकार- न्याय और सम्मान (ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए जागरूकता अभियान) व् नशा-मुक्त हरियाणा मिशन के तहत एंटी-ड्रग जागरूकता एवं रोकथाम अभियान के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जगजीत सिंह, माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरपर्सन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा प्रचेता सिंह, माननीय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

अभियान का संचालन एवं जागरूकता संबोधन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता अश्वनी कुमार द्वारा साउथ पॉइंट कॉलेज ऑफ लॉ, सोनीपत तथा अरुण कुमार शर्मा द्वारा अशोका यूनिवर्सिटी, सोनीपत में किया गया। उन्होंने वहाँ उपस्थित छात्रों व् लोगो को ट्रांसजेंडर समुदाय के विधिक अधिकारों, सम्मानजनक जीवन, समान अवसरों, समाज में स्वीकृति तथा न्याय सुनिश्चित करने के लिए उपलब्ध कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने यह भी बताया कि समाज में इस समुदाय के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करना समय की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति भेदभाव को कम करना, उनके सम्मान और समानता को बढ़ावा देना तथा उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए समाज को प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के दौरान अश्वनी कुमार व अरुण कुमार शर्मा, पैनल अधिवक्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत ने छात्रों एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों, नशा-निवारण के उपायों, परिवार एवं समाज पर नशे के गंभीर प्रभावों तथा 'नशा-मुक्त हरियाणा मिशन' के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया।




# हरियाणा में घना कोहरा, रोहतक में 40 वाहन टकराए, 2 की मौत

**हिसार में बाइक सवार युवक, झज्जर में छात्रा की जान गई**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रोहतक, 14 दिसंबर।** हरियाणा के अधिकांश जिलों में रविवार सुबह घना कोहरा रहा। विजिबिलिटी 10 मीटर से भी कम रही। अलग-अलग जगहों पर हुए हादसों में 50 से ज्यादा वाहन आपस में टकरा गए। रोहतक में ट्रक और कार की टक्कर में 2 लोगों की मौत हो गई। यहां करीब 40 वाहन आपस में टकराए।

वहीं हिसार में हरियाणा रोडवेज की 2 बसें दूसरे वाहनों से टकरा गईं। इसमें एक बाइक सवार घायल हो गया। सिरसा हाईवे पर एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया।

झज्जर में रोडवेज बस और स्कूल बस आपस में टकरा गई, जिससे स्कूल बस में सवार 8 ल?कियां घायल हो गई, जबकि एक की मौत हो गई। ष्टरू नायब सैनी ने झज्जर हादसे में जान गंवाने वाली छात्रा के परिवार को ढाई लाख और घायलों के परिवार को 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद का ऐलान किया है।

उधर, जींद के जुलाना में भी नेशनल हाईवे-152ष्ठ पर कई वाहन टकरा गए। इसमें रोडवेज बस में सवार 4 यात्री घायल हो गए।

हादसों को देखते हुए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने धुंध में लोगों को धीमी गति से वाहन चलाने की एडवाइजरी जारी की है। मौसम विभाग ने आज रविवार को 11 जिलों में गहरी धुंध का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा कल 14 दिसंबर को भी घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है।

वहीं, जींद में जुलाना से गुजरने वाले ह्य-152ष्ठ पर कई वाहन टकरा गए। इसमें रोडवेज बस में सवार 4 यात्री घायल हो गए।



### चरखी दादरी, जींद में स्कूल बस सहित कई वाहन टकराए

चरखी-दादरी में रविवार सुबह घने कोहरे के कारण कालियावास मोड़ के पास कई वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में एक स्कूली वैन या बस भी शामिल थी, जिसमें कई बच्चे सवार थे। राहत की बात यह रही कि सभी बच्चे सुरक्षित हैं और उन्हें मामूली चोटें आई हैं। जींद में गोहाना रोड स्थित निडानी गांव में भी यात्री के साथ हादसा हुआ। हादसे के बाद यात्रियों को सीढ़ी लगाकर बस के पिछले हिस्से से निकाला गया।



### रोहतक में 40 वाहन टकराए, 2 की मौत, कई घायल



रोहतक जिले के महम क्षेत्र में 152डी के कट पर रविवार सुबह घने कोहरे के कारण बड़ा सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में एक ट्रक और कार की टक्कर हो गई, जिसमें कार सवार 2 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे के बाद लगभग 35-40 अन्य वाहन भी आपस में टकरा गए, जिनमें कई लोग घायल हो गए। एकदूसरे से टकराकर कई वाहन पलट गए तो कई एक दूसरे में घुस गए। कुछ में आग भी लग गई। हादसे की सूचना पर पहुंची महम थाना पुलिस क्षतिग्रस्त कारों को काटकर उसमें फंसे शवों को बाहर निकाला। इसके अलावा जेसीबी बुलाकर वाहनों को बीच सड़क से हटाने का प्रयास अभी जारी है। मृतकों में एक की पहचान आशीष निवासी रानीला चरखी दादरी के रूप में हुई।

### हिसार में टकराए पांच वाहन, सिरसा हाईवे पर युवक की मौत

हिसार में हादसा सुबह करीब 8 बजे हुआ। धुंध में विजिब्लिटी कम होने के कारण नेशनल हाईवे 52 हिसार-चंडीग? पर मलिक टोयटो के पास 5 वाहन टकरा गए। इसके बाद कैथल रोडवेज डिपो की सवारियों से भरी बस डंपर से टकरा गई। इसके बाद पीछे आ रही दूसरी रोडवेज बस की ऑल्टो कार से टक्कर हो गई। एक बाइक सवार युवक भी इनकी चपेट में आ गया। हादसे में 100 से ज्यादा लोगों की जान बच गई, बाइक सवार घायल हुआ है। वहीं, सिरसा हाईवे पर हुए हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान मनदीप के रूप में हुई है, जो ढाणी श्यामलाल, हिसार का निवासी था। वहीं घायल युवक का नाम सुनील बताया गया है, जिसे गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मनदीप भैंस फार्म में कौशल रोजगार योजना के तहत दूध निकालने का कार्य करता है।

### झज्जर में भी दो बसें टकराईं, ड्राइवर घायल

झज्जर जिले में रविवार सुबह अलग- अलग स्थानों पर दो सड़क हादसे हुए। कलियावास गांव में रोडवेज बस और स्कूल बस आपस में टकरा गई। स्कूल बस में सवार छह ल?कियां घायल हो गई, जबकि एक की मौत हो गई। चरखी दादरी के आर्यन स्कूल की यह बस टूर के लिए जा रही थी। घायल छात्राओं को दादरी जिले के नागरिक अस्पताल में इलाज के लिए भिजवाया गया है। इसके अलावा रेवाड़ी रोड पर कुलाना चौक के समीप ट्रैवलर बस दूसरे वाहन से टकरा गई। यह बस खाटू श्याम से बहादुरगढ़ आ रही थी, जिसमें 50 से ज्यादा श्रद्धालु सवार थे। हादसे में कई यात्री घायल हो गए, जबकि बस चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ड्राइवर को लोकल अस्पताल से पीजीआई रेफर किया गया है।

**प्राइवेट स्कूल संघ की मांग**

# चार वर्ष तक के बच्चों का भी पोर्टल पर जनरेट हो स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन नंबर

**स्कूल बदलते समय एसआरएन के बिना ऑनलाइन लिविंग सर्टिफिकेट देना असंभव**

**मौलिक शिक्षा निदेशक को प्राइवेट स्कूल संघ ने लिखा पत्र**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 दिसंबर।** प्राइवेट स्कूल संघ ने तीन से चार वर्ष (नर्सरी कक्षा) के बच्चों का भी एमआईएस पोर्टल पर स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन नंबर जनरेट की मांग करते हुए मौलिक शिक्षा विभाग के निदेशक विवेक अग्रवाल को पत्र लिखा है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यवान कुंडू ने रविवार को शिक्षा निदेशक को लिखे पत्र में कहा है कि प्राइवेट स्कूलों में एमआईएस पोर्टल पर ऑनलाइन एडमिशन बाल वाटिका से आरंभ होते हैं जिनकी उम्र साढ़े चार वर्ष होती है इनका ऑनलाइन पोर्टल पर स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन नंबर जनरेट होता है लेकिन नर्सरी कक्षा यानी तीन से चार वर्ष के बच्चे का एमआईएस पोर्टल पर एस आर एन जनरेट नहीं होता जबकि निशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रावधान अनुसार मान्यता प्राप्त स्कूलों को अपने विद्यालय की एंट्री लेवल कक्षा में कुल दाखिल सीटों की 25 फीसदी सीटें दिखानी अनिवार्य हैं।

अधिकतर प्राइवेट स्कूलों में एंट्री कक्षा नर्सरी से शुरू होती है, जिसमें तीन से चार वर्ष तक के बच्चे का दाखिला किया जाता है लेकिन इस उम्र के बच्चों का एमआईएस पोर्टल पर स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन नंबर जनरेट का कोई फीचर नहीं दिया गया है इसलिए इनका दाखिला ऑफलाइन ही किया जाता है और स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन नंबर के बिना स्कूल बदलते समय ऑनलाइन स्कूल लिविंग सर्टिफिकेट (एसएलसी) देना भी असंभव है। प्राइवेट स्कूल संघ ने मांग की है कि तीन से चार वर्ष (नर्सरी कक्षा) के बच्चों को भी पोर्टल पर ऑनलाइन करने के लिए एमआईएस पर स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन नंबर जनरेट के लिए ऑप्शन दिया जाए ताकि इन बच्चों को भी पोर्टल पर ऑनलाइन किया जा सके।

## हरियाणा पुलिस ने 803 ठिकानों पर छापेमारी कर 39 कुख्यात अपराधी पकड़े

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 दिसंबर।** हरियाणा पुलिस द्वारा शुरू किए गए 'ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन' के तहत शनिवार को राज्य में 803 चिह्नित नशा और जुआ हॉटस्पॉट्स पर दबिश दी। इस ऑपरेशन ने फरार और हिंसक अपराधियों की गिरफ्तारी में बड़ी सफलता हासिल की, जिससे राज्य की कानून-व्यवस्था और भी मजबूत हुई।

रविवार को पुलिस महानिदेशक कार्यालय की तरफ से जारी जानकारी के अनुसार इस विशेष अभियान के दौरान 173 असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया और विभिन्न धाराओं के तहत 75 नए मामले दर्ज किए। इनमें आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज तीन मामले भी शामिल हैं, जिनमें चार आरोपियों को अवैध हथियार रखने के जुर्म में सजा हुई है। साथ ही, पुलिस ने 39 फरार हिंसक अपराधियों को भी सलाखों के पीछे पहुंचाया, जो लंबे समय से कानून की गिरफ्त से बाहर थे। पड़ोसी राज्यों की पुलिस के साथ 30 महत्वपूर्ण इंटेलिजेंस रिपोर्ट साझा की गई, जबकि विदेश में छिपे अपराधियों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर भी जारी किया गया।

इस अभियान के दौरान कुल 28,68,430 रुपये की नकदी बरामद की गई, जिसमें पलवल जिले से 20 लाख रुपये और सिरसा से 8 लाख रुपये की बड़ी बरामदगी शामिल है। पुलिस ने 12.12 किलोग्राम गांजा, 150 ग्राम अफीम, 220 ग्राम चरस/सुल्फा और 453 ग्राम हेरोइन जब्त की। इसके अलावा अपराध में प्रयुक्त 2 कार, 4 मोटरसाइकिल, 3 स्कूटी/एक्टिवा, 1 ई-रिक्शा और 7 मोबाइल फोन व सिम कार्ड भी जब्त किए गए। साथ ही, पुलिस ने 2 देसी कट्टे, 1 पिस्टल और 5 जिंदा कारतूस भी बरामद किए।













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# संगठन मेरे लिए सर्वोपरि, संगठन का हर आदेश होगा सर्वमान्य : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। 'संगठन मेरे लिए सर्वोपरि है और संगठन का हर आदेश मेरे लिए सर्वमान्य होगा।' इस सूत्रवाक्य के साथ राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय, आशियाना में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व समारोह में नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने अपने भाव व्यक्त किए। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के नामों की आधिकारिक घोषणा भी की गई। इस अवसर पर नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश भर के देवतुल्य कार्यकर्ताओं से प्राप्त अपूर्व स्नेह से वे गदगद और अभिभूत हैं। गोमती नदी के तट पर स्थित प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सभी के स्नेह, उत्साह और आत्मीय स्वागत से स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ को भारत की राजनीति का केंद्र बिंदु भी माना जाता है। ऐसे में उत्तर प्रदेश भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का दायित्व संभालते समय वे रोमांचित, उत्साहित और गौरवान्वित हैं।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के इस महासंगम के अवसर पर वे प्रेमपूर्ण भावना से स्वयं को जोड़ रहे हैं। यह भाव तब और प्रबल हुआ जब केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा संघ परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह महान दायित्व उन्हें सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जैसी लोकतांत्रिक पार्टी में ही यह संभव है कि मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को भी इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जाए।

पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा में परिवारवाद और जातिवाद नहीं चलता। पार्टी का नेतृत्व न किसी विशेष परिवार को मिलता है और न ही किसी खास जाति को। यहां कोई भी सक्रिय कार्यकर्ता बड़े से बड़ा दायित्व निभा सकता है। इसी कारण हम सभी को अपनी पार्टी पर गर्व है।

नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उनके राजनीतिक जीवन का आरंभ सुनियोजित नहीं था। गलत के सामने हार न मानने की जिद ने उन्हें राजनीति में प्रवेश कराया। उन्होंने बताया कि सभासद



बनने के बाद डिप्टी मेयर के चुनाव में कुछ अनुचित कानूनी बाधाएं डाली गई। इसके विरोध में समर्थकों के साथ सिविल कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक संघर्ष किया और सात महीने में न्याय मिला, जिसके बाद वे गोरखपुर के डिप्टी मेयर बने। उन्होंने कहा कि यह अपने आप में पहला ऐसा मामला था, जिसमें निर्वाचित जनप्रतिनिधि पर स्टे लगा और सात महीने में निर्णय भी आया। वर्ष 1991 में भाजपा ने 26 वर्ष की आयु में उन्हें महाराजगंज से लोकसभा चुनाव लड़ाने का निर्देश दिया। वर्ष 1991 से 2024 तक उन्होंने महाराजगंज और भाजपा का साथ कभी नहीं छोड़ा। एक ही पार्टी और एक ही संसदीय क्षेत्र से सात बार उम्मीदवार बनने का अवसर भाजपा और महाराजगंज की जनता के आशीर्वाद से मिला।

पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन पर अटूट विश्वास जताते हुए केंद्र सरकार में वित्त राज्य मंत्री की जिम्मेदारी दी, जिसे वे पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में यह उनकी अब तक की सबसे गंभीर और चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्हें विश्वास है कि उत्तर प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं का स्नेह और समर्पण इस दायित्व के निर्वहन में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 1980 से अब तक कुल 15 प्रदेश अध्यक्ष संगठन का नेतृत्व कर चुके हैं। इन सभी के अनुभव संगठन की अमूल्य धरोहर हैं, जिनसे उन्हें सीखने और मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

पंकज चौधरी ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल के चार प्रमुख स्तंभ होते हैं। कार्यकर्ता, कार्यालय, कार्यक्रम और कोष। कार्यालय हम सभी के लिए तीर्थ समान है। कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी के विचार जनता तक पहुंचते हैं और इन सबके लिए कोष की आवश्यकता होती है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ कार्यकर्ता है। यदि समर्पित कार्यकर्ता न हों, तो अन्य सभी व्यवस्थाएं निरर्थक हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही उनकी वास्तविक पूंजी और शक्ति हैं। उन्होंने अपने सभी चुनाव इन्हीं के बल पर जीते हैं। मंच से उन्होंने प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं से कहा कि आप मेरे लिए सर्वोपरि हैं। आपके लिए मैं संघर्ष करूंगा, आपकी बात सुनूंगा और समस्याओं के समाधान का यथासंभव प्रयास करूंगा।

# भाजपा की कार्यप्रणाली देख दुनिया है हैरान : पीयूष गोयल

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। विश्प की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के हम सदस्य हैं। दुनिया हैरान है कि जितने व्यवस्थित व लोकतांत्रिक तरीके से मेंबर बनाने व राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने का काम आपसी समन्वय से होता है जो कि अकल्पनीय है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने यह बातें राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय, आशियाना में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व समारोह में नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के आधिकारिक घोषणा कार्यक्रम में कहीं।

पीयूष गोयल ने कहा कि 1.62 लाख बूथों में चुनाव होता है और सर्वसम्मति से घोषणा होने जा रही है, इसका श्रेय पार्टी कार्यकर्यताओं को जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे नेताओं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा अटल बिहारी बाजपेयी ने जिस प्रकार से पार्टी को आगे बढ़ाया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मार्गदर्शन में पार्टी का लगातार विस्तार हो रहा है, उसी के बलबूते हम आज इतनी बड़ी संख्या में यहां इकट्ठा हुए हैं। उन्होंने कहा कि संगठन पर्व के इस अवसर पर मुझे बड़ी प्रसन्नता हो रही है कि यह घोषित करते हुए कि



सर्व सम्मति से पंकज चौधरी भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुए हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि कुल 120 राष्ट्रीय परिषद सदस्यों का जिक्र करते हुए कुछ प्रमुख नाम गिनाए। उन्होंने नवनिर्वाचित पार्टी प्रदेश अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रीय परिषद में 120 सदस्य निर्वाचित हुए हैं। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी राष्ट्रीय परिषद के सदस्य के तौर पर सम्मिलित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से सदस्य बने।

इसके अतिरिक्त रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज तथा उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक उन्नाव से शामिल हुए हैं। भूपेंद्र सिंह चौधरी संभल, स्मृति ईरानी सुल्तानपुर, डॉ महेंद्र नाथ पांडेय वाराणसी, सूर्य प्रताप शाही सलेमपुर, स्वतंत्र देव सिंह बांदा व डॉ. रमापति राम त्रिपाठी गोरखपुर से राष्ट्रीय परिषद के सदस्य बने।

## नितिन नबीन बने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, अमित शाह ने दी बधाई

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी ने भाजपा संसदीय बोर्ड द्वारा नितिन नबीन जी को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई दी। केन्द्रीय गृहमंत्री ने (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा एवं भाजपा संसदीय बोर्ड के वरिष्ठ नेताओं द्वारा नितिन नबीन जी को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उन्हें हार्दिक बधाई देता हूँ।

भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव हो, या बिहार में प्रदेश युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष या छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी, उन्होंने संगठन के हर दायित्व को पूरी निष्ठा और सफलता से निभाया है। बिहार में 5 बार विधायक एवं प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में उनके पास जनता के बीच लम्बे समय से कार्य करने का अनुभव है।

आज उनका राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनना दिन-रात परिश्रम करने वाले हर युवा भाजपा कार्यकर्ता का सम्मान है। उनके नवीन दायित्व और सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ देता हूँ।

## गोण्डा में चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 1.49 लाख से अधिक वादों का निस्तारण

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

गोण्डा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायालय, गोण्डा में वर्ष 2025 की चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह लोक अदालत प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा श्री दुर्ग नारायण सिंह ने की। लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, स्थायी लोक अदालत, समस्त न्यायिक अधिकारीगण, बैंक एवं बीएसएनएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने सहभागिता की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने बताया कि विभिन्न न्यायालयों द्वारा कुल 8013 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें 26.83 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। वहीं मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के मामलों में 3.16 करोड़ रुपये से अधिक का प्रतिकर तय किया गया।

इसके अतिरिक्त जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा प्री-लिटिगेशन के माध्यम से 1,41,111 वादों का निस्तारण कर 10.75 करोड़ रुपये से अधिक की समझौता राशि निर्धारित की गई। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कुल 1,49,124 वादों का त्वरित, सरल एवं सौहार्दपूर्ण समाधान किया गया, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय का लाभ मिला।

## 16वें ग्लोबल कार्डियोमर्सन कॉन्फ्रेंस का समापन हार्ट व लंग ट्रांसप्लांट पर वैश्विक मंथन




अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। दो दिवसीय 16वें ग्लोबल कार्डियोमर्सन कॉन्फ्रेंस का समापन रविवार को जीरकपुर में हुआ। 'न्यू फ्रंटियर इन हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट' थीम पर आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत सहित अमेरिका और जापान के 300 से अधिक कार्डियोलॉजिस्ट, कार्डियक सर्जन, पल्मोनोलॉजिस्ट और इंटेंसिविस्ट ने भाग लिया। सम्मेलन का आयोजन सोसाइटी फॉर हार्ट फेल्योर एंड ट्रांसप्लांटेशन (एसएचएफटी) और इंडियन एसोसिएशन ऑफ कार्डियोवैस्कुलर थोरैसिक सर्जन (आईएसीटीएस) के सहयोग से किया गया।

कॉन्फ्रेंस के ग्लोबल चेयरमैन डॉ. दीपक पुरी ने दिल का दौरा पड़ने के बाद हार्ट फेल्योर मरीजों में ऑफ-पंप रिवास्कुलराइजेशन पर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि लक्षण शुरू होने के बाद अस्पताल पहुंचने में देरी हार्ट फेल्योर का सबसे बड़ा कारण है, जिससे मायोकार्डियल क्षति और मृत्यु दर बढ़ती है।

दूसरे दिन कार्डियोजेनिक शॉक पर केंद्रित सत्र आयोजित किया गया, जिसमें समय पर सटीक उपचार के महत्व पर चर्चा हुई। डॉ. पुरी ने भारत में इस्केमिक हार्ट फेल्योर के बढ़ते मामलों, सीमित ट्रांसप्लांट सुविधाओं और COVID-19 के बाद फेफड़े के प्रत्यारोपण की बढ़ती आवश्यकता पर भी चिंता जताई। सम्मेलन में विशेषज्ञों ने पारंपरिक और उभरती चिकित्सीय रणनीतियों पर महत्वपूर्ण अपडेट साझा किए।

**भारतीय रेलवे की नई उपलब्धि**

## हाई-टेक एलएचबी कोचों के उत्पादन में 18 प्रतिशत की रिकॉर्ड बढ़ोतरी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने उच्च तकनीक वाले लिंके हॉफमैन बुश (एलएचबी) कोचों के उत्पादन में लगातार बेहतरी दिखाई है, जो यात्रियों के लिए बेहतर सुरक्षा, सुविधाजनक यात्रा और रेलवे के बेहतर कार्य प्रदर्शन को दर्शाते हैं।

चालू वित्त वर्ष 2025-26 (नवंबर 2025 तक) के दौरान कुल 4,224 एलएचबी कोच बनाए गए हैं। यह पिछले साल की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक है, जब केवल 3,590 कोच बनाए गए थे। रविवार को रेल मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, उत्पादन में यह वृद्धि रेलवे के विभिन्न कारखानों की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता और बेहतर उत्पादन योजना का परिणाम है। इस अवधि में चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) ने 1,659 एलएचबी कोच बनाए, जबकि रायबरेली स्थित मॉडर्न कोच फैक्ट्री (एमसीएफ) ने



1,234 कोच और कपूरथला स्थित रेल कोच फैक्ट्री (आरसीएफ) ने 1,331 कोच बनाए, जिससे कुल मिलाकर एलएचबी कोचों के उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है।

दीर्घकालिक तुलना में पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगति हुई है। 2014 से 2025 तक भारतीय रेलवे ने 42,600 एलएचबी कोच बनाए, जो 2004 से 2014 के बीच बने 2,300 कोच से 18 गुना ज्यादा है। यह विस्तार सुरक्षा मानकों और कम रख-रखाव की विशेषताओं के कारण एलएचबी कोचों की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है।

एलएचबी कोच आधुनिक, सुरक्षित और आरामदायक यात्री कोच हैं, जो जर्मन डिजाइन से विकसित हैं और आधुनिक सुविधाएं जैसे स्टेनलेस स्टील बॉडी, एडवांस्ड डिस्क ब्रेक्स और 160 किमी/घंटा तक की उच्च गति प्रदान करते हैं। इन कोचों में एंटी-क्लाइम्बिंग डिवाइस जैसे सुरक्षा फीचर्स होते हैं, जो पुराने आईसीएफ कोचों की जगह लेते हैं और राजधानी और शताब्दी एक्सप्रेस जैसी लंबी दूरी की ट्रेनों में इस्तेमाल होते हैं।

भारतीय रेलवे आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहल में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, जिससे घरेलू उत्पादन में वृद्धि हो रही है और आयात पर निर्भरता कम हो रही है। भारतीय रेलवे का लक्ष्य उत्पादन क्षमता को और बढ़ाना है, ताकि देश की बढ़ती यातायात आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके और यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिल सके।

## दिया कुमारी ने विद्याधर नगर में विकास रथों को दिखायी हरी झंडी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

जयपुर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भजनलाल सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रमों के तहत रविवार को जयपुर के विद्याधरनगर में विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रीमती दिया कुमारी ने इस अवसर पर विद्याधरनगर विधानसभा क्षेत्र के बड़ पीपली बस स्टैंड पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर आमजन को राज्य सरकार की जनसेवा के प्रति समर्पित ऐतिहासिक उपलब्धियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में इस बात का संकल्प लिया गया कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक परिवार तक समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से पहुंचे। इसी उद्देश्य के तहत सरकार की उपलब्धियों और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।

उन्होंने सरकार के दो वर्षों के विकास कार्यों को दर्शाने के लिए विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर कहा कि गत दो वर्षों में सरकार ने जनता से किए गए वादों को धरातल पर उतारने का कार्य किया है और योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सफल प्रयासों से राजस्थान निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## सांसद खेल महोत्सव सिर्फ खिलाड़ियों का नहीं, समाज के हर वर्ग का उत्सव : संजय सेठ

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रांची। झारखंड के रांची के सांसद एवं केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने खेल महोत्सव के भव्य समापन को लेकर कार्यालय में आज एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

इस दौरान श्री सेठ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से 'फिट युवा-फॉर विकसित भारत' की थीम पर 21 सितंबर 2025 से रांची में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया है, जिसका उद्देश्य खेलों को जन-आंदोलन बनाना और समाज के हर वर्ग को इससे जोड़ना है।

श्री सेठ ने कहा कि यह महोत्सव केवल खिलाड़ियों तक सीमित नहीं है, बल्कि आम नागरिकों, विद्यार्थियों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की भी सक्रिय भागीदारी रही है। खेल सबके जीवन का हिस्सा बने और सभी स्वस्थ रहें–इसी उद्देश्य से इसे युवाओं के उत्सव के रूप में आयोजित किया गया।

श्री सेठ ने बताया कि महोत्सव के पहले चरण में 21 सितंबर को 'विकसित भारत 2047' की थीम पर साइक्लोथन आयोजित हुआ, जिसमें 2000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। दूसरे चरण में 12 अक्टूबर को स्वदेशी संकल्प के साथ मैराथन का आयोजन हुआ, जिसमें रिकॉर्ड 25 हजार लोगों ने सहभागिता निभाई।

तीसरे चरण में फुटबॉल महासंगम का शुभारंभ हुआ, जिसमें कांके, हटिया, खिजरी, रांची, सिल्ली और ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में फुटबॉल का उत्सव मनाया गया। फुटबॉल महासंगम में कुल 148 टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें 32 महिला टीमें शामिल थीं। इन मुकाबलों का फाइनल टूर्नामेंट रांची में खेला जाएगा।

खेल महोत्सव के तहत नामकुम में लॉन बॉल प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सिल्ली स्टेडियम और मोराबादी स्थित आर्चरी ग्राउंड में तीरंदाजी प्रतियोगिता हुई, जहां दोनों स्थानों पर कुल 200 खिलाड़ी शामिल हुए। मोराबादी में वूशु प्रतियोगिता में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने दमखम दिखाया।

आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए श्री सेठ ने बताया कि 20 और 21 दिसंबर को मोराबादी मैदान में कबड्डी प्रतियोगिता होगी, जिसमें रांची लोकसभा क्षेत्र से 100 से अधिक टीमें भाग लेंगी। वहीं, 24 दिसंबर को मोराबादी फुटबॉल ग्राउंड में एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें 2000 से अधिक खिलाड़ी लंबी कूद, ऊंची कूद, 100 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर और 5 किलोमीटर दौड़ में हिस्सा लेंगे। 23 दिसंबर को ओटीसी ग्राउंड में रांची शहरी और ग्रामीण भाजपा के बीच फुटबॉल व क्रिकेट का मैत्रीपूर्ण मुकाबला भी होगा।

## पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने माल अनलोडिंग में 7.95 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने नवंबर 2025 के दौरान माल अनलोडिंग में अपनी मज़बूत वृद्धि जारी रखी। इस महीने मालगाड़ियों के कुल 1,114 रेक अनलोड किए गए, जो पिछले वर्ष के उसी महीने में हैंडल किए गए 1032 रेक के मुकाबले 7.95 प्रतिशत की बेहतर बढ़ोतरी है।

पूरे महीने में, एनएफआर ने एफसीआई चावल, चीनी, नमक, खाद्य तेल, अनाज, उर्वरक, सीमेंट, कोयला, सब्जियां, ऑटोमोबाइल, टैंकर और अन्य सामग्रियों सहित कई आवश्यक सामग्रियों का सुचारू रूप से परिवहन किया। इन खेपों को एनएफआर ने अपने क्षेत्राधिकार के अधीन विभिन्न गुड्स शेडों में सफलतापूर्वक अनलोड किया।

माल परिवहन का एक बड़ा हिस्सा पूर्वोत्तर राज्यों की ज़रूरतों



को पूरा करने के लिए समर्पित है। नवंबर 2025 में, केवल असम में 624 रेक अनलोड किए गए, जिनमें 324 रेक आवश्यक सामानों से भरे थे। इसी दौरान, त्रिपुरा में 87, नागालैंड में 23, अरुणाचल प्रदेश में 8, मणिपुर में 23, मेघालय में 1 और मिज़ोरम में 12 रेक अनलोड किए गए। इसके अलावा, एन. एफ. रेलवे के क्षेत्राधिकार में, पश्चिम बंगाल में 183 और बिहार में 153 रेक अनलोड किए गए, जिनमें आवश्यक और अति आवश्यक दोनों तरह की सामग्रियां शामिल थे।

आवश्यक और अन्य सामग्रियों का निरंतर परिवहन लोगों की रोजमर्रा ज़रूरतों को पूरा करने तथा क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को सहयोग और सुदृढ़ करने के लिए काफी ज़रूरी है। हर स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग से टर्नअराउंड समय कम करने और अनलोडिंग की पूरी क्षमता को बेहतर बनाने में मदद मिली है।

# नेल्लोर कॉर्पोरेशन को पावर का दुरुपयोग संविधान को रौंद दिया : नागार्जुन यादव

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेडड्डी

नेल्लोर। वाईएसआर पार्टी के नेताओं ने मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की कड़ी निंदा की है कि वे नेल्लोर मेयर का पद हथियाने के लिए गलत और गैर-संवैधानिक राजनीति कर रहे हैं, और उनके कामों को लोकतंत्र पर सीधा हमला बताया है। अलग-अलग मीडिया से बात करते हुए, वाईएसआरसीपी के ऑफिशियल प्रवक्ता वाई. नागार्जुन यादव और वेंकटगिरी चुनाव क्षेत्र के इंचार्ज नेदुरुमल्ली रामकुमार रेड्डी ने आरोप लगाया कि चंद्रबाबू नायडू, ज़रूरी संख्या बल न होने के बावजूद, एक आदिवासी महिला मेयर को हटाने के लिए लालच, धमकी और पुलिस मशीनरी का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं, जिनके कार्यकाल में मुश्किल से आठ महीने बचे हैं।

नागार्जुन यादव ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू का पूरा पॉलिटिकल करियर खरीद, मोलभाव और पॉलिटिकल दलाली के इर्द-गिर्द घूमता रहा है, जहाँ पैसा, न कि मैंडेट, पावर तय करता है। उन्होंने बताया कि वाईएसआरसीपी ने नेल्लोर कॉर्पोरेशन के सभी 54 डिवीजनों में क्लीन स्वीप किया था, फिर भी मुख्यमंत्री ने कॉरपोरेटरों को बाज़ार में सामान की तरह इस्तेमाल करके दलबदल करवाया, और हाल ही में डिप्टी मेयर का पद भी उसी तरह हथिया लिया। इससे खुश नहीं होकर, उन्होंने अब मेयर के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन लाने की कोशिश की है, जिसमें पूरी तरह से राजनीतिक फायदे के लिए एक आदिवासी महिला को निशाना बनाया गया है। हालांकि शुरू में 42




कॉरपोरेटरों ने मोशन पर साइन किए थे, लेकिन पार्टी नेताओं की मौजूदगी में पांच कॉरपोरेटर वाईएसआरसीपी में लौट आए, जिससे टीडीपी कैंप में घबराहट फैल गई। संवैधानिक वोट में हार के डर से, चंद्रबाबू नायडू ने कथित तौर पर कॉरपोरेटरों को आज़ादी से वोट देने से रोकने के लिए पुलिस की मदद से डराना-धमकाना, हिरासत में लेना और किडनैप करना शुरू कर दिया, जिससे उन्हें 'सीबीएन–संविधान को दरकिनार करने वाला नायडू का नाम मिला।

उन्होंने आगे आरोप लगाया कि कॉरपोरेटरों के परिवार के सदस्यों और समर्थकों, जिनमें एक आदिवासी कॉरपोरेटर रविचंद्र, दूसरे कॉरपोरेटर श्रीधर का बेटा, वार्ड 34 के कॉरपोरेटर के पिता और अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य सैयद नज़ीर शामिल हैं, को दबाव डालने के लिए गैर-कानूनी तरीके से हिरासत में लिया गया था। उन्होंने सरकार पर 'खाकी कैब सर्विस' चलाने का आरोप लगाया, जिसमें पुलिस की गाड़ियों का इस्तेमाल लोगों को किडनैप करके टीडीपी कैंप तक ले जाने के लिए किया जाता है, और हर कॉर्पोरेटर को 50 लाख से 1 करोड़ तक के लालच देने की खबरें हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार में कानूनों को भी तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है, जिससे वे अन्याय के हथियार बन गए हैं। नेदुरुमल्ली रामकुमार रेड्डी ने सवाल किया कि आंध्र प्रदेश में किस संविधान का पालन किया जा रहा है, और कहा कि नेल्लोर की स्थिति डेमोक्रेसी के बजाय तानाशाही शासन जैसी है। उन्होंने वार्ड 34 की कॉर्पोरेटर फमीदा के पिता सैयद नज़ीर की गैर-कानूनी हिरासत के बारे में बताया, जिन्हें मस्जिद से लौटते समय बिना किसी नोटिस के उठा लिया गया था, परिवार के सदस्यों को कोई जानकारी नहीं दी गई और सेक्शन 41 के तहत ज़रूरी कानूनी प्रस्ति5याओं का पालन नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि अदालतों द्वारा तय किए गए किसी भी सुरक्षा उपाय का पालन नहीं किया गया, जिससे यह काम किडनैपिंग से कम नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पुलिस राजनीतिक दबाव में आकर कानून तोड़ती रही, तो आने वाले दिनों में उन्हें ज़िम्मेदार ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि नेल्लोर मेयर पद के लिए चंद्रबाबू नायडू की बेचैनी ने सरकार को एक खतरनाक और गैर-संवैधानिक रास्ते पर धकेल दिया

# एयरफोर्स की उड़ानों का जोखिम होगा कम
# रोज के कचरे का साथ-साथ हो रहा निपटान

बिशनपुरा डंपिंग ग्राउंड लेगेसी वेस्ट की सफाई का के काम में तेजी, चार महीने में कूड़े के पहाड़ होंगे खत्म

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 14 दिसंबर।** बिशनपुरा डंपिंग ग्राउंड में वर्षों से जमा कूड़े के पहाड़ अब इतिहास बनने की ओर हैं। नगर परिषद जीरकपुर की ओर से चल रहे लेगेसी वेस्ट निपटान कार्य में अब तक 63.64 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। करीब 3.20 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे इस प्रोजेक्ट के तहत कुल अनुमानित 5500 टन कचरे में से लगभग 3500 टन कूड़ा प्रोसेस कर हटाया जा चुका है।

शेष कचरे को हटाने का कार्य भी तेजी से जारी है। नगर परिषद अधिकारियों का दावा है कि आगामी तीन से चार महीनों में पूरा डंपिंग ग्राउंड पूरी तरह साफ कर दिया जाएगा।

इस डंपिंग ग्राउंड के साफ होने से न केवल शहर को बदबू और गंदगी से राहत मिलेगी, बल्कि इसका सीधा लाभ राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े एक अहम क्षेत्र को भी मिलेगा। दरअसल, बिशनपुरा डंपिंग ग्राउंड के ऊपर से एयरफोर्स का एयरस्पेस गुजरता है। वर्षों से यहां जमा कचरे, उससे उठने वाली दुर्गंध और बड़ी संख्या में मंडराने वाले पक्षियों के कारण एयरफोर्स की उड़ानों के लिए जोखिम बना हुआ था। कूड़े के पहाड़ हटने से पक्षियों की आवाजाही कम होगी और उड़ानों की सुरक्षा में सुधार आएगा।

नगर परिषद अधिकारियों के अनुसार, लेगेसी वेस्ट हटाने के बाद डंपिंग ग्राउंड की जमीन को पूरी तरह समतल किया जाएगा। साथ ही रोजाना निकलने वाले कचरे को भी उसी समय प्रोसेस किया जा रहा है, ताकि भविष्य में दोबारा कूड़े के पहाड़ खड़े न हों। लेगेसी वेस्ट के 63 प्रतिशत से अधिक काम के पूरा होने से शहरवासियों में भी उम्मीद जगी है कि जीरकपुर जल्द ही एक साफ और व्यवस्थित शहर की ओर बढ़ेगा।

### तीसरे टेंडर में मिली सफलता

नगर परिषद के लिए बिशनपुरा का लेगेसी वेस्ट लंबे समय से एक बड़ी समस्या बना हुआ था। पहले दो बार इस काम के लिए टेंडर लगाए गए, लेकिन किसी भी कंपनी ने रुचि नहीं दिखाई। तीसरी बार टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद आखिरकार काम शुरू हो सका। अधिकारियों के मुताबिक, डंपिंग ग्राउंड कई एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है, जहां पिछले कई वर्षों से लगातार कचरा डाला जा रहा था। इसकी वजह से यहां 5 से 10 फीट ऊंचे कूड़े के पहाड़ बन गए थे। स्थिति इतनी गंभीर थी कि नगर परिषद के पास यह स्पष्ट आंकड़ा तक नहीं था कि कुल कितना कचरा यहां जमा है, जिसके चलते पिछले करीब 15 वर्षों से कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया।

### हर रोज 90 टन से ज्यादा कचरा, सिंगल यूज प्लास्टिक बड़ी चुनौती

जीरकपुर शहर में हर रोज करीब 90 टन से अधिक कचरा निकल रहा है। इसमें सिंगल यूज प्लास्टिक और थर्माकोल की मात्रा सबसे ज्यादा है। ट्राइसिटी में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध होने के बावजूद जीरकपुर में इसका खुलेआम इस्तेमाल हो रहा है। रेहड़ी-फड़ी, दुकानों, मैरिज पैलेस और विभिन्न आयोजनों में डिस्पोजेबल प्लेट और प्लास्टिक का धड़ल्ले से प्रयोग किया जा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि जब तक सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्ती से रोक नहीं लगाई जाती, तब तक सफाई व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त करना एक बड़ी चुनौती बना रहेगा।

# लुधियाना में वोट खरीद-फरोख्त को लेकर भिड़े

## आप उम्मीदवार के बेटे की शिकायत पर पूर्व सरपंच समेत 4 पर, एफआईआर, 1 गिरफ्तार

वरिंदर सिंह का आरोप, जतिंदर ने अपने साथी बुलाकर किया हमला

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**लुधियाना, 14 दिसंबर।** पंजाब के लुधियाना में मुल्लांपुर दाखा स्थित गांव दाखा में मतदान से पूर्व की रात्रि में वोटों की खरीद-फरोख्त की बात सामने आई। आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार का बेटा जब मौके पर गया तो वहां उपस्थित लोगों ने उसे पकड़कर पीटना शुरू कर दिया।

पुलिस ने वोटों की कथित खरीद-फरोख्त को लेकर हुई मारपीट के मामले में चार व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य तीन की तलाश जारी है।

वरिंदर सिंह ने बताया कि उनकी माता कुलजीत कौर आम आदमी पार्टी की ओर से ब्लॉक समिति का चुनाव लड़ रही हैं। उन्हें सूचना मिली थी कि पूर्व सरपंच जतिंदर सिंह अपने साथियों के साथ मिलकर वोटों की खरीद फरोख्त कर रहा है। जब वे इस संबंध में जानकारी लेने के लिए माता रानी चौक के पास पहुंचे, तो वहां जतिंदर सिंह खड़ा मिला।

वरिंदर ने उससे हाथ मिलाने की कोशिश की, तभी जतिंदर सिंह ने अपने साथी जसकरन सिंह, अर्श और भवन को बुला लिया।

आरोप है कि इसके बाद इन चारों ने मिलकर वरिंदर सिंह पर तेजधार हथियार से हमला किया और उसकी पिटाई की।

### एक आरोपी गिरफ्तार, तीन की तलाश जारी

मामले की जांच कर रहे एएसआई इंद्रजीत सिंह ने बताया कि गांव दाखा निवासी वरिंदर सिंह की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जबकि एक आरोपी जसकरन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य तीन आरोपियों की तलाश जारी है।

# रॉयल ग्रुप जीरकपुर ने गोरुद्वारा श्री नाभा साहिब में करवाए 13वें सामूहिक आनंद कारज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 14 दिसंबर।** रॉयल ग्रुप जीरकपुर की ओर से रविवार को 13वें सामूहिक आनंद कारज का आयोजन गोरुद्वारा श्री नाभा साहिब में श्रद्धा और सादगी के साथ किया गया। इस आयोजन में पंजाब के विभिन्न इलाकों से आए पांच नवविवाहित जोड़ों का विधिवत आनंद कारज संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी, राजनीतिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

इस अवसर पर नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थ जीवन की शुरुआत के लिए आवश्यक घरेलू सामान भेंट किया गया। इसमें बेड, गद्दे, बर्तन, गीजर, इंडक्शन चूल्हा, एलसीडी, पेटी, ट्रंक, पंखे, कपड़े और अन्य जरूरी सामग्री शामिल रही। रॉयल ग्रुप की इस पहल की सभी उपस्थित लोगों ने सराहना की।

रॉयल ग्रुप के प्रधान हरजिंदर सिंह हैरी ने बताया कि यह उनका लगातार 13वां वर्ष है, जब संस्था द्वारा सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक संस्था 66 बेटियों के विवाह संपन्न करा चुकी है, जो आज खुशी से अपना वैवाहिक जीवन व्यतीत कर रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि संस्था की ओर से किसी भी प्रकार का चंदा या बाहरी आर्थिक सहयोग नहीं लिया जाता। सभी सामाजिक कार्य संस्था के सदस्य आपसी सहयोग से धन एकत्र कर स्वयं करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान त्रिशला सिटी के एमडी हरीश गुप्ता, भाजपा नेता संजीव खन्ना, धर्मेंद्र शर्मा, यादविंदर शर्मा, समाज सेविका अर्शलीन आहलूवालिया, बब्बू मैडम, सरपंच जसपाल सिंह, जगदेव सिंह भबात, परमदीप सिंह भबात, पार्षद तेजिंदर सिंह तेजी, पार्षद हरजीत सिंह मिंटा, पार्षद नवजोत सिंह, पार्षद नेहा शर्मा, पार्षद जैपाल सिंह, जीरकपुर थाना प्रभारी सतिंदर सिंह, नंबरदार जसविंदर सिंह सहित अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में सभी नवविवाहित जोड़ों के सुखमय दांपत्य जीवन की कामना की गई और रॉयल ग्रुप जीरकपुर के इस सामाजिक प्रयास को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया गया।

# खन्ना में ब्लॉक समिति और जिला परिषद चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, प्रशासन रहा पूरी तरह मुस्तैद

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण





**खन्ना, 14 दिसंबर।** खन्ना में ब्लॉक समिति और जिला परिषद चुनाव आज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गए। मतदान को लेकर प्रशासन और पुलिस की ओर से पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे, जिसके चलते कहीं से भी किसी बड़ी गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। मतदाताओं ने सुबह से ही उत्साह के साथ मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। खन्ना ब्लॉक में इस बार कुल 16 ब्लॉक समिति सीटों और 2 जिला परिषद ज़ोन के लिए चुनाव कराए गए। इसके लिए कुल 94 पोलिंग बूथ बनाए गए थे। मतदान प्रक्रिया 14 दिसंबर को सुबह 8 बजे शुरू हुई और शाम 4 बजे तक चली। पूरे समय मतदान प्रक्रिया को सुचारू और ट्रांसपेरेंट बनाए रखने पर खास ध्यान दिया गया।

चुनाव के दौरान एसडीएम स्वाति और एसएसपी डॉ. ज्योति यादव लगातार फील्ड में सक्रिय रहे। दोनों अधिकारियों ने अलग-अलग मतदान केंद्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मतदान कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए और सुरक्षा प्रबंधों की भी जांच की। अधिकारियों की मौजूदगी से मतदान कर्मियों और आम लोगों में भरोसा बना रहा।

एसएसपी डॉ. ज्योति यादव के निर्देशों पर खन्ना पुलिस पूरी तरह अलर्ट रही। संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था। इसके अलावा मोबाइल पुलिस टीमें भी लगातार गश्त करती रहीं, ताकि किसी भी तरह की अफवाह या शरारती तत्वों की कोशिश को तुरंत रोका जा सके। पुलिस की सख्ती के चलते मतदान शांतिपूर्ण ढंग से पूरा हुआ।

एसडीएम स्वाति ने बताया कि मतदान को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से करवाने के लिए सभी जरूरी प्रबंध पहले ही कर लिए गए थे। मतदान कर्मियों को समय पर पोलिंग बूथों पर पहुंचाया गया और मतदाताओं की सुविधा का भी पूरा ध्यान रखा गया।

प्रशासन की ओर से जानकारी दी गई कि इन चुनावों के नतीजे 17 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे। मतगणना को लेकर भी पूरी तैयारी कर ली गई है। कुल मिलाकर खन्ना में ब्लॉक समिति और जिला परिषद चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए, जिससे प्रशासन और पुलिस दोनों ने राहत की सांस ली।

### पूर्व मंत्री गुरकीरत सिंह कोटली ने गांव कोटली में किया मतदान



**खन्ना।** खन्ना के पूर्व मंत्री गुरकीरत सिंह कोटली ने ब्लॉक समिति और जिला परिषद चुनावों के तहत अपने गांव कोटली में मतदान किया। उन्होंने सुबह मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद उन्होंने लोगों से लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोट डालने की अपील की। गुरकीरत सिंह कोटली ने कहा कि मतदान हर नागरिक का अधिकार और कर्तव्य है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन चुनावों से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।

### पहली बार वोट, पहली बार चुनाव और वोट भी खुद को, लॉ स्टूडेंट अभय सिंह बैंस की अनोखी शुरुआत



**खन्ना, 14 दिसंबर (अप्रस/केवल कृष्ण)।** पायल के कद्दो जोन से जिला परिषद चुनाव लड़ रहे लॉ के स्टूडेंट अभय सिंह बैंस के लिए यह दिन खास रहा। वजह यह कि उन्होंने न सिर्फ जीवन में पहली बार वोट डाला, बल्कि पहली बार ही उम्मीदवार बनकर चुनावी मैदान में उतरे। दिलचस्प बात यह रही कि अपने पहले ही वोट से उन्होंने खुद पर भरोसा जताते हुए वोट भी खुद को ही दिया। मतदान केंद्र से बाहर आते ही अभय सिंह बैंस के चेहरे पर आत्मविश्वास साफ नजर आया। उन्होंने कहा कि यह पल उनके लिए यादगार है। उन्होंने बताया कि कानून की पढ़ाई के कारण उन्हें संविधान, अधिकार और लोकतंत्र की अहमियत को करीब से समझने का मौका मिला है, और यही समझ उन्हें राजनीति तक लाई है। अभय सिंह बैंस ने युवाओं से अपील की कि वे केवल दर्शक न बनें, बल्कि आगे आकर वोट करें और बदलाव का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि राजनीति केवल अनुभवी लोगों की ही नहीं, बल्कि पढ़े-लिखे और जागरूक युवाओं की भी जिम्मेदारी है।

# बलटाना में योग बिहार के मुख्य गेट के बाहर टूटा लोहे का चैंबर, राहगीरों को हो रही भारी परेशानी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



ड्रेनेज पाइप के ऊपर लगा लोहे का चैंबर टूटा
सड़क पर गहरा गड्ढा बनने से हादसे का खतरा
रात में झाड़ियां व पत्थर रखकर किया गया अस्थायी इंतजाम
नगर परिषद को कई बार दी जा चुकी है शिकायत

**जीरकपुर, 14 दिसंबर।** बलटाना क्षेत्र में स्थित योग बिहार कॉलोनी के मुख्य गेट के बाहर ड्रेनेज पाइप के ऊपर लगा हुआ लोहे का चैंबर टूट जाने से स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टूटे हुए चैंबर के कारण सड़क पर गहरा गड्ढा बन गया है, जिससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। खासकर रात के समय यह स्थान और भी खतरनाक हो जाता है, क्योंकि अंधेरे में गड्ढा साफ नजर नहीं आता।

स्थानीय निवासियों ने अपनी तरफ से लोगों को सचेत करने के लिए, गड्ढे के पास पेड़ की झाड़ियां और पत्थर रख दिए हैं, ताकि कोई वाहन या पैदल राहगीर उसमें गिर न जाए। इसके बावजूद आए दिन दोपहिया वाहन चालक और पैदल चलने वाले लोग मुश्किल में फंस रहे हैं। लोगों का कहना है कि कई बार वाहन गड्ढे में फंस जाते हैं।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि इस समस्या को लेकर कई बार नगर परिषद के अधिकारियों को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।



हमने नगर परिषद के अधिकारियों को कई बार शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। अगर जल्द समाधान नहीं किया गया तो बड़ा हादसा हो सकता है।

**संदीप शर्मा योग विहार निवासी**



पहले सीमेंट का चैंबर बार-बार टूटता था, बाद में मैंने पहले भी या लोहे का चैंबर अपने पैसों से लगवाया था। लेकिन भारी वाहनों के कारण वह भी टूट गया। मजबूत समाधान जरूरी है।'

**कृष्ण दहिया प्रधान योग विहार**

लोगों का कहना है कि यह काम ज्यादा बड़ा नहीं है, फिर भी नगर परिषद की लापरवाही के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है।

स्थानीय निवासी बताते हैं कि पहले ड्रेनेज के ऊपर सीमेंट का चैंबर लगा हुआ था, जो बार-बार टूट जाता था। इसके बाद नगर परिषद की ओर से लोहे का चैंबर लगाया गया, लेकिन क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही के कारण वह भी टूट गया। अब स्थिति यह है कि ड्रेनेज खुली पड़ी है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

योग विहार निवासी गोपाल, संदीप शर्मा, कृष्ण कुमार दहिया, विजय कुमार, जयपाल सैनी, जसविंदर, संजय दहिया का कहना है कि योग बिहार कॉलोनी के आसपास स्कूल, धार्मिक स्थल और रिहायशी इलाके हैं, जहां दिनभर लोगों की आवाजाही रहती है। ऐसे में यदि जल्द मरम्मत नहीं की गई तो कोई गंभीर दुर्घटना हो सकती है। लोगों ने नगर परिषद से मांग की है कि इस स्थान पर मजबूत और टिकाऊ चैंबर लगाया जाए और भारी वाहनों की आवाजाही पर भी नियंत्रण किया जाए।

# 66वें राशन वितरण समारोह में 70 जरूरतमंद परिवारों को सूखा राशन बांटा गया

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं, 14 दिसंबर।** जगराओं की युवा समाज सेवी संस्था कर भला हो भला सोसाइटी की तरफ से आयोजित 66वें राशन वितरण समारोह में 70 जरूरतमंद परिवारों को सूखा राशन बांटा गया। अरोड़ा प्रॉपर्टी एडवाइजर लिंक रोड जगराओं में आयोजित समारोह के मौके पर सोसाइटी के चेयरमैन रोहित अरोड़ा, वाइस चेयरमैन राजिंदर जैन काका, प्रेसिडेंट मदन लाल ने कहा कि कर हो भला सोसाइटी इंसानियत की सेवा के लिए बनाई गई थी और सोसाइटी के सभी सदस्य इस मकसद को पूरा करने के लिए पूरी लगन से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोसाइटी की तरफ से 66 महीने पहले शुरू किया गया जरूरतमंद परिवारों को सूखा राशन बांटने का काम बिना रुके जारी है और आज 66वें महीने के राशन वितरण समारोह में 70 जरूरतमंद परिवारों को सूखा राशन दिया गया है। उन्होंने कहा कि सोसाइटी दानदाताओं के सहयोग से कई समाज सेवा के प्रोजेक्ट चला रही है और एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन और दूसरी संस्थाओं को भी उनकी जरूरत के हिसाब से जरूरी सामान दे रही है। इस मौके पर सोसाइटी के कैशियर नीरज कटारिया, सुनील बजाज, विशाल शर्मा, नीरज मित्तल, महेश टंडन भी मौजूद थे।

# श्री शारदा माता मंदिर साधुनगर में श्री शारदा माता परिवार के वार्षिक चुनाव संपन्न

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेरा बस्सी, 14 दिसंबर।** श्री शारदा माता मंदिर, साधुनगर की संस्था श्री शारदा माता परिवार (रजिस्ट्रेशन नंबर 7249) के वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुए। यह चुनाव श्री सुशील व्यास एवं अमृतपाल सिंह मोदी के नेतृत्व में आयोजित किए गए।

चुनाव प्रक्रिया के उपरांत नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें राकेश अचित को प्रधान, दीपक मग्गो को उपप्रधान, रजनीश मनी को सचिव तथा राजन जस्सी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इसके साथ ही संस्था में नए सदस्यों के रूप में राकेश मेहता, भुवनेश चौहान एवं प्रकाश कुमार को शामिल किया गया। नई गठित टीम ने विश्वास दिलाया कि मंदिर में पहले की तरह धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा कार्यों की परंपरा को कायम रखा जाएगा। साथ ही आगामी बसंत पंचमी के अवसर पर एक जरूरतमंद परिवार का विवाह करवाने का निर्णय लिया गया तथा इस पर्व को और अधिक भव्य रूप से मनाने का प्रयास किया जाएगा।

इस चुनाव प्रक्रिया में मंदिर के सदस्य तुषार कौशिक, नितिन जैन, कुणाल कौशिक, दिनेश गांधी, रविंद्र कौशिक, विकास शर्मा, सुमित पुरी, सुमित वर्मा, अमरीश भल्ला एवं संदीप भटनागर उपस्थित रहे। संस्था के पूर्व प्रधान तुषार कौशिक ने नवगठित कार्यकारिणी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# जीरकपुर क्रिप्टोकरेंसी घोटाला: 2000 करोड़ मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, जुनेजा स्क्वायर सहित कई ठिकानों पर छापेमारी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 14 दिसंबर।** जीरकपुर के भभात क्षेत्र से जुड़े करीब 2000 करोड़ रुपये के बहु-राज्यीय क्रिप्टोकरेंसी घोटाले में शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जीरकपुर स्थित जुनेजा स्क्वायर प्रोजेक्ट में छापेमारी की। कार्रवाई सुबह करीब 6 बजे शुरू हुई और शाम तक चली। हिमाचल व पंजाब नंबर की गाड़ियों में पहुंचे लगभग डेढ़ दर्जन ईडी अधिकारियों ने केंद्रीय सुरक्षा बलों की मौजूदगी में दस्तावेजों, बैंकिंग लेन-देन और डिजिटल रिकॉर्ड की गहन जांच की। ईडी ने जीरकपुर के अलावा हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा और मंडी जिलों में भी एक साथ छापेमारी की। सुंदरनगर (गांव चांबी) में रविकांत व उसके साथियों के ठिकानों, जबकि नगरोटा (कांगड़ा) में दो घरों की तलाशी ली गई। अधिकारियों ने बरामदगी को लेकर फिलहाल कोई विवरण साझा नहीं किया है।

### मुख्य आरोपी और जांच का दायरा

मामले के मुख्य आरोपियों में से एक विजय जुनेजा पिछले करीब 9 महीनों से शिमला की कंथू जेल में बंद है। सूत्रों के अनुसार, इस केस में 78 लोग ईडी के रडार पर हैं। जांच दुबई में बैठे मुख्य सरगना सुभाष शर्मा तक फैली हुई है।

**घोटाले की पृष्ठभूमि :** यह मामला तब सामने आया जब हिमाचल निवासी अरुण गुलेरिया ने सुभाष शर्मा, हेमराज व अन्य के खिलाफ पैसा दोगुना करने का झांसा देकर ठगी की शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद मैक्लोडगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। हिमाचल और जीरकपुर में 500 से अधिक शिकायतें सामने आईं और घोटाले की राशि करीब 2000 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। एफआईआर की भनक लगते ही सुभाष शर्मा दुबई फरार हो गया।

**कानूनी स्थिति:** विजय जुनेजा की जमानत हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से खारिज होने के बाद उसने आत्मसमर्पण किया। पुलिस ने जांच के दौरान करीब 50 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी फ्रीज की और कई बैंक खाते सीज किए।

**आगे की कार्रवाई :** विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, पुलिस सुभाष शर्मा को दुबई से डिपोर्ट कर भारत लाने की तैयारी में है, ताकि घोटाले से जुड़ी बेनामी संपत्तियों की पहचान कर उन्हें अटैच किया जा सके।

**जीरकपुर का कनेक्शन:** सुभाष शर्मा का नॉर्थ व्यू प्रोजेक्ट जीरकपुर में कार्यालय के रूप में संचालित था। आरोप है कि क्रिप्टो करेंसी से जुटाई गई रकम को प्रॉपर्टी डीलर विजय जुनेजा के जरिए जीरकपुर के रियल एस्टेट में निवेश किया गया। बाद में प्रॉपर्टी लेन-देन में भी ठगी के आरोप लगे, जिसकी शिकायत खुद सुभाष शर्मा ने दुबई से हिमाचल पुलिस को ई-मेल व ऑडियो संदेश के जरिए की।

# ऊंचाई वाले जिलों में हल्की बारिश व बर्फबारी की संभावना

## हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में खत्म हो रहा शुष्क मौसम का दौर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में शुष्क मौसम का दौर समाप्त हो सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र, शिमला के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, राज्य के कुछ ऊंचाई वाले जिलों में हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना है। इससे प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों को राहत मिल सकती है।

मौसम विभाग ने चंबा, लाहौल-स्पीति और किन्नौर जिलों में एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश या बर्फबारी का अनुमान जताया है। इसके अलावा, मंडी, कांगड़ा और कुल्लू जिलों के ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों में भी हल्का वर्षा-हिमपात होने की संभावना है। हालांकि, मौसम विभाग ने कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। वहीं, IMD का पूर्वानुमान है कि



राज्य के शेष जिलों में मौसम आज भी शुष्क बना रहेगा। मैदानी और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम साफ रहेगा। राजधानी शिमला सहित आसपास के क्षेत्रों में आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं।

**पश्चिमी विक्षोभ हुआ कमजोर** : मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में सक्रिय हुआ पश्चिमी विक्षोभ कमजोर है, जिसके कारण व्यापक वर्षा या भारी बर्फबारी की संभावना कम है। निचले और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम अधिकतर शुष्क बना रहेगा और अगले 12 घंटों के दौरान मंडी (बल्ह घाटी) और बिलासपुर (भाखड़ा डैम क्षेत्र) में देर रात और तड़के हल्के से मध्यम कोहरे की संभावना है।

### पर्यटन स्थलों में बर्फबारी न होने से छाई मायूसी

**शिमला।** दिसम्बर माह आधा बीत जाने के बाद भी राज्य के पर्यटन स्थलों में बर्फबारी न होने से हर वर्ग में मायूसी छाई हुई है। एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राज्य के उच्च पर्वतीय इलाकों में तो हल्का हिमपात हो गया है, लेकिन मध्य इलाके पूरी तरह से बर्फबारी से महरूम हैं। हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि 20 दिसम्बर तक मौसम साफ रहेगा, लेकिन इस बीच 17 दिसम्बर की रात्रि से एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिससे भी उच्च पर्वतीय इलाकों में ही हल्की-फुल्की बर्फबारी हो सकती है। राज्य में आगामी 2 दिनों के लिए मैदानी इलाकों बिलासपुर के भाखड़ा बांध व मंडी की बल्ह घाटी के कुछ हिस्सों में सुबह के समय व देर रात्रि घना कोहरा छाए रहने का यैलो अर्ल्ट जारी किया गया है। रविवार को भी सुबह बिलासपुर में घना कोहरा व मंडी में हल्का कोहरा छाया, जबकि ताबो में 37 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चली हैं।

### प्रदेश में बने सूखे जैसे हालात

लंबे समय से बारिश-बर्फबारी के अभाव में प्रदेश में सूखे जैसे हालात बनने लगे हैं और इसका सीधा असर फसलों और फलों पर पड़ रहा है। किसान और बागवान बारिश और बर्फबारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बादलों के न बरसने से सूखी ठंड भी लोगों को परेशान कर रही है। जनजातीय जिलों में तापमान शून्य से नीचे चला गया है। इससे नाले, झरने और अन्य प्राकृतिक जलस्रोत जम गए हैं और जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

मौसम विभाग की दैनिक रिपोर्ट के मुताबिक लाहौल-स्पीति जिले के कुकुमसेरी में न्यूनतम तापमान माइनस 4.3 डिग्री सैल्सियस और ताबो में माइनस 1.6 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। शिमला में न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री रहा, जबकि सुंदरनगर और भुंतर में 5.6 डिग्री, धर्मशाला और ऊना में 7 डिग्र दर्ज किया गया।

## राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की टीम ने नौणी के फल विज्ञान विभाग की नर्सरी का किया दौरा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड (एनएचबी) की एक टीम ने डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के फल विज्ञान विभाग की नर्सरी का दौरा किया। इस दौरान विश्वविद्यालय की नर्सरी के निरीक्षण एवं प्रत्यायन की प्रक्रिया संपन्न की गई।

दौरा करने वाली टीम की अध्यक्षता डॉ. वाई. सी. गुप्ता, कंसल्टेंट-कम-चेयरमैन ने की। टीम में डॉ. एस. के. चौरसिया, उप निदेशक, एनएचबी शिमला; डॉ. अनुराग शर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र, सोलन; डॉ. अंजली कटोच, कृषि विकास अधिकारी सहित एनएचबी के अन्य प्रतिनिधि शामिल थे।

डॉ. देविना वैद्य, निदेशक अनुसंधान; डॉ. जितेंद्र चौहान, विभागाध्यक्ष, फल विज्ञान विभाग; डॉ. विशाल राणा, संयुक्त निदेशक अनुसंधान; डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. गोपाल सिंह एवं डॉ. प्रमोद वर्मा ने टीम को विभिन्न नर्सरी इकाइयों, जीन बैंक तथा प्रमुख समशीतोष्ण फल फसलों के मदर ब्लॉक्स का भ्रमण करवाया। इनमें सेब, कीवी, प्लम, आड़ू, नेक्टेरिन, अखरोट, पर्सिमन तथा चेरी शामिल हैं।

फल विज्ञान विभाग क्षेत्र में समशीतोष्ण फल फसलों की अग्रणी नर्सरियों में से एक है, जो कुल 6.7 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली हुई है। इसमें से 4.5 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में नर्सरी पौध तैयार किए जाते हैं, जबकि लगभग 2.2 हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फल प्रजातियों के जीन बैंक एवं मदर ब्लॉक्स स्थापित हैं। दौरे के दौरान एनएचबी टीम ने विभाग की चल रही अनुसंधान गतिविधियों की समीक्षा की तथा नर्सरी पौध उत्पादन में अपनाई जा रही आधुनिक विधियों एवं तकनीकों का आकलन किया। टीम को किसानों के खेतों में शामिल किए जाने हेतु नई फल फसलों पर किए जा रहे अनुसंधान एवं फील्ड ट्रायल्स की भी जानकारी दी गई।

पिछले तीन दशकों में विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश एवं पड़ोसी राज्यों के किसानों को लाखों की संख्या में गुणवत्तापूर्ण फल पौध उपलब्ध करवाई गई हैं।

## कांग्रेस का झूठ बेनकाब, हिमाचल के हक के लिए केंद्र में सबसे मजबूत आवाज बने जेपी नड्डा : बलबीर वर्मा

हिमाचल के हितों पर राजनीति कर रही कांग्रेस, केंद्र ने हर संकट में दिया खुला सहयोग : भाजपा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक बलबीर वर्मा ने कांग्रेस द्वारा दिए गए बयान पर कड़ा पलटवार करते हुए कहा कि ÷हिमाचल के हितों को केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से नहीं उठाया जा रहा÷ जैसा बयान सरासर झूठ, भ्रामक और राजनीतिक हताशा का परिचायक है। कांग्रेस को पहले यह बताना चाहिए कि जब-जब हिमाचल संकट में रहा, तब किस सरकार ने प्रदेश के लिए सबसे पहले और सबसे अधिक मदद पहुंचाई।

बलबीर वर्मा ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने हमेशा केंद्र में हिमाचल प्रदेश की आवाज को पूरी मजबूती से उठाया है। चाहे प्रधानमंत्री कार्यालय हो या केंद्रीय मंत्रालय—जेपी नड्डा ने हर मंच पर हिमाचल की मांगों, आपदा राहत, विकास परियोजनाओं और विशेष सहायता पैकेज को प्राथमिकता के साथ रखा है। यही कारण है कि केंद्र सरकार ने हिमाचल को हर आपदा और कठिन समय में दिल खोलकर सहायता दी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है कि केंद्र हिमाचल की अनदेखी कर रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि केंद्र सरकार ने राज्य सरकार की निष्क्रियता के बावजूद अपने संसाधनों से आपदा प्रभावित लोगों को राहत पैकेज दिया। यदि राज्य सरकार ने समय पर अपनी जिम्मेदारी निभाई होती, तो राहत और विकास कार्य और तेज़ी से आगे बढ़ सकते थे।

बलबीर वर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को यह भी याद रखना चाहिए कि राष्ट्रीय पेंशन योजना , आपदा प्रबंधन, सड़क, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे से जुड़ी योजनाओं में केंद्र सरकार ने हिमाचल को लगातार सहयोग दिया है। इसके बावजूद कांग्रेस केवल आंकड़ों को तोड़-मरोड़ कर जनता को गुमराह करने का काम कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार अपनी विफलताओं, खराब वित्तीय प्रबंधन और नीतिगत असफलताओं से ध्यान हटाने के लिए केंद्र सरकार और भाजपा नेतृत्व पर निराधार आरोप लगा रही है। सच यह है कि हिमाचल की कमजोर आर्थिक स्थिति के लिए कांग्रेस सरकार खुद जिम्मेदार है, न कि केंद्र सरकार।

अंत में बलबीर वर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को यदि सबसे अधिक समझने और उसका हक मजबूती से दिलाने वाला कोई नेता है, तो वह जगत प्रकाश नड्डा हैं। कांग्रेस को चाहिए कि वह तथ्यहीन आरोप लगाने के बजाय प्रदेश की जनता से किए गए वादों का हिसाब दे, क्योंकि हिमाचल की जनता अब सच्चाई समझ चुकी है।





## ऊना में ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, दूसरा घायल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना।** जिले के उपमंडल अंब के तहत बणे दी हट्टी में ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा एक ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में हुआ। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, गगरेट निवासी गगन पुत्र नरेश अपने दोस्त दिलशाद मोहम्मद पुत्र कमालुद्दीन, निवासी अंबोटा के साथ बाइक पर गगरेट से मुबारिकपुर की ओर जा रहा था। बणे दी हट्टी के पास, गगन ने अपने आगे चल रहे एक ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की। इस दौरान बाइक ट्रक के पिछले टायर से टकरा गई।

ट्रक की टक्कर के बाद, गगन और बाइक पर पीछे बैठे दिलशाद मोहम्मद दोनों सड़क किनारे गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल गगरेट ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने दिलशाद मोहम्मद को मृत घोषित कर दिया। गगन की गंभीर हालत को देखते हुए उसे क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने बाइक चालक गगन कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। एसएचओ रूप सिंह ने इस मामले की पुष्टि की है।

## कांग्रेस जगत प्रकाश नड्डा फोबिया से ग्रस्त इसलिए तथ्यों से भाग रही है : सतपाल सत्ती

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक सतपाल सत्ती ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार के बयान पर जोरदार पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी आज पूरी तरह ÷जगत प्रकाश नड्डा फोबिया÷ की शिकार हो चुकी है। उन्होंने कहा कि नड्डा जी के शिमला दौरे और उनके स्पष्ट व तथ्यपरक बयानों से कांग्रेस इतनी घबराई हुई है कि वह अब झूठ, भ्रम और दुष्प्रचार का सहारा ले रही है।

सतपाल सत्ती ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा यह कहना कि केंद्र सरकार ने आपदा के नाम पर हिमाचल को एक रुपया भी नहीं दिया, सरासर असत्य और जनता को गुमराह करने का प्रयास है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को आपदा राहत, पुनर्वास, बुनियादी ढांचा, सड़क, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास मदों में हजारों करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की है, लेकिन कांग्रेस सरकार न तो इन पैसों का सही उपयोग कर पाई और न ही पारदर्शिता से इसका लेखा-जोखा जनता के सामने रख सकी।



सतपाल सत्ती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित 1500 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रक्रिया में है और यह किसी राजनीतिक दबाव या बयानबाजी से नहीं, बल्कि नियमानुसार जारी की जाती है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस को पहले यह बताना चाहिए कि राज्य सरकार ने केंद्र को अब तक कितनी औपचारिक प्रस्ताव, डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट और उपयोगिता प्रमाण-पत्र समय पर भेजे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ÷डबल इंजन सरकार÷ पर सवाल उठाने से पहले यह बताए कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश की आर्थिक स्थिति क्यों बद से बदतर हो गई। आज हिमाचल पर कर्ज का बोझ ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच चुका है, कर्मचारियों और पेंशनरों की देनदारियां अटकी पड़ी हैं और विकास कार्य ठप हो चुके हैं। यह सब भाजपा नहीं, बल्कि कांग्रेस की नीतिगत विफलताओं का परिणाम है।

सतपाल सत्ती ने कहा कि जगत प्रकाश नड्डा हिमाचल की मिट्टी से जुड़े नेता हैं, जिन्होंने न केवल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है, बल्कि प्रधानमंत्री कार्यालय और केंद्रीय मंत्रियों के समक्ष बार-बार हिमाचल के हितों, आपदा राहत और विशेष सहायता की आवाज मजबूती से उठाई है। कांग्रेस को यह बात पच नहीं रही, इसलिए वह नड्डा जी के हर दौरे को राजनीतिक बताकर बदनाम करने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार अपनी नाकामियों से ध्यान हटाने के लिए केंद्र सरकार और भाजपा नेतृत्व पर सौतेला व्यवहार का झूठा आरोप लगा रही है, जबकि सच्चाई यह है कि कांग्रेस सरकार की वित्तीय बदहाली उसके अपने कुप्रबंधन, मुफ्त घोषणाओं और प्रशासनिक अराजकता का नतीजा है।

## न्यूज ब्रीफ

### नितिन नबीन जी को भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बधाई : जयराम ठाकुर

**शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर नितिन नबीन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन जी एक कर्मठ, ऊर्जावान एवं संगठननिष्ठ कार्यकर्ता हैं। उनके पास संगठन और शासन दोनों का समृद्ध अनुभव है। उन्होंने जनसेवा और संगठन सुदृढ़ीकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। भारतीय जनता पार्टी नितिन नबीन जी के नेतृत्व, परिश्रम और समर्पण से और अधिक मजबूत होगी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में वह पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में अपनी भूमिका निभाएंगे।

### कांगड़ा में 105 पेटी शराब और 7 लीटर लाहण बरामद, नशे के खिलाफ अभियान


**कांगड़ा।** कांगड़ा में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने अवैध शराब का जखीरा पकड़ा है। अलग-अलग स्थानों पर चले चेकिंग अभियान में पुलिस ने 105 पेटी से ज्यादा अवैध शराब पकड़ी है और चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। यह कार्रवाई नूरपुर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। नाकेबंदी के दौरान वाहन की तलाशी में एक जीप में 1260 बोतल शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। बाकी दो लोगों को लाहण के साथ काबू किया गया है। नूरपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने बताया कि नशे के खिलाफ यह सतत अभियान जारी रहेगा। बताया गया कि पुलिस थाना नूरपुर के तहत नाकाबंदी करके जांच कर रही थी। इसी दौरान एक जीप को रोका। इसमें भारी मात्रा में अवैध तरीके से देसी शराब ले जाई जा रही थी।

## शिमला में जेपी नड्डा के ऐतिहासिक स्वागत ने बदली हिमाचल की राजनीति की दिशा : डॉ. राजीव बिंदल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि 13 दिसंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा के शिमला आगमन पर जिस प्रकार हजारों की संख्या में लोगों का सैलाब उमड़ा और राजधानी शिमला में जो वातावरण बना, वह ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है।

यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश के राजनीतिक भविष्य का स्पष्ट संकेत है। डॉ. बिंदल ने कहा कि बिहार में भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए की प्रचंड और ऐतिहासिक जीत के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा का यह पहला हिमाचल प्रवास था। इस अवसर पर उन्हें बधाई देने के लिए जिस तरह का अप्रत्याशित, उत्साहपूर्ण और जनसमर्थन से भरा कार्यक्रम आयोजित हुआ, उसने यह सिद्ध कर दिया कि हिमाचल प्रदेश का जनमानस अब वर्तमान कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना चुका है।



उन्होंने कहा कि 4 दिसंबर को धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में कांग्रेस सरकार के तीन वर्षों के कुशासन और नाकामियों के खिलाफ जिस जोश और आक्रोश के साथ हजारों भाई-बहन सड़कों पर उतरे थे, उसी कड़ी में 13 दिसंबर को शिमला में आयोजित यह विशाल कार्यक्रम दूसरा बड़ा संदेश है। यह साफ संकेत है कि हिमाचल की सत्ता अब कांग्रेस के हाथों में अधिक समय तक रहने वाली नहीं है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने अपने संबोधन में जिस सटीकता और तथ्यों के साथ प्रदेश की कांग्रेस सरकार को कटघरे में खड़ा किया, वह अपने आप में आंखें खोलने वाला था। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किस प्रकार हिमाचल प्रदेश के विकास और कल्याण के लिए निरंतर सहयोग कर रही है, जबकि प्रदेश की कांग्रेस सरकार उन्हीं विकास योजनाओं और कार्यों को रोककर जनता के हितों से खिलवाड़ कर रही है।

डॉ. राजीव बिंदल ने 13 दिसंबर को हुए इस भव्य और ऐतिहासिक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों, कार्यकर्ताओं, भारतीय जनता पार्टी की पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने विशेष रूप से शिमला संसदीय क्षेत्र सहित किन्नौर, स्पीति, आनी और करसोग से पहुंचे कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। साथ ही, उन्होंने हिमाचल प्रदेश के जनमानस का धन्यवाद किया, जिन्होंने हजारों की संख्या में पहुंचकर हर दिल अजीज नेता, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा का गर्मजोशी से अभिनंदन किया।

### डीजीपी अशोक तिवारी ने की मैगा वॉकथॉन की तैयारियों की समीक्षा की

**हमीरपुर।** बेहद खतरनाक नशीले पदार्थ चिट्टे के विरुद्ध प्रदेश सरकार द्वारा आरंभ किए गए विशेष अभियान के तहत 16 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा हमीरपुर में आयोजित की जा रही मैगा वॉकथॉन की तैयारियों की निगरानी के लिए हिमाचल प्रदेश पुलिस के महानिदेशक अशोक तिवारी स्वयं हमीरपुर पहुंच गए हैं।

उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दोस?का के पुलिस मैदान का निरीक्षण किया और मैगा वॉकथॉन की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मैदान में विभिन्न व्यवस्थाओं एवं आवश्यक सुविधाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे मैदान में प्रतिभागियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखें और इस ब? आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए तत्परता के साथ कार्य करें।



## ड्रग्स तस्करी मामले में वांछित अंकित उर्फ अंकू गिरफ्तार

**नूरपुर।** नूरपुर पुलिस ने ड्रग्स तस्करी के एक मामले में वांछित आरोपी अंकित उर्फ अंकू को गिरफ्तार किया है। उसे हरियाणा के पंचकूला स्थित पिंजौर से 13 दिसंबर को पकड़ा गया। यह गिरफ्तारी डमटाल थाने में 25 नवंबर 2025 को दर्ज हृष्ठक्क एक्ट के एक मामले से संबंधित है। 25 नवंबर को डमटाल पुलिस ने भदरौया में नाकाबंदी के दौरान दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान अश्वनी कुमार निवासी सीरत, मोहटली, कांगड़ा और सचिव, निवासी सुजानपुर, इंदौरा, कांगड़ा के रूप में हुई थी। आरोपियों के कब्जे से 6.32 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की गई थी। इन दोनों के खिलाफ डमटाल थाने में हृष्ठक्क एक्ट की धारा 20, 21, 29 के तहत मामला दर्ज किया गया था।आरोपियों से पूछताछ और जांच के दौरान पता चला कि इस मामले में अन्य लोग भी शामिल थे। नूरपुर जिला पुलिस तब से इन वांछित आरोपियों की तलाश विभिन्न स्थानों पर कर रही थी।

## महासू महाराज की प्रवास यात्रा का हिमाचल में प्रवेश : 40 हजार श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** उत्तराखंड- हिमाचल प्रदेश के बड़े हिस्से में न्याय के देवता माने जाने वाले छत्रधारी चालदा महासू महाराज की ऐतिहासिक प्रवास यात्रा शनिवार रात को हिमाचल प्रदेश पहुंच गई है। शनिवार रात को यह देव यात्रा मीनस नदी के तट से जिला सिरमौर के द्राबिल गांव में दाखिल हुई, जहां 40 हजार श्रद्धालुओं की भारी भीड़ चालदा महासू महाराज के दर्शनों के उम?ी। दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शनों के लिए पहुंचे हुए थे।

इस दौरान ÷महासू महाराज की जय÷ के जयकारों से पूरी शिलाई घाटी में गूंज रही। यात्रा द्राबिल पहुंचने के बाद रविवार को पशमी के लिए रवाना होगी।

द्राबिल से देव यात्रा पैदल ही पशमी के लिए प्रस्थान करेगी। अनुमान है कि यह यात्रा रविवार देर रात तक पशमी पहुंचेगी, जहां न्याय के देवता के लिए निर्मित दो भव्य मंदिरों में से एक में वे विराजमान होंगे। इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिए सिरमौर के साथ-साथ शिमला, सोलन और उत्तराखंड से हजारों श्रद्धालु द्राबिल पहुंचे थे। श्रद्धालुओं की संख्या इतनी अधिक थी कि सड़कों पर पैर रखने की जगह नहीं बची। देव पालकी के पारंपरिक वादन, शंख-घड़ियालों की गूंज और भक्तिमय वातावरण ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। पशमी और आसपास के गांवों में यात्रा को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने अपने घरों और मंदिरों को सजाकर देवता के स्वागत की तैयारियां की हैं। यात्रा के दौरान सुरक्षा, व्यवस्था और आवभगत की जिम्मेदारी स्थानीय युवाओं और विभिन्न समितियों ने संभाली हुई है। सूचना के अनुसार द्राबिल पहुंचते ही द्राबिल मंदिर से महासू महाराज की पालकी बाहर लाई गई। इसके बाद छत्रधारी चालदा महाराज की पालकी से उनका पारंपरिक मिलन कराया गया। वहीं हनोल में बौठा महाराज का मुख्य मंदिर है, जबकि द्राबिल गांव के मंदिर में भी बौठा महाराज का चिह्न स्वरूप पालकी विराजमान है।

## सूबे को गारंटियों का हिसाब देने के बजाय दिल्ली में रैली कर रही हिमाचल सरकार : जयराम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने शिमला से जारी बयान में कहा कि झूठी गारंटीयों और घोषणा पत्र के नाम पर जनादेश चोरी करने वाले मुख्यमंत्री अपनी झूठी गारंटियों का हिसाब देने के बजाय देश भर में घूम-घूम कर वोट चोरी के खिलाफ अभियान चला रहे हैं और रैलियां निकाल रहे हैं। हर जगह वह जाकर सिर्फ अपने झूठ का पिटारा खोलते हैं और प्रदेश के लोगों से झूठ बोलकर उन्हें गुमराह करते हैं लेकिन अब देश भर के लोगों ने कांग्रेस की हकीकत पहचान ली है। जहां-जहां मुख्यमंत्री और उनके वरिष्ठ नेता यह रैलियां निकाल रहे हैं वहांङ्कवहां से कांग्रेस का सूपड़ा साफ होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग चौतरफ़ा सरकार की नाकामियों से जूझ रहे हैं और पूरी सरकार दिल्ली में आला कमान को खुश करने में लगी हुई है। कांग्रेस का पूरा नेतृत्व संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करता रहा है। चुनाव आयोग पर, केंद्र सरकार पर अनर्गल आरोप लगाता रहता है। भाजपा तथा एनडीए को वोट देने वाले जनता जनार्दन पर भी सवाल उठाता है। कांग्रेस का यह अभियान देश के प्रबुद्ध वोटर्स का भी अपमान है। इसलिए हिमाचल सरकार के सभी कार्यकर्ताओं को अपनी झूठी गारंटियों के नाम पर जनादेश हथियाने के लिए माफी मांगनी चाहिए। यह पहली बार नहीं है कि हिमाचल के मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के प्रमुख नेता सारा काम काज छोड़कर वोट चोरी के तथ्य और तर्क हीन अभियान में शामिल हुए हों। इसके पहले आपदा पर सदन में चर्चा, आपदा राहत से जुड़े कार्यों की समीक्षा के बजाय कांग्रेस के चुनावी अभियान में शिरकत कर चुके हैं। प्रदेश के आपदा प्रभावित



राहत की राह देख रहे हैं और सरकार अपने दायित्वों के निर्वहन की बजाय आगामी चुनाव में होने वाली प्रचंड हार के लिए अभी से बहाने खोजने में लगी है। चुनाव चाहे अब हों या बाद में मुख्यमंत्री को परिणाम पता है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार के अंतर्कलह, विधायकों और मंत्रियों की विवशता, अधिकारियों और मित्र मंडली की मनमर्जी के आगे व्यवस्था परिवर्तन वाली सरकार की पूरी व्यवस्था ही घुटने पर है। आपदा से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र में सुक्खू सरकार के द्वारा आपदा प्रभावितों के राहत और पुनर्वास के लिए इस्तेमाल होने वाली धनराशि से 3 साल के कार्यकाल पूरा होने का जश्न मनाकर ÷लॉक प्रिय÷ सरकार ने न सिर्फ अपनी किरकिरी करवाई बल्कि अपनी संवेदनहीनता का भी प्रदर्शन किया। इस कृत्य से सरकार की कलई खुल गई। ऐसे जश्नों से कांग्रेस आलाकमान की गैरमौजूदगी से यह बात भी एकदम साफ हो गई है कि व्यवस्था परिवर्तन वाली सुख की सरकार प्रदेश में ही नहीं अपने शीर्ष नेतृत्व में भी अलोकप्रिय हो चुकी है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को उनके सार्वजनिक कार्यक्रमों में मिल रहे प्रचंड जन समर्थन, देश भर में कांग्रेस की हो रही प्रचंड हार और बीते हफ्ते सुक्खू सरकार के 3 साल पूरे होने पर आयोजित जश्न से प्रदेशवासियों के किनारा करने से कांग्रेस का पूरा नेतृत्व हताश है। मंच से सरकार के मंत्री और नेताओं के ÷सिरङ्कफुटौवल÷ की घटना के बाद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में भी निराशा है। अपनी नाकामियों से प्रदेश वासियों का ध्यान हटाने के लिए सुक्खू सरकार इस तरह की मनगढ़ंत अभियानों का हिस्सा बन रही है देश के लोकतंत्र पर हमला करने की कोशिश कर रही है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि झूठी गारंटियों के नाम पर हिमाचल प्रदेश के लोगों के जनादेश की चोरी करके सरकार बनाने वाले मुख्यमंत्री न जाने किस मुंह से वोट अधिकार यात्रा निकाल रहे हैं। एक तरफ हिमाचल प्रदेश के लोग उनसे कांग्रेस की 10 झूठी गारंटियों का हिसाब मांग रहे हैं तो दूसरी तरफ हिमाचल के मुख्यमंत्री बिहार के चुनाव के बाद दिल्ली में व्यस्त हैं।

# अनुशासन व राष्ट्र निर्माण का माध्यम हैं युवा खिलाड़ी : बराला

## सांसद खेल महोत्सव : युवा शक्ति के उत्सव में दिखा जोश, अनुशासन और प्रतिभा का संगम

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ




**फतेहाबाद।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा देने का एक सशक्त मंच है। उन्होंने सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे नशे और ऑनलाइन गेम्स जैसी बुरी आदतों से दूर रहकर खेलों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि खेल केवल जीतङ्कहार का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और स्वस्थ जीवनशैली का सशक्त आधार हैं, जो युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सुभाष बराला ने कहा कि आज का युवा देश का भविष्य है। यदि युवा खेल के मैदान से जुड़ा रहेगा तो वह स्वतः ही नशे, मोबाइल की लत और ऑनलाइन गेम्स जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहेगा। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लें, हारङ्कजीत को सहज रूप से स्वीकार करें और निरंतर मेहनत व अनुशासन के साथ आगे बढ़ें।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें खेलों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही हैं। केंद्र सरकार की खेलो इंडिया जैसी महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से देशभर में खेल संस्कृति को मजबूत किया जा रहा है, वहीं हरियाणा सरकार की खेल नीति आज देश के लिए एक आदर्श बन चुकी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार खिलाड़ियों को पारदर्शी चयन प्रणाली, बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक खेल ढांचा और उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मान व प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि हरियाणा की खेल नीति के कारण प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। ओलंपिक, एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों का बढ़ता योगदान इस नीति की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही खेल छात्रवृत्तियां, सरकारी नौकरियों में आरक्षण और नकद पुरस्कार युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित कर रहे हैं।

सुभाष बराला ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन केंद्र और राज्य सरकार की खेल नीतियों को जमीनी स्तर पर साकार करने का माध्यम हैं। इन आयोजनों से ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों की प्रतिभाओं को पहचान मिलती है और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

समारोह के दौरान राज्यसभा सांसद ने विभिन्न खेलों के फाइनल मुकाबलों में विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आयोजकों, कोचों, निर्णायकों और स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से यह खेल महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है।राज्यसभा सांसद ने खिलाड़ियों से अपील की कि वे खेल के माध्यम से अपने जीवन को स्वस्थ, अनुशासित और उद्देश्यपूर्ण बनाएं तथा देश का नाम रोशन करें।

इस अवसर पर हरकोफेड के चेयरमैन वेद फुला, एमएम कॉलेज प्राचार्य गुरचरण सिंह, एसई ओपी बिश्नोई, डीएसओ विष्णुदास, भीम लांबा, एईओ अनूप सिंह, जयदीप बराला, सुधीर तनेजा, शम्मी ढींगरा, कंवल चौधरी, कालू बरसीन, चिरंजी लाल ढांड, किशोरी लाल नारंग, महेंद्र मूटरेजा, राकेश भाम्भू, जीतू फुला, लायक राम गढ़वाल, विक्रम शर्मा सहित संगठन पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# हवा में उड़कर आंखों में पड़ रही रेत, फिसल रहे वाहन चालक

**ओवरब्रिज पर फुटपाथ किनारे रेत के ढेर बने परेशानी का सबब**

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड़



**बराड़ा।** बराड़ा में ओवरब्रिज पर रेलिंग किनारे लगे मिट्टी के ढेर वाहन चालकों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। दरअसल बराड़ा बस स्टैंड से शाहबाद की तरफ जाते हुए रेलवे लाइन पर ओवरब्रिज बना हुआ है। इस ओवरब्रिज पर काफी समय से सड? उखड़ी हुई थी और बजरी बिखरी पड़ी थी।

आखिरकार इस उखड़ी हुई सड? की मरम्मत कर दी गई, लेकिन उखड़ी हुई बजरी अब भी रेलिंग के किनारे पर पड़ी है। जिसमें दोपहिया वाहन चालक फिसलते रहते हैं। यही नहीं रेलिंग के पास लगे रेत-मिट्टी के बड़े-बड़े ढेर भी वाहन चालकों के लिए परेशानी खड़ी कर रहे हैं। इनेलो महिला जिलाध्यक्ष रीटा केसरी, कमल बराड़ा, गुलशन कुमार, सोरन सिंह समेत अन्य लोगों का कहना है कि इन ढेरों से दिनभर मिट्टी उड़ती रहती है जो वाहन चालकों की आंखों में गिरती है, जिससे हमेशा हादसों का खतरा बना रहता है। इस ओवरब्रिज पर हमेशा ट्रैफिक का दबाव रहता है। जिस कारण कई बार दोपहिया वाहन चालक इस रेत में फिसल जाते हैं। इन लोगों का कहना है कि यदि इसी प्रकार यहां रेत मिट्टी के ढेर लगे रहे तो लोग हादसों का शिकार हो सकते हैं। इसलिए विभाग लोगों की जान के हित में यहां जल्द सफाई करवाए।

# कैंसर को लेकर निरंतर जागरूकता और व्यवहार में बदलाव की जरूरत : उपायुक्त सचिन गुप्ता

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल




**रोहतक, 14 दिसंबर।** कैंसर की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाने, समय पर जांच और उचित चिकित्सा को लेकर रविवार सुबह देवी लाल पार्क से पॉजिट्रॉन अस्पताल, सेक्टर-35, सनसिटी, रोहतक तक कैंसर जागरूकता वॉकथॉन का आयोजन किया गया।

इस वॉकथॉन को उपायुक्त सचिन गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं भी प्रतिभागियों के साथ पैदल चलकर नागरिकों से संवाद किया और उन्हें स्वस्थ एवं निवारक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। सचिन गुप्ता ने कहा कि कैंसर आज भी एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है। यह केवल एक चिकित्सीय समस्या ही नहीं, बल्कि एक सामाजिक समस्या भी है, जिसके लिए निरंतर जागरूकता और व्यवहार में बदलाव की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि नियमित जांच के माध्यम से शीघ्र निदान, समय पर चिकित्सकीय परामर्श तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर कैंसर से होने वाली मृत्यु दर को काफी हद तक कम किया जा सकता है और उपचार के बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए पॉजिट्रॉन अस्पताल की सराहना करते हुए कहा कि अस्पताल ने सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने में सराहनीय भूमिका निभाई है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए सामुदायिक सहभागिता और सामूहिक जिम्मेदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने परिवारों, कार्यस्थलों और पड़ोस में कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाएं, क्योंकि जागरूक समाज ही समय पर जांच सुनिश्चित कर सकता है। कैंसर के उन्नत चरण में उपचार से जुड़ी शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक परेशानियों को कम कर सकता है। इस वॉकथॉन में डॉक्टरों, स्वास्थ्यकर्मियों, विद्यार्थियों, वरिष्ठ नागरिकों तथा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को कैंसर की रोकथाम, जीवनशैली में सुधार, जोखिम कारकों तथा प्रारंभिक जांच के महत्व से संबंधित जानकारी भी दी गई।

# हुड्डा पिता-पुत्र द्वारा जुटाई भीड़ से सफल हुई कांग्रेस की दिल्ली रैली

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल




**दिल्ली, 14 दिसंबर।** कांग्रेस द्वारा दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली का आयोजन किया गया। इसके लिए देशभर के और खासतौर पर उत्तर भारत के नेताओं को भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। लेकिन दिल्ली से सबसे ज्यादा निकटता के चलते मुख्य जिम्मेदारी हरियाणा पर रही।

यहां राहुल गांधी के लिए भूपेंद्र सिंह हुड्डा तुरुप का इक्का साबित किया। क्योंकि रैली में भीड़ जुटाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र के साथ भूपेंद्र हुड्डा और दीपेंद्र हुड्डा ने अलग-अलग जिलों में जाकर नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठकें लीं तथा ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटाने के लिए उनकी ड्यूटी निर्धारित की। और दीपेंद्र ने हरियाणा की जनता को रैल्ली तक लाने के प्रबंध किए । इसके चलते हर बार की तरह इस बार भी रामलीला मैदान में सबसे ज्यादा भागीदारी हरियाणा से आए लोगों की रही। रैली में जोश भरने से लेकर भीड़ को विशाल बनाने में हरियाणा की खास रोल रहा। इसके लिए हाईकमान की तरफ से हरियाणा इकाई और खासकर भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सराहना भी की गई तथा मंच पर बैठे नेताओं ने भी इसका बार-बार जिक्र किया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी इस बात पर संतुष्टि जाहिर करी कि लोगों में वोट चोरी को लेकर जागरूकता है। क्योंकि उन्होंने खुद एहसास किया है कि हरियाणा में वोट चोरी के जरिए पूरी की पूरी सरकार चोरी कर ली गई। इसलिए रैली में हरियाणा की तरफ से पहुंचे लोगों में सबसे ज्यादा रोष और जोश देखने को मिला। रैली में हरियाणा की भारी उपस्थिति ने यह संदेश भी दिया कि %वोट चोरी% के मुद्दे को लेकर प्रदेश की जनता के बीच रोष की भावना है और वे इसे जाहिर करने के लिए दिल्ली पहुंचे हैं। भविष्य में भी राहुल गांधी द्वारा उठाया गया यह मुद्दा सबसे ज्यादा हरियाणा में जोर पकड़ने के आसार हैं।

# देश की सांस्कृतिक समरसता को ताकत देगा गुर्जर महोत्सव : राजेश नागर

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** सूरजकुंड मेला परिसर में आयोजित तीन दिवसीय गुर्जर महोत्सव का आज समापन हो गया। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने कहा कि गुर्जर महोत्सव देश के सांस्कृतिक समरसता को ताकत देने का काम करेगा। इस अवसर पर कश्मीर से सांसद मियां अल्ताफ अहमद लारवी भी मौजूद रहे। उन्होंने गुर्जर महोत्सव को देश की एकता के लिए उठाया बड़ा कदम बताया।

इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने कहा कि इस गुर्जर महोत्सव में रिकॉर्ड तोड़ संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपना समर्थन दिया है। हम इस मेले को अगली बार इससे भी बड़ा करेंगे और इसे इंटरनेशनल पहचान देंगे। नागर ने कहा कि यह मेला देश की सांस्कृतिक विरासत को और मजबूती देगा वहीं गूजरी संस्कृति को दुनिया भर में पहुंचाने का काम करेगा। इस सुंदर और सफल आयोजन में मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, जम्मू कश्मीर और दिल्ली आदि जगहों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और उन्होंने इसकी प्रशंसा की है। गुर्जर महोत्सव के सफल आयोजन पर मैं आयोजकों को बधाई देता हूं।

मंत्री राजेश नागर ने मौजूद सभी लोगों से अपील की कि वह अगले साल आयोजित होने वाले इस गुर्जर महोत्सव की तैयारी में आज से लग जाएं और अपना भरपूर सहयोग पूरी टीम को दें।

इस अवसर पर गुर्जर समाज के विद्वान, प्रोफेशनल्स और कलाकारों ने लोगों के बीच अपना परिचय दिया जिसे लोगों ने तालियों के साथ समर्थन दिया वहीं बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने परंपरागत गूजरी पोशाक में पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।




# वॉलंटरी ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 14 दिसंबर।** पॉवर हाउस मॉडल टाउन रोहतक में हरित साधना फाउंडेशन द्वारा एक वॉलंटरी ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में पीजीआईएमएस रोहतक की ब्लड बैंक की टीम ने ब्लड एकत्रित किया। इस कैम्प में मुख्य अतिथि रेनू डावला और विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती कृष्णा देवी और जितेंद्र अत्री रहे। इवेंट ऑर्गनाइजर सतीश महावत रहे और सुरेंद्र सिंह और डॉक्टर धीरज चिल्लर ने इस कैम्प में अहम भूमिका निभाई। हरित साधना फाउंडेशन रोहतक शहर को हरा भरा बनाने के लिए इससे पहले लगभग आठ सौ के करीब पेड़ लगाए हैं। राजकुमार सैनी ने इनको ब्लड डोनेशन के क्षेत्र में भी कुछ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सुरेंद्र सिंह जयसवाल जी, जिन्होंने सत्ताईस बार ब्लड डोनेट कर चुके हैं, और राजकुमार सैनी, जो सौ बार ब्लड डोनेट कर चुके हैं, ने ब्लड डोनर्स को मोटिवेट किया। इस कैम्प में कुल इकतालीस यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया, जिनमें से बारह डोनर ऐसे रहे जिन्होंने पहली बार ब्लड डोनेशन किया और भविष्य में रेगुलर ब्लड डोनेट करने के लिए शपथ ली।

# उद्योगपति गौतम चौधरी राजस्थान एसो. के सर्वसम्मति से चुने गए अध्यक्ष

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** सेक्टर-10 स्थित राजस्थान भवन में आयोजित राजस्थान एसोसिएशन की एक्सक्यूटिव बॉडी मीटिंग में सर्वसम्मति से समाजसेवी और प्रसिद्ध उद्योगपति गौतम चौधरी को अध्यक्ष चुना गया। उनका यह कार्यकाल दो साल का रहेगा।

मीटिंग में अरुण कुमार सराफ वाइस प्रेसिडेंट, उमेश झांवर स्क्रेटरी, अश्वनी शर्मा ज्वाइंट स्क्रेटरी ,गुलाब चंद को कोषाध्यक्ष चुना गया ।

राजस्थान एसोसिएशन का अध्यक्ष चुने जाने पर गौतम चौधरी ने चीफ पैटर्न टी एम लालनी , एस पी अग्रवाल , एम पी रुंगटा, अरुण बजाज और पास्ट प्रेसिडेंट मनोज अग्रवाल का विशेष रूप से धन्यवाद किया है। अध्यक्ष चुने जाने पर गौतम चौधरी ने एसोसिएशन के सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा हैं कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है। उसे वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सभी को साथ लेकर एसोसिएशन के समाज से जुड़े कामों को आगे ले जाने का काम करेंगे। गौतम चौधरी ने कहा है कि राजस्थान एसोसिएशन एक परिवार की तरह है जिसमें सभी के सहयोग से जैसे रक्तदान शिविर , हेल्थ चेकअप कैंप, जरूरतमंद स्टूडेंट्स, डिसेबल चाइल्ड की मदद जैसे विभिन्न सामाजिक कार्यो को करता है। इसके साथ ही देश के विभिन्न त्यौहारों को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है।

गौतम चौधरी ने कहा एसोसिएशन आने वाले समय में मेडिकल फील्ड में और क्या समाज के लिए कार्य कर सकते है, वोकेशन ट्रेनिंग, कंप्यूटर क्लासिज, और युवाओं को ज्यादा से ज्यादा एसोसिएशन से जोड़कर कैसे अपनी संस्कृति और राष्ट्रनिर्माण को मजबूत कर सकते है इस पर फोकस रहेगा।

बैठक में चीफ पैटर्न एस पी अग्रवाल , एम पी रुंगटा, अरुण बजाज ने अपने संबोधन में बधाई देते हुए कहा की गौतम चौधरी मिलनसार ,व्यक्तित्व के धनी जाने जाते है। और समाजसेवा के कार्यो की वजह से चर्चा में रहते है ।

# धुंध में बढ़ते सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए फतेहाबाद पुलिस सक्रिय

अर्थ प्रकाश/आत्माराम

**फतेहाबाद, 14 दिसंबर।** सर्दी के मौसम के साथ बढ़ती घनी धुंध ने सड़क सुरक्षा को लेकर नई चुनौतियाँ पैदा कर दी हैं। इसी खतरे को ध्यान में रखते हुए फतेहाबाद पुलिस ने दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से विशेष सड़क सुरक्षा अभियान शुरू किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस* के निर्देशानुसार जिलेभर में बड़े वाहनों, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य भारी परिवहन साधनों पर रिफ्लेक्टर लगाने का विस्तृत अभियान लगातार जारी है।

अभियान के तहत पुलिस टीमें ऐसे वाहनों की पहचान कर रही हैं जिन पर प्रतिबिंबक पट्टी नहीं लगी हुई है। टीम मौके पर ही रिफ्लेक्टर लगाकर वाहन चालकों को जागरूक कर रही है। पुलिस का कहना है कि धुंध के समय रिफ्लेक्टर सड़क हादसों को रोकने का सबसे सरल और प्रभावी तरीका है, क्योंकि यह कम दृश्यता में भी वाहनों को स्पष्ट रूप से दिखाई देने योग्य बनाते हैं। इससे पीछे आने वाले वाहन सुरक्षित दूरी बनाए रखते हैं और टक्कर की संभावनाएँ काफी हद तक कम हो जाती हैं। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को सलाह देते हुए कहा कि धुंध के दौरान रात में हेडलाइट्स का सही उपयोग करें, फॉग लाइट व पार्किंग लाइट अवश्य जलाएँ, तेज गति से वाहन न चलाएँ और मुड़ते समय साइड इंडिकेटर का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। साथ ही हर वाहन पर लाल/पीली प्रतिबिंबक पट्टी अवश्य लगवाएँ, क्योंकि यह धुंध भरी रातों में जीवनरक्षक सिद्ध होती है।

# तिगांव क्षेत्र से हजारों की संख्या में दिल्ली रैली में पहुंचे लोग

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रोहित नागर के नेतृत्व में एक हजार से भी अधिक लोगों ने रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित कांग्रेस की वोट चोर-गद्दी छोड महारैली में भाग लिया। रविवार की सुबह-सवेरे ही तिगांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गावों से आए भारी तादाद में लोग बदरपुर टोल-प्लाजा के निकट एकत्र हुए जहां से वह सैकडों गाडियों के लंबे काफिल के साथ तिगांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रोहित नागर के नेतृत्व दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस दौरान लोगों ने उक्त रैली को लेकर भारी उत्साह व जोश दिखाई दिया और उन्होंने वोट चोर-गददी छोड व राहुल गांधी जिंदाबाद के नारों से आसमान को गुंजायमान कर दिया। इस मौके पर कांग्रेस एससी विभाग के जिला संयोजक सुंदर नेताजी व युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष पंकज सिंह भी मुख्यरूप से मौजूद थे।

इस मौके पर तिगांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रोहित नागर ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर दिल्ली में आयोजित महरैली ने देश की राजनैतिक फिजा बदलने का कार्य किया है। रैली में जुटे लाखों की संख्या में लोगों ने साबित कर दिया है कि भाजपा की सरकार लोगों के मत से नहीं बल्कि वोट चोरी से बनी सरकार है। हरियाणा के बाद अब बिहार में भी वोटों की हेराफेरी करके चुनाव जीता है। यह मामला अब केवल चुनाव की गड़बड़ी नहीं रहा, बल्कि यह जनता के अधिकारों पर डाका है। देश में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में हम यह लड़ाई संसद से लेकर सड? तक लड़ेंगे क्योंकि चुनाव आयोग पूरी तरह से भाजपा के पक्ष में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनता ने जिन वादों और उम्मीदों के साथ मौजूदा भाजपा सरकार को सत्ता सौंपी थी, वे सभी वादे आज भी अधूरे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर लोगों को अपनी वोट के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।रोहित नागर ने तिगांव क्षेत्र से उक्त रैली में हजारों की संख्या में भाग लेने पर लोगों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें आश्वास्त किया कि वह उनके हर सुख-दुख में साथ खडे रहेंगे और प्रदेश में आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई गई

अर्थ प्रकाश/आत्म राम

**फतेहाबाद, 14 दिसंबर।** उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा की ओर से राज्य स्तर पर आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय बालिका दिवस के संबंध में आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है जिसके अंतर्गत जिला में किसी भी बालिका द्वारा विभिन्न क्षेत्रों जैसे खेलकूद के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई स्थान प्राप्त किया हो अथवा सांस्कृतिक गतिविधियों में राज्य, राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर र स्थान प्राप्त किया हो, समाज सेवा के कार्य में सराहनीय कार्य किया हो, मीडिया एवं साहित्य के क्षेत्र में सराहनीय कार्य व बहादुरी के क्षेत्र में राज्य द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर नाम भेजा गया हो आदि शामिल है।

उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त 60 प्रतिशत या उससे अधिक विशेष दिव्यांग बच्चों द्वारा सराहनीय कार्य किया गया हो एवं चाइल्ड केयर संस्थान में रह रहे बच्चों ने इन क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किया हो, को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इन क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली बालिकाओं के नाम सभी दस्तावेजों सहित जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, कमरा नंबर 63, द्वितीय तल, लघु सचिवालय फतेहाबाद में आगामी 26 दिसंबर तक ऑफलाइन माध्यम से भिजवाए जा सकते हैं।

# यमुनानगर में अभय चौटाला का सरकार पर हमला, किसानों के मुद्दों पर उठाए गंभीर सवाल

31 लाख एकड़ नुकसानग्रस्त भूमि, फिर भी किसानों की अनदेखी- अभय चौटाला

अर्थ प्रकाश /अवतार सिंह चुग

**यमुनानगर, 14 दिसम्बर।** यमुनानगर में इनेलो के पूर्व विधायक दिलपल सिंह के कार्यालय में आज इनेलो नेता अभय चौटाला ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में अभय चौटाला ने प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण हरियाणा के किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। सरकारी पोर्टल पर करीब 31 लाख एकड़ भूमि को नुकसानग्रस्त दर्शाया गया है, जहाँ आज भी कई स्थानों पर पानी भरा हुआ है या फिर फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। इस कारण किसानों की एक फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई, वहीं अगली फसल की बुआई भी नहीं हो पाई।

अभय चौटाला ने कहा कि दुख की बात यह है कि किसानों को अब तक कोई मुआवजा नहीं मिला है। सरकार ने इस गंभीर समस्या पर ध्यान देने के बजाय प्रभावित किसानों को खाद और बीज जैसी बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित कर दिया। आज भी हरियाणा में लाखों एकड़ जमीन ऐसी है, जहाँ बारिश का पानी खड़ा है, लेकिन सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही।

अभय चौटाला ने आरोप लगाया कि बारिश के कारण कई क्षेत्रों में धान की फसल की गुणवत्ता खराब हो गई। जब किसान अपनी उपज लेकर मंडियों में पहुँचे तो उनकी धान की खरीद नहीं की गई। इसके बाद धान घोटाले का मामला सामने आया। उन्होंने कहा कि बिहार, बंगाल और उत्तर प्रदेश से मोटा धान लाकर उसे हरियाणा की मंडियों में 500 से 700 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर बेचा गया। जानकारी के अनुसार हजारों ट्रक सहारनपुर बॉर्डर पर पकड़े भी गए, लेकिन बाद में फर्जी गेट पास बनाकर उन्हें मंडियों में बेच दिया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि हजारों करोड़ रुपये के इस घोटाले की भनक सरकार को क्यों नहीं लगी।

चौटाला ने कहा कि सरकारी संरक्षण के बिना इस स्तर का घोटाला संभव नहीं है। यह धान बाहर से लाकर यहाँ बेचा गया और इसमें से पैसा ऊपर तक पहुँचा। उन्होंने आशंका जताई कि सरकार केवल दिखावे के लिए कुछ लोगों पर कार्रवाई करेगी और बाद में उन्हें छोड़ दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि जब सरकार बदलती है तो मुद्दे बदल जाते हैं, लेकिन हर बार किसानों को ही मोहरा बनाया जाता है। सरकार गन्ने के भाव में 10 रुपये की बढ़ोतरी को बड़ी उपलब्धि बता रही है, जबकि मजदूरी की लागत 300 रुपये से बढ़कर 700 रुपये तक पहुँच चुकी है। महंगाई के इस दौर में किसान की लागत कई गुना बढ़ गई ।

अभय चौटाला ने कहा कि किसान के बिना समाज अधूरा है। यदि किसान खेतों में फसल नहीं उगाएगा तो लोगों को अनाज कहाँ से मिलेगा। इसलिए किसान का मुद्दा पूरे देश का मुद्दा है। उन्होंने बताया कि इन सभी विषयों पर



विधानसभा में अलग-अलग कॉलिंग अटेंशन दी गई है। साथ ही स्टेडियमों में लगे स्टील के पोलों के रखरखाव में लापरवाही से हुए नुकसान पर भी चर्चा की मांग की गई है। उन्होंने स्पीकर से उम्मीद जताई कि यह प्रदेश की जनता की आवाज है और इस पर सदन में अवश्य चर्चा कराई।

अभय चौटाला ने अंत में कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। हर वर्ग परेशान है। किसान सबसे ज्यादा दुखी है और शिक्षा व्यवस्था की स्थिति भी चिंताजनक है। परीक्षा परिणामों में बार-बार बदलाव पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हैं।



लखनऊ में भाजपा, उत्तर प्रदेश के माननीय प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्य का निर्वाचन समारोह कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी जी को शुभकामनाएं देते हुए.

## योगी आदित्यनाथ सरकार झांसी में 16 दिसंबर को कराएगी पिंक जॉब फेयर का आयोजन

अर्थ प्रकाश/ झांसी। योगी आदित्यनाथ सरकार महिला अभ्यर्थियों और छात्राओं को रोजगार के लिए विशेष अवसर उपलब्ध कराने के मकसद से पिंक जॉब फेयर के आयोजन कराती है। इसी कड़ी में झांसी में 16 दिसंबर को पिंक जॉब फेयर का आयोजन होने जा रहा है। इस पिंक जॉब फेयर का आयोजन राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झांसी के परिसर में किया जाएगा, जिसमें कई कंपनियां छात्राओं का साक्षात्कार कर उनका चयन करेंगी। झांसी में पिछले वर्ष भी पिंक जॉब फेयर का आयोजन किया गया था। इस बार यह पिंक जॉब फेयर का दूसरा आयोजन होने जा रहा है। इस पिंक जॉब फेयर का आयोजन क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय झांसी एवं राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झांसी संयुक्त रूप से करने जा रहे हैं। रोजगार मेले में अमास स्किल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड, पुखराज हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, टीम प्लस एच आर सर्विस, भारतीय जीवन बीमा निगम झांसी सहित कई अन्य कंपनियां अभ्यर्थियों के चयन में हिस्सा लेंगी। रोजगार मेले में हिस्सा लेने के लिए छात्राओं को रोजगार संगम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। झांसी के सहायक सेवायोजन अधिकारी वसीम मोहम्मद ने बताया कि पिंक जॉब फेयर में हिस्सा लेने वाली छात्राओं की कैरियर काउंसलिंग भी की जाएगी। रोजगार मेला पूरी तरह निःशुल्क है और किसी अभ्यर्थी से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। छात्राएं बायोडाटा के साथ राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झांसी में आयोजित होने वाले पिंक जॉब फेयर में हिस्सा ले सकती हैं।

## एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने एक युवक को 56 ग्राम हेरोइन (स्मैक) सहित किया गिरफ्तार



अर्थ प्रकाश/अवतार सिंह चुग / यमुनानगर, 14 दिसम्बर। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के निर्देशानुसार जिला पुलिस का नशा तस्करों पर प्रहार लगातार जारी है। इसी कड़ी में कार्य करते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने एक युवक को 56 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इंचार्ज उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक नशीले पदार्थों के साथ हमीदा हेड के पास घूम रहा है। इस सूचना पर एएसआई अमित कुमार, कुलदीप, मुख्य सिपाही ललित,रविंदर, गुरनाम की टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत मौका पर पहुंचकर एक युवक को काबू किया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट डीएसपी बिलासपुर हरविंदर सिंह को बुलाया गया। जिसके सामने पकड़े गए युवक की तलाशी ली तो उसके पास से 56 ग्राम हेरोइन (स्मैक) बरामद हुई। जिसकी पहचान पुराना हमीदा निवासी नईम पुत्र सलीम के नाम से हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इंचार्ज अनिल कुमार ने कहा कि नशे को लेकर एंटी नाकोटिक टीम लगातार जनता को जागरूक करने का काम भी कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि कोई नशा बेचता है तो इसकी सूचना पुलिस को दे और उसका नाम गुप्त रखा जाएगा।

## संगठन मेरे लिए सर्वोपरि, संगठन का हर आदेश होगा सर्वमान्यः भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

अर्थ प्रकाश/लखनऊ, 14 दिसंबर। 'संगठन मेरे लिए सर्वोपरि है और संगठन का हर आदेश मेरे लिए सर्वमान्य होगा।' इस सूत्रवाक्य के साथ राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय, आशियाना में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व समारोह में नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने अपने भाव व्यक्त किए। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के नामों की आधिकारिक घोषणा भी की गई। इस अवसर पर नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश भर के देवतुल्य कार्यकर्ताओं से प्राप्त अपूर्व स्नेह से वे गदगद और अभिभूत हैं। गोमती नदी के तट पर स्थित प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सभी के स्नेह, उत्साह और आत्मीय स्वागत से स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ को भारत की राजनीति का केंद्र बिंदु भी माना जाता है। ऐसे में उत्तर प्रदेश भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का दायित्व संभालते समय वे रोमांचित, उत्साहित और गौरवान्वित हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के इस महासंगम के अवसर पर वे प्रेमपूर्ण भावना से स्वयं को जोड़ रहे हैं। यह भाव तब और प्रबल हुआ जब केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा संघ परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह महान दायित्व उन्हें सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जैसी लोकतांत्रिक पार्टी में ही यह संभव है कि मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को भी इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जाए।

**पार्टी में नहीं चलता कोई भी वाद**-पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा में परिवारवाद और जातिवाद नहीं चलता। पार्टी का नेतृत्व न किसी विशेष परिवार को मिलता है और न ही किसी खास जाति को। यहां कोई भी सक्रिय कार्यकर्ता बड़े से बड़ा दायित्व निभा सकता है। इसी कारण हम सभी को अपनी पार्टी पर गर्व है।

## न्यूज ब्रीफ

### अतिक्रमण करने पर चार, गंदगी फैलाने पर तीन दुकानदारों के काटे चालान, सामान किया जब्त

-सीएसआई अनिल नैन के नेतृत्व में निगम की टीम ने मीरा बाई बाजार में की कार्रवाई

-निगम की कार्रवाई से दुकानदारों में मचा हड़कंप



अर्थ प्रकाश/ अवतार सिंह चुग / यमुनानगर, 14 दिसम्बर। नगर निगम की टीम ने शहर के मुख्य बाजार मीरा बाई मार्केट में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान सीएसआई अनिल नैन ने अतिक्रमण करने पर नगर निगम अधिनियम 238(2) के तहत चार दुकानदारों और गंदगी फैलाने पर नगर निगम अधिनियम की धारा 309 के तहत तीन चालान किये। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर की गई। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर वार्ड एक से सात तक सीएसआई हरजीत सिंह व वार्ड आठ से 15 तक सीएसआई अनिल नैन व वार्ड 16 से 22 तक सीएसआई विनोद बेनीवाल के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ दस्ते बनाए गए हैं। कुछ दिन पहले भी निगम की टीम ने मीरा बाई बाजार से अतिक्रमण हटाया था, तब सीएसआई अनिल नैन ने दुकानदारों को दोबारा अतिक्रमण करने पर चालान करने और सामान जब्त करने की चेतावनी दी थी। देर शाम सीएसआई अनिल नैन के नेतृत्व में निगम की टीम फिर मीरा बाई मार्केट पहुंची। टीम ने वर्कशॉप रोड से मीरा बाई मार्केट में अतिक्रमण हटाना शुरू किया गया। जैसे ही निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया। निगम की कार्रवाई को देख दुकानदार स्वयं अपना सामान उठाकर अंदर रखने लगे। इस दौरान सीएसआई अनिल नैन ने अतिक्रमण करने पर एक के बाद एक चार दुकानदारों के चालान किए और सामान जब्त किया। इसके अलावा बाजार में कुछ दुकानदारों ने खुले में गंदगी फैलाई हुई थी। सीएसआई अनिल नैन ने गंदगी फैलाने पर तीन दुकानदारों के चालान किए। उन्होंने दुकानदारों को समझाया कि अतिक्रमण करने से आमजन को परेशानी होती है। सड़क पर जाम लगने से कई बार आपातकालीन सेवाएं जैसे एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड की सेवाएं प्रभावित होती हैं, इसलिए सभी दुकानदार सड़क पर सामान न रखकर दुकान के अंदर रखें। उन्होंने कहा कि मीरा बाई बाजार शहर को सबसे प्रमुख बाजार है, जहां सबसे अधिक ग्राहकों की भीड़ लगी रहती है। सड़क पर अतिक्रमण होने से लोगों को यहां से निकलने पर परेशानी होती है। आमजन को कोई दिक्कत न हो, इसलिए अभियान चलाकर मार्केट से अतिक्रमण हटाया गया। उन्होंने दुकानदारों को खुले में गंदगी न डालकर डस्टबिन में कचरा एकत्रित कर निगम के वाहन में डालने का आह्वान किया।

### ग्वालियर से भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पदाधिकारी अयोध्या में आयोजित भारतीय जैन मिलन की तृतीय केंद्रीय कार्यकारिणी सभा के लिए हुए रवाना

-अयोध्या में जैन मिलन की तृतीय बैठक केलिए रवाना हुए, युवा जैन मिलन नेमीनाथ ने स्टेशन पर किया सम्मान

-तृतीय केंद्रीय सभा अयोध्या नगरी में तथा वाराणसी यात्रा पर गए हमारे राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी गणों का किया सम्मान

अर्थ प्रकाश/ ग्वालियर । जैन समाज में अग्रणी युवा जैन मिलन नेमीनाथ ग्रेटर ग्वालियर के द्वारा अयोध्या ने आयोजित भारतीय जैन मिलन की तृतीय केंद्रीय कार्यकारिणी सभा के लिए हुए रवाना होने से पहले ग्वालियर के रेलवे स्टेशन सभी राष्ट्रीय ओर क्षेत्रीय पदाधिकारियो का दुपट्टा पहनकर सम्मान युवा जैन मिलन नेमीनाथ ग्रेटर युवा टीम के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक दो अतिवीर रवि जैन, क्षेत्रीय युवा संयोजक युवावीर पारस जैन, शाखा के सह सचिव युवावीर अमित ने किया। इंजीनियर अतिवीर प्रदीप जैन राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री भारतीय जैन मिलन की रही जिनकी प्रेरण से ये कार्य सफल रहा।

**ये पदाधिकारीगण हुये रवाना**–जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि अयोध्या में बैठक में सम्मिलित होने के लिए भारतीय जैन मिलन के अतिवीर महेन्द्र जी जैन राष्ट्रीय महामंत्री संगठन, शीला जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,अतिवीर बालचन्द जैन राष्ट्रीय संरक्षक, राजेन्द्र जी जैन राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री, अतिवीर निर्मल पाटनी राष्ट्रीय चैयरमेन फ़ाउण्डेशन, अतिवीर महेन्द्र जैन क्षेत्रीय अध्यक्ष, वीरांगना सुमन जैन , अतिवीर सुनील जी जैन गोधा ,वीरांगना सुनीता गोधा ,वीरांगना अनीता जैन,वीरांगना मधु पाटनी,वीरा गीता जैन, अतिवीर मुकेश पहाड़िया , वीरा मदुला पहाड़िया, अतिवीर विनोद जैन, वीरा सरोज जैन ,सतीश जैन अतिवीर वीरेंद्र गोयल, अतिवीर नरेश जैन वीरा मीना जैन आदि संख्या लोग रवाना हुए ।

### राम मंदिर आंदोलन में शहीद हुए लोगों का बनेगा स्मारक, सांसद संजय जायसवाल ने किया फैसले का स्वागत

अर्थ प्रकाश/ बेतिया, । अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में उस स्थान पर भी एक मंदिर बनाए जाने का निर्णय लिया गया है, जहां प्राण प्रतिष्ठा से पहले रामलला विराजमान थे। साथ ही राम मंदिर आंदोलन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में एक स्मारक भी बनाया जाएगा। बेतिया से भाजपा सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने राम मंदिर ट्रस्ट के इस अहम और ऐतिहासिक फैसले का स्वागत किया है। उनका कहना है कि यह फैसला न सिर्फ धार्मिक आस्था से जुड़ा है, बल्कि देश के इतिहास और बलिदान की परंपरा को सम्मान देने वाला भी है। डॉ. जायसवाल ने कहा कि यह फैसला करोड़ों रामभक्तों की भावनाओं से जुड़ा हुआ है। राम मंदिर आंदोलन कोई एक दिन या एक पीढ़ी की लड़ाई नहीं थी। यह संघर्ष करीब साढ़े पांच सौ वर्षों तक चला, जिसमें हजारों–लाखों लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी। उन सभी बलिदानियों का योगदान अमूल्य है और उन्हें भुलाया नहीं जा सकता। राम मंदिर ट्रस्ट का यह निर्णय कि उन बलिदानियों की स्मृति को स्थायी रूप से संजोया जाएगा, अपने आप में ऐतिहासिक है।

# ब्लाइंड मर्डर केस की गुत्थी सुलझी, पुलिस ने 6 दिन में आरोपी को किया गिरफ्तार

-आज होनी थी हत्यारे प्रेमी की शादी,

-प्रेमिका का सिर धड से किया था अलग, पहचान छुपाने के लिए

अर्थ प्रकाश /अवतार सिंह चुग

**यमुनानगर, 14 दिसम्बर।** पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर (सिर कटी हुई लाश) के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान बिलाल पुत्र फुरकान निवासी टीडोली थाना नकुड जिला सहारनपुर के रूप में हुई। आरोपी को आज कोर्ट में पेशकर 8 दिन का रिमांड मांगा जाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आज पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 7 दिसंबर को प्रतापनगर थाना क्षेत्र के गांव बहादुरगढ़ के रेवेन्यू एरिया में, मुख्य सड़क जो यहां से पोंटा साहिब की ओर जाती है, उससे लगभग 20 मीटर की दूरी पर एक युवती का शव बरामद हुआ था। शव की स्थिति अत्यंत भयावह थी। युवती का सिर धड़




से अलग था और शरीर पर सिर्फ ऊपरी अंतर्वस्त्र के अलावा कोई कपड़ा नहीं था। प्रथम दृष्टया से ही यह स्पष्ट हो गया था कि यह एक जघन्य, गंभीर और अत्यंत संवेदनशील हत्या का मामला है। उन्होंने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत प्रभाव से एक विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया गया, जिसकी अगुवाई डीएसपी रजत गुलिया कर रहे थे। इस टीम में सीआईए की दोनों टीमें, संबंधित थाना प्रभारी सहित अन्य अनुभवी अधिकारी शामिल किए गए। पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती मृतका की पहचान स्थापित करना थी। इसके लिए हरियाणा के सभी जिलों के थानों के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों–हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों से लगातार संपर्क किया गया, ताकि कहीं से भी युवती की गुमशुदगी की कोई सूचना मिल सके। व्यापक प्रयासों और प्रचार के बावजूद मृतका की पहचान स्थापित नहीं हो सकी। हालांकि, पहचान न होने के बावजूद पुलिस ने तकनीकी जांच के सभी उपलब्ध साधनों का उपयोग करते हुए मामले की गहराई से जांच जारी रखी। टीम ने दिन-रात अथक मेहनत की और शव मिलने के छह दिनों के भीतर इस ब्लाइंड मर्डर केस को सुलझा लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसकी पहचान बिलाल, पुत्र फुरकान, निवासी टिडोली गांव, थाना नकुड़, जिला सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है।

कमलदीप गोयल पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि मृतका भी सहारनपुर के पास के एक गांव की रहने वाली थी और दोनों पिछले लगभग दो वर्षों से सहारनपुर में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। आरोपी बिलाल की शादी तय हो चुकी थी और युवती उस पर शादी का दबाव बना रही थी। उसे डर था कि युवती उसके परिवार को सच्चाई बता देगी, जिससे उसकी शादी टूट सकती है। इसी डर के चलते उसने हत्या की योजना बनाई।

6 दिसंबर की रात करीब 8 बजे आरोपी युवती को सहारनपुर से कार में साथ लेकर निकला। उसने पहले पोंटा साहिब जाकर किसी कमरे की तलाश भी की, लेकिन बाद में बहादुरगढ़ के पास पहुंचकर कार में ही वारदात को अंजाम दिया। पहचान छुपाने के उद्देश्य से उसने युवती का सिर अलग किया और कपड़े उतार दिए। चूंकि युवती पिछले दो वर्षों से परिवार से अलग रह रही थी, आरोपी को यह भी आशंका कम थी कि उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होगी।

## जैन मिलन यमुनानगर द्वारा महा रक्तदान शिविर में 108 यूनिट ब्लड एकत्रित किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**यमुनानगर (जैन)।** जैन मिलन यमुनानगर के तत्वावधान में आयोजित महा रक्तदान शिविर में 108 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने बताया कि रक्तदान न केवल किसी जरूरतमंद की जान बचाने में सहायक होता है, बल्कि इससे रक्तचाप संतुलित रहता है और हृदय रोगों का जोखिम भी कम होता है। कार्डियोलॉजिस्ट की रिपोर्ट के अनुसार नियमित रक्तदान हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।

रक्तदान सभी धर्मों के लिए एक पवित्र और मानवीय कार्य है। विज्ञान आज कितनी भी उन्नति कर ले, रक्त देखकर किसी व्यक्ति का धर्म या जाति नहीं पहचानी जा सकती–रक्त केवल जीवन बचाने का माध्यम है। प्रकृति ने इस अमूल्य उपहार को मानव सेवा के लिए सुरक्षित रखा है।

जैन समाज के अष्टम तीर्थंकर 1008 श्री चंद्रप्रभु भगवान एवं तेईसवें तीर्थंकर 1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान के जन्म-तप कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर इस महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर प्रातः 10 बजे से जैन स्थानक, शास्त्री पार्क के सामने, मॉडल टाउन, ऋषभ चौक, यमुनानगर में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का आयोजन जैन मिलन जगाधरी, यमुनानगर व श्रीम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया। आयोजन समिति के अनुसार शिविर का मुख्य उद्देश्य मानव सेवा के साथ-साथ समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था।



आयोजन समिति में महेश जैन (अध्यक्ष), राकेश जैन (उपाध्यक्ष), देवेंद्र जैन (महामंत्री), दीपक जैन (कोषाध्यक्ष), संदीप जैन (संयोजक) एवं आशीष जैन प्रमुख रूप से शामिल रहे। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी समाजसेवियों एवं युवाओं से आह्वान किया कि वे समय-समय पर रक्तदान करते रहे वह इस पुण्य कार्य में समाज का सहयोग करें।

## रामलला पार्क में जन्म से ताड़का वध तक दिखेगा श्रीराम का जीवन चरित्र

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अयोध्या, 14 दिसम्बर।** रामनगरी अयोध्या की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गरिमा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक अनोखा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से प्रेरित रामलला पार्क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह पार्क भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र को जीवंत रूप से प्रदर्शित करेगा। अमृत 2.0 योजना के तहत 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर साकेत सदन के पीछे स्थित लगभग 5 एकड़ भूमि पर फैले इस पार्क का निर्माण नगर विकास विभाग द्वारा कराया जा रहा है। कुल 17.22 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस पार्क से अयोध्या को एक नया आकर्षण मिलेगा, जो धार्मिक पर्यटकों के लिए विशेष महत्व रखेगा। रामलला पार्क न केवल एक मनोरंजन स्थल होगा, बल्कि यह श्रीराम की जीवन गाथा को चार जोनों में विभाजित कर दर्शकों के सामने प्रस्तुत करेगा।

**हर वर्ग को आकर्षित करेगा रामलला पार्क**

कार्यदायी संस्था सीएनडीएस के परियोजना प्रबंधक देवव्रत पवार के अनुसार, पार्क में प्रवेश द्वार से लेकर पार्किंग तक सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसमें वाच टावर, टिकट काउंटर, स्क्रीन वॉल और शौचालय जैसी व्यवस्थाएं भी शामिल हैं। पार्क को चार मुख्य जोनों में बांटा गया है। जोन प्रथम में भगवान श्रीराम के जन्म का दृश्य, जोन द्वितीय में उनकी बाल अवस्था के दृश्य, जोन तृतीय में गुरुकुल जीवन और जोन चतुर्थ में ताड़का वध की कथा को मूर्त रूप दिया जाएगा। इन दृश्यों को स्टैच्यू और अन्य कलात्मक तरीकों से सजाया जाएगा, जो आगंतुकों को रामायण की इन महत्वपूर्ण घटनाओं का प्रत्यक्ष अनुभव कराएंगे। पार्क की अन्य सुविधाओं की बात करें तो यहां ओपन एयर थियेटर, म्यूजिकल फाउंटेन, भव्य स्टैच्यू, बच्चों के लिए प्ले एरिया और ओपन जिम की व्यवस्था होगी। इसके अलावा रोड, वाटर बॉडी और हरित क्षेत्र भी विकसित किए जाएंगे। ये सभी विशेषताएं पार्क को परिवारों, बच्चों और युवाओं के लिए आकर्षक बनाएंगी। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य चल रहा हैं।

**रोजाना एक लाख के करीब श्रद्धालु कर रहे दर्शन**

रामलला के भव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। रोजाना करीब एक लाख दर्शनार्थी रामलला के दर्शन कर रहे हैं। ऐसे में रामलला पार्क जैसे नए केंद्र अयोध्या को विश्व स्तरीय धार्मिक पर्यटन स्थल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# नामों की घोषणा वाली कॉपी : भाजपा की कार्यप्रणाली देख दुनिया है हैरान : पीयूष गोयल

केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने की भारतीय जनता पार्टी उ.प्र के संगठन पर्व समारोह में प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय परिषद सदस्यों की आधिकारिक घोषणा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

लखनऊ, 14 दिसंबरः विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के हम सदस्य हैं। दुनिया हैरान है कि जितने व्यवस्थित व लोकतांत्रिक तरीके से मेंबर बनाने व राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने का काम आपसी समन्वय से होता है जो कि अकल्पनीय है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने यह बातें राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय, आशियाना में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व समारोह में नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के आधिकारिक घोषणा कार्यक्रम में कहीं।

**पार्टी कार्यकर्ताओं को दिया श्रेय**

पीयूष गोयल ने कहा कि 1.62 लाख बूथों में चुनाव होता है और सर्वसम्मति से घोषणा होने जा रही है, इसका श्रेय पार्टी कार्यकर्ताओं को जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे नेताओं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा अटल बिहारी बाजपेयी ने जिस प्रकार से पार्टी को आगे बढ़ाया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मार्गदर्शन में पार्टी का लगातार विस्तार हो रहा है, उसी के बलबूते हम आज इतनी बड़ी संख्या में यहां इकट्ठा हुए हैं।

**नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा की**

उन्होंने कहा कि संगठन पर्व के इस अवसर पर मुझे बड़ी प्रसन्नता हो रही है कि यह घोषित करते हुए कि सर्व सम्मति से पंकज चौधरी भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुए हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि कुल 120 राष्ट्रीय परिषद सदस्यों का जिक्र करते हुए कुछ प्रमुख नाम गिनाए। उन्होंने नवनिर्वाचित पार्टी प्रदेश अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों को शुभकामनाएं दीं।

### प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी समेत यह है राष्ट्रीय परिषद में शामिल...

- राष्ट्रीय परिषद में 120 सदस्य निर्वाचित हुए हैं। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी राष्ट्रीय परिषद के सदस्य के तौर पर सम्मिलित हैं।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से सदस्य बने।
- इसके अतिरिक्त रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज तथा उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक उन्नाव से शामिल हुए हैं।
- भूपेंद्र सिंह चौधरी संभल, स्मृति ईरानी सुल्तानपुर, डॉ महेंद्र नाथ पांडेय वाराणसी, सूर्य प्रताप शाही सलेमपुर, स्वतंत्र देव सिंह बांदा व डॉ. रमापति राम त्रिपाठी गोरखपुर से राष्ट्रीय परिषद के सदस्य बने।